संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 19 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 106 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 1 मई से सैटेलाइट आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम शुरू नहीं होगा




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि 1 मई से सैटेलाइट आधारित टोल कलेक्शन के राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन के संबंध में मंत्रालय या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। दरअसल, मीडिया के कुछ वर्गों में इस आशय का समाचार प्रसारित किया गया कि 1 मई 2025 से सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम शुरू किया जाएगा और यह मौजूदा फास्टैग आधारित टोल संग्रह प्रणाली की जगह लेगा, जिसके बाद सरकार की ओर से यह स्पष्टीकरण जारी किया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का कहना है कि टोल प्लाजा के माध्यम से वाहनों की निर्बाध, बाधा रहित आवाजाही को सक्षम करने और यात्रा के समय को कम करने के लिए एएनपीआर-फास्टैग आधारित बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम को चुनिंदा टोल प्लाजा पर लागू किया जाएगा। उन्नत टोलिंग प्रणाली में स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) तकनीक शामिल होगी, जो वाहनों की नंबर प्लेट पढ़कर उनकी पहचान करेगी।

## बांग्लादेश को भारत की चेतावनी, भारत के मसलों में दखल न दे

**फटकार लगाई**

▸▸ भारत के मसलों में दखल न दे; अपने यहां अल्पसंख्यकों की रक्षा पर फोकस करे, अपराधी खुले घूम रहे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के बाद से बवाल मचा है। इस बीच हिंसा को लेकर बांग्लादेश की टिप्पणी पर भारत ने कड़ी फटकार लगाई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश की यूनुस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उसे पहले अपने गिराबान में झांकना चाहिए, फिर हमें कोई ज्ञान देना चाहिए।

**भारत ने लगाई फटकारः** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम पश्चिम बंगाल में हुई घटनाओं के संबंध में बांग्लादेश की ओर से की गई



टिप्पणियों को अस्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि यह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर भारत की चिंताओं के साथ समानता स्थापित करने का एक छिपा हुआ और कपटपूर्ण प्रयास है। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि बांग्लादेश में ऐसे कृत्यों के अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। अनुचित टिप्पणियां करने के बजाय, बांग्लादेश को अपने अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**बांग्लादेश में हिंदुओं को बनाया जा रहा निशाना**

पिछले साल अगस्त में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शन के कारण अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के ढाका से भाग जाने के बाद भारत-बांग्लादेश संबंधों में भारी गिरावट आई है। वहां अल्पसंख्यक खासकर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है।

**अपने अल्पसंख्यकों पर ध्यान दे बांग्लादेशः** जायसवाल ने कहा, कुछ भी गलत टिप्पणी करने से पहले बांग्लादेश को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को अपने अल्पसंख्यकों पर ध्यान देना चाहिए।

- 2047 तक 100 गीगावट होगा परमाणु ऊर्जा क्षमता
- परमाणु दायित्व कानूनों को आसान बनाने की है योजना

## परमाणु क्षमता बढ़ाने की तैयारी में भारत, कानूनों को आसान बनाएंगे

**जुर्माने की सीमा**

▸▸ भारत उपकरण आपूर्तिकर्ताओं पर परमाणु दुर्घटना से संबंधित जुर्माने की सीमा भी तय करेगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारत विदेशी खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए परमाणु दायित्व कानूनों को आसान बनाने की योजना पर काम कर रहा है। सूत्रों के अनुसार भारत उपकरण आपूर्तिकर्ताओं पर परमाणु दुर्घटना से संबंधित जुर्माने की सीमा भी तय करेगा।

**अमेरिका से बढ़ेगा व्यापार**

तीन सरकारी सूत्रों ने बताया कि भारत अपने परमाणु दायित्व कानूनों को आसान बनाने की योजना बना रहा है ताकि उपकरण आपूर्तिकर्ताओं पर दुर्घटना से संबंधित जुर्माने की सीमा तय की जा सके। यह कदम मुख्य रूप से उन अमेरिकी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए उठाया जा रहा है जो असीमित जोखिम के कारण पीछे हट रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का यह प्रस्ताव 2047 तक परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 12 गुना बढ़ाकर 100 गीगावाट करने के साथ-साथ अमेरिका के साथ व्यापार और टैरिफ वार्ता में भारत को बढ़ावा देने के लिए नवीनतम कदम है।

**भारत-अमेरिका का कैसे बढ़ेगा व्यापार?**

भारत को उम्मीद है कि इन बदलावों से जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी और वेस्टिंगहाउस इलेक्ट्रिक कंपनी जैसी अमेरिकी कंपनियों की चिंताएं कम होंगी, जो दुर्घटनाओं के मामले में असीमित जोखिम के कारण आगे नहीं आ रही है। विश्लेषकों का कहना है कि संशोधित कानून का पारित होना इस साल भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के लिए बातचीत के लिए महत्वपूर्ण है, जिसका उद्देश्य पिछले साल के 191 बिलियन डॉलर से 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक बढ़ाना है। सूत्रों के अनुसार, मोदी सरकार को जुलाई में शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में संशोधनों को मंजूरी मिलने का भरोसा है।

प्रस्तावित संशोधनों के तहत, दुर्घटना की स्थिति में आपूर्तिकर्ता से मुआवजा पाने का ऑपरेटर का अधिकार अनुबंध के मूल्य तक सीमित होगा।

फिलहाल, कानून में यह परिभाषित नहीं किया गया है कि ऑपरेटर आपूर्तिकताओं से कितना मुआवजा मांग सकता है और वह अवधि क्या होगी जिसके लिए विक्रेता को जवाबदेह ठहराया जा सकता है।

**भारत को परमाणु ऊर्जा की है जरूरत**

*सूत्रों ने बताया कि परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा तैयार किए गए मसौदा कानून में 2010 के असैन्य परमाणु दायित्व क्षति अधिनियम के एक महत्वपूर्ण खंड को हटा दिया गया है, जो दुर्घटनाओं के लिए आपूर्तिकर्ताओं को असीमित उत्तरदायित्व के दायरे में लाता है। डेलॉइट साउथ एशिया के मुख्य विकास अधिकारी देबाशीष मिश्रा ने कहा, "भारत को परमाणु ऊर्जा की जरूरत है, जो स्वच्छ और आवश्यक है। दायित्व सीमा परमाणु रिएक्टरों के आपूर्तिकर्ताओं की बड़ी चिंता को दूर करेगी।"*

## सुप्रीम कोर्ट को 'सुपर संसद' कहने पर छिड़ी बहस

- भारत में राष्ट्रपति नाममात्र का मुखियाः सिब्बल, इंदिरा को अयोग्य ठहराने का जज का फैसला उपराष्ट्रपति को मंजूर था, अब जजों पर सवाल उठा रहे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 17 अप्रैल को एक बयान दिया- जज राष्ट्रपति को सलाह न दें। शुक्रवार को राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने उनके इस बयान पर आपत्ति जताई। सिब्बल ने कहा, 'भारत में राष्ट्रपति नाममात्र का मुखिया है। राष्ट्रपति-राज्यपाल को सरकारों की सलाह पर काम करना होता है। मैं उपराष्ट्रपति की बात सुनकर हैरान हूं, दुखी भी हूं। उन्हें किसी पार्टी की तरफदारी करने वाली बात नहीं करनी चाहिए।' सिब्बल ने 24 जून 1975 को सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का जिक्र करते हुए कहा-

**बयान पर ऐतराज**

▸▸ 'भारत में राष्ट्रपति नाममात्र का मुखिया है। राष्ट्रपति-राज्यपाल को सरकारों की सलाह पर काम करना होता है



'लोगों को याद होगा जब इंदिरा गांधी के चुनाव को लेकर फैसला आया था, तब केवल एक जज, जस्टिस कृष्ण अय्यर ने फैसला सुनाया था। उस वक्त इंदिरा को सांसदी गवानी पड़ी थी। तब धनखड़ को यह मंजूर था। लेकिन अब सरकार के खिलाफ दो जजों की बेंच के फैसले पर सवाल उठाए जा रहे हैं।'

**सिब्बल बोले- देश को न्यायपालिका पर भरोसा**

सिब्बल ने कहा- आज के समय में अगर किसी संस्था पर पूरे देश में भरोसा किया जाता है, तो वह न्यायपालिका है। सुप्रीम कोर्ट को अनुच्छेद 142 की ताकत संविधान से मिली है।

ऐसे में अगर किसी को कोई परेशानी है तो वो अपने अधिकार का प्रयोग कर रिव्यू डाल सकते हैं। वे अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट से सलाह भी मांग सकते हैं।

**उपराष्ट्रपति धनखड़ ने पूछा- जज के घर नोटों का बंडल मिला, एफआईआर क्यों नहीं हुई**

**राज्यसभा** के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने 17 अप्रैल को कहा था कि हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यकारी कार्य करेंगे, जो सुपर संसद के रूप में भी कार्य करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है। लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम होती है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है। जस्टिस वर्मा के घर अधजली नकदी मिलने के मामले में अब तक एफआईआर क्यों नहीं हुई? क्या कुछ लोग कानून से ऊपर हैं। इस केस की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तीन जजों की इन-हाउस कमेटी बनाई है। इसका कोई संवैधानिक आधार नहीं है। कमेटी सिर्फ सिफारिश दे सकती है, लेकिन कार्रवाई का अधिकार संसद के पास है। अगर ये मामला किसी आम आदमी के घर होता, तो अब तक पुलिस और जांच एजेंसियां सक्रिय हो चुकी होतीं। न्यायपालिका हमेशा सम्मान की प्रतीक रही है, लेकिन इस मामले में देरी से लोग असमंजस में हैं।

## सुकमा में 22 नक्सलियों ने डाले हथियार

**सफलता**


▸▸ 16 लाख की इनामी नक्सली दंपत्ति भी शामिल, पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ आत्मसमर्पण



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। सुकमा में एक्टिव 22 नक्सलियों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। इनमें से कई नक्सलियों के सिर पर लाखों के इनाम थे। इस लिस्ट में 16 लाख की इनामी नक्सली दंपत्ति का नाम भी शामिल है। 22 नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सुकमा प्रशासन से सामने आत्म समर्पण किया है। इस दौरान एसपी किरण चव्हाण, साआरपीएफ डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित समेत कई अधिकारी मौजूद थे। नक्सलियों के सरेंडर का वीडियो साझा किया है। आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों में 9 लड़कियां और 13 लड़के शामिल हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुकमा में ऑपरेशन चलाया गया था। इस ऑपरेशन में सुकमा के अलावा जगदलपुर के डीआईजी ऑफिस समेत कई सीआरपीएफ बटालियनों ने हिस्सा लिया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट को लगाई फटकार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** **सुप्रीम** कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट को करारी फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने हाई कोर्ट के फैसले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आपने अपना नया कानून बना लिया है। हमें यह देखकर हैरानी हुई है। आपके बनाए गए इस नए कानून का कोई कानूनी आधार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की पीठ ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस फैसले पर सुनवाई की है, जिसमें हाई कोर्ट ने एक शख्स को जमानत देने से इनकार कर दिया था। हाई कोर्ट का कहना था है कि आधी सजा पूरी किए बिना जमानत नहीं मिल सकती है। सुप्रीम कोर्ट के जज अभय ओका और जस्टिस उज्जवल भुयान ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट को सवालों के कठघरे में खड़ा किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब हाई कोर्ट में अपील सुनवाई के लंबित हो और जल्दी सुनवाई के कोई आसार नहीं दिख रहे हो, तो सजा पाए व्यक्ति को जमानत दी जा सकती है।

**क्या था हाईकोर्ट का फैसला?**

**बता** दें कि मध्य प्रदेश में आरोपी शख्स की जेब से संदिग्ध नोट बरादम हुए थे, जिसके कारण आरोपी जेल में बंद था। आरोपी ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि आरोपी ने अपने गुनाहों पर कोई सफाई नहीं दी है, इसलिए उसे जमानत नहीं दी जा सकती। आरोपी की जमानत याचिका खारिज की जा चुकी थी, लेकिन 2 महीने में उसने फिर से जमानत की अर्जी डाल दी।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों की कार्रवाई, दो उग्रवादी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफाल।** मणिपुर के विभिन्न हिस्सों में तलाश अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने एक प्रतिबंधित संगठन के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और 11 हथियार तथा 10 आइईडी जब्त किए।

इस गिरफ्तारी की जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के दो उग्रवादियों को गुरुवार को थौबल जिले के वांगजिंग खाबाखोंग इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उनके कब्जे से दो हथगोले जब्त किए गए। सुरक्षा बलों ने तेगनौपाल, इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों में तलाश अभियान के दौरान 11 हथियार और कई आईईडी जब्त किए।

## ब्रिटेन को डिफेंस कॉरिडोर में निवेश करने का न्योता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने दो दिवसीय लंदनयात्रा के दौरान वार्ताओं के माध्यम से ब्रिटेन के साथ क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्तर पर उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने रक्षा संबंधों को पहले से सशक्त बनाने के लिए साझा प्रतिबद्धता जताई। यात्रा के दौरान उन्होंने ब्रिटेन के साथ वार्षिक द्विपक्षीय रक्षा वार्ता के लिए उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। रक्षा सचिव 16-17 अप्रैल तक लंदन की दो दिवसीय



यात्रा पर थे। रक्षा सचिव ने लंदन में रक्षा मामलों के स्थायी उपसचिव डेविड विलियम्स के साथ भारत-ब्रिटेन रक्षा परामर्श समूह की 24वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की। वार्ता के माध्यम से दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय व वैश्विक स्तर पर उभरते भू-

**वैश्विक स्तर**

▸▸ वार्ताओं के माध्यम से ब्रिटेन के साथ क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्तर पर उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की

राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा की और रक्षा संबंधों को पहले से सशक्त बनाने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने ब्रिटेन की कंपनियों को उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में भारत के विशेष रक्षा गलियारों में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया।

भारतीय रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल के साथ भी विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसमें तीनों सेनाओं के बीच सैन्य संबंधों को आगे बढ़ाने और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहभागिता को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। राजेश कुमार सिंह ने यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल की ओर से आयोजित भारत-ब्रिटेन रक्षा उद्योग गोलमेज सम्मेलन में प्रतिभागियों को भी संबोधित किया।

## दाऊदी बोहरा समुदाय ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

**वार्ता**

▸▸ दाऊदी बोहरा समुदाय की राष्ट्रपति से मुलाकात की तस्वीर जारी करते हुए यह जानकारी दी गई



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** शहजादा हुसैन बुरहानुद्दीन के नेतृत्व में दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्यों ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दाऊदी बोहरा समुदाय की राष्ट्रपति से मुलाकात की तस्वीर जारी करते हुए यह जानकारी दी गई है।

उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लोक कल्याण मार्ग स्थित उनके आवास पर मुलाकात की थी। उन्होंने वक्फ संशोधन अधिनियम लाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि यह लंबे समय से लंबित मांग थी। प्रधानमंत्री ने वक्फ के कारण लोगों को होने वाली कठिनाइयों के बारे में बात की और कहा कि इस अधिनियम को लाने के पीछे एक प्रमुख कारण यह था कि प्रचलित व्यवस्था से पीड़ित अधिकांश महिलाएं, विशेष रूप से विधवाएं थीं।

**सहयोग** टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर हुई चर्चा, दो महीने में पीएम मोदी और मस्क की दूसरी बातचीत

## टैरिफ वॉर के बीच पीएम मोदी ने एलन मस्क से की बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 अप्रैल को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क से फिर बात की। यह इस साल की दूसरी बातचीत है। दोनों ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

पीएम ने कहा, मैंने एलन मस्क से बात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस बातचीत में इस साल की शुरूआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषय भी शामिल थे।

भारत अमेरिका के साथ...



पीएम ने आगे कहा-हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि इससे पहले पीएम मोदी और मस्क के बीच फरवरी में मुलाकात हुई थी। दो महीने के भीतर ये पीएम मोदी और एलन मस्क की ये दूसरी बातचीत है। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिका और भारत के बीच टैरिफ युद्द छिड़ा हुआ है। पिछले दिनों ट्रंप ने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाया था।

**चर्चा**

▸▸ पीएम मोदी ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की है

**भारत आ रहे अमेरिकी उपराष्ट्रपति**

इस बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा अगले हफ्ते के शुरू में भारत की यात्रा पर आएंगे और इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता करेंगे। यह यात्रा ट्रंप प्रशासन के शुल्क विवाद के कारण बढ़ते वैश्विक व्यापार व्यवधानों के बीच होगी। वेंस के कार्यालय ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति 18 से 24 अप्रैल तक इटली और भारत की यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसावल ने व्यापार और टैरिफ से जुड़े मुद्दों को लेकर बताया कि वेंस के साथ चर्चा के दौरान इनका समाधान निकाला जाएगा।

# गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आचार्य देवव्रत, राज्यपाल गुजरात ने नवप्रविष्ट ब्रह्मचारियों को किया सम्बोधित

**विकास**

**हर विद्यार्थी के माता-पिता का सपना होता है कि उनके बच्चे का शिक्षा के साथ-साथ चहुँमुखी विकास हो पाया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में पढ़ने वाले हर विद्यार्थी के माता-पिता का सपना होता है कि उनके बच्चे का शिक्षा के साथ-साथ चहुँमुखी विकास हो। वह जीवन के हर क्षेत्र में उन्नति करे। यह सब उद्देश्य गुरुकुल कुरुक्षेत्र में पूरे होते हैं। उक्त शब्द आज आचार्य श्री देवव्रत राज्यपाल गुजरात ने गुरुकुल में पढ़ने वाले सभी ब्रह्मचारियों के लिए कहे। उन्होंने कहा कि इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं। एक कमजोर सोच वाले होते हैं। वह जीवन में कभी तरक्की नहीं कर पाते और एक मजबूत सोच के व्यक्ति होते हैं जो जीवन के हर क्षेत्र अपना लक्ष्य प्राप्त कर तरक्की की ओर अग्रसर रहते हैं। गुरुकुल कुरुक्षेत्र में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के लिए भी पर्याप्त समय दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी को अपने जीवन में महान बनना है तो उसे मेहनत के साथ विद्या ग्रहण करनी चाहिए और यदि उसे सुख की कामना रहेगी तो वह कभी भी विद्या ग्रहण नहीं कर पाएगा न ही जीवन में उन्नति कर पाएगा।

वर्तमान में गुरुकुल कुरुक्षेत्र में पढ़ने वाले विद्यार्थी एन.डी.ए., नीट व आई.आई.टी में प्रवेश पाकर अपने माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यार्थी की आज की तपस्या उसके सारे जीवन की सुख का साधन है। जीवन में वह विद्या के साथ-साथ अच्छे संस्कार पाकर महान व्यक्ति बनता है। विद्यार्थी को अपने जीवन में सदैव सच का आचरण करना चाहिए चोरी न चाहिए। इससे सदैव विद्यार्थी का आत्मबल बढ़ता है। अन्त में आचार्य श्री देवव्रत जी ने गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त करने वाले सभी पुराने व नव प्रविष्ट विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया।

# छात्र लविश को उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**कुरुक्षेत्र :** किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3 के सात प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र द्वारा विश्व विरासत दिवस (वर्ल्ड हैरिटेज डे) के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर का उद्देश्य बच्चों को वैश्विक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण व महत्व के प्रति जागरूक करना था ।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मन्नत, विहानी, लविश, नव्या, सम्भव,जीना, प्रभगुन चित्रकला, और विचार प्रस्तुति गतिविधियों में भाग लिया। कक्षा सात के छात्र लविश ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए सांत्वना पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम के लिए शिक्षिका मेघा बठला और ड्राइंग अध्यापिका मंदीप कौर द्वारा विशेष मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिनकी मेहनत बच्चों की सफलता में स्पष्ट रूप से नजर आई। विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री परमिंदर सिंह बाठ ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा, "इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेकर छात्र न केवल अपनी रचनात्मक क्षमताओं का विकास करते हैं।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 03**
**निविदा संख्या 10255033A खुलने की तिथि 28.04.2025**
उपरोक्त संदर्भित निविदा के खंड 9 सामान्य निर्देश और खंड 10 अन्य निर्देश संशोधित किए गए हैं। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।
**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह द्वितीय शुद्धिपत्र है।
दिनांक: 16.04.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1152/25

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 02**
**निविदा संख्या 10255030A खुलने की तिथि 28.04.2025**
उपरोक्त संदर्भित निविदा के आइटम विवरण, खंड 9 सामान्य निर्देश, खंड 10 अन्य निर्देश और भाग (डी) में दस्तावेज़ (कंबल कवर ड्राइंग) को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।
**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह द्वितीय शुद्धिपत्र है।
दिनांक: 16.04.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1150/25

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 04**
**निविदा संख्या 10255028A खुलने की तिथि 28.04.2025**
उपरोक्त संदर्भित निविदा के खंड 9 सामान्य निर्देश और खंड 10 अन्य निर्देश संशोधित किए गए हैं। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।
**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह द्वितीय शुद्धिपत्र है।
दिनांक: 16.04.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1147/25

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

**टेंडर नोटिस सं. 05/2025-2026** **दिनांक 17.04.2025**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09252541 | क्रॉस बार | 3192 नग | 12.05.25 |
| 02 | 15245237A | डीजल जनरेटिंग सेट 750 केविए | 01 नग | 13.05.25 |
| 03 | 02255022 | सप्लाई एंड इंस्टालेशन ऑफ एयरोसोल फायर | 578 सेट | 13.05.25 |
| 04 | 19250344 | आई ओ एच रिप्लेसमेंट किट | 69 सेट | 13.05.25 |
| 05 | 02255021 | स्ट्रिपिंग ऑफ स्विच बोर्ड | 300 नग | 19.05.25 |
| 06 | 07241553 | पैकिंग रिंग–26 एम एम थिक | 26470 नग | 19.05.25 |
| 07 | 07240085B | वाटर टैंक असेंबली | 230 नग | 20.05.25 |
| 08 | 15245006A | कम्पलीट पेंटिंग सिस्टम | 01 नग | 03.06.25 |

**निविदा शर्तें**–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
1145/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# केएस कान्वेंट स्कूल में डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन, छात्रों को किया सजग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**चेकअप**

**विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह के अंतर्गत केएस कान्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों का डेंटल चेकअप किया गया**



**कुरुक्षेत्र:** विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह के अंतर्गत केएस कान्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों का डेंटल चेकअप किया गया। एलएनजेपी अस्पताल के वरिष्ठ दंत चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों के दांतों की जांच की। इस दौरान कक्षा तीसरी से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य मौखिक स्वास्थ्य के प्रति विद्यार्थियों को सजग करना था। इसके साथ ही मुंह की सफाई और हर रोज सुबह-सायं दांतों की सफाई के प्रति भी जागरूक किया गया। प्रतियोगिता में अनन्या, परी, जसकीरत, यक्षित, यक्षराज, हरनूर, दक्ष और कीर्ति विजेता घोषित हुए और दंत चिकित्सकों की तरफ से पुरस्कार वितरित किए गए। स्कूल प्रिंसिपल राधा गुप्ता, एजुकेशन कन्सलटेंट चेष्टा सलूजा और अध्यापिका सीमा शर्मा ने दंत चिकित्सकों की टीम का स्वागत किया। वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. विनीश मदान, दंत चिकित्सक डॉ. जाग्रति, डॉ. ममता, डेंटल हाइजीनिस्ट डॉ. शताब्दी ने बच्चों को समझाया कि दांत हमारे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। अगर हमारे दांत ही ठीक नहीं होंगे तो उससे हमारे स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. विनीश मदान ने कहा कि आहार संबंधी आदतों और किसी भी आवश्यक उपचार को बेहतर बनाने में हमें दंत चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए और समय आने पर उसका उपचार भी करवाना चाहिए ।इसलिए हमारे लिए दांतों की सफाई करना बहुत आवश्यक है। डॉक्टर की टीम ने सभी बच्चों को निशुल्क टूथपेस्ट व टूथब्रश भी वितरित किए।

स्कूल अध्यक्ष गुरिंदर सिंह घई और प्रिंसिपल राधा गुप्ता ने सभी बच्चों को अपने दांतों की सफाई के प्रति सचेत होने की सलाह देते हुए कहा कि हमें समय -समय पर चैकअप करवाते रहना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल अध्यापिका सुमन, रुचिका, सीमा, मनविंदर, भारती, सुलेखा, लीना, अवनी, निशा, सोनाली, रेनू, चंचल, नेहा शर्मा, पूजा, नेहा रानी, अंजू, रिचा, मिनाशी ने भी अपना चैकअप कराया।

# कैंटर में लगी आग, चालक व परिचालक ने कूदकर बचाई जान

**टीम एक्शन इंडिया**

**हादसा**

**दल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बीती रात लोहे के स्क्रैप से भरे कैंटर में आग लग गई**

**फरीदाबाद।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बीती रात लोहे के स्क्रैप से भरे कैंटर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कैंटर में पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की घटना गुरुवार देर शाम की बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कैंटर के अगले टायर से जैसे ही आग की शुरूआत हुई। ड्राइवर और उसके साथी ने तुरंत कैंटर को रोककर बाहर कूद गए। दोनों ने मौके पर आग को बुझाने की कोशिश भी की, लेकिन कुछ ही देर में आग इतनी फैल गई कि आग को बुझाना मुश्किल हो गया। जानकारी के मुताबिक कैंटर में लोहे का स्क्रैप भरा हुआ था।

आईएमटी फरीदाबाद से लोहे का स्क्रैप लेकर कैंटर बल्लभगढ़ की तरफ जा रहा था।

लेकिन जैसे ही कैंटर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर जैसे ही कैंटर बल्लभगढ़ कट से आगे बढ़ा वैसे ही कैंटर के अगले टायर से चिंगारी निकली और कैंटर में आग लग गई। कैंटर में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर फायर बिग्रेड विभाग को सूचना दी। जिसके बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आकर आग पर काबू पाया।

# कंडम हालत पहुंच चुकी है आठ जीवन वाहिनी, नई गाड़ियों के इंतजार में विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंतजार जारी**

**करीब तीन माह से गाड़ियों में रिपेयरिंग खर्च ज्यादा बढ़ता जा रहा है। कई गाड़ियां के सड़कों पर पहिए दो लाख से ज्यादा दौड़ लगा चुके है**

**सोनीपत: जिले** के नागरिकों को बेहतर चिकित्सक सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए विभाग की तरफ से जीवन वाहिनी (एम्बुलेंस) का बेड़े दिया हुआ है। बेड़े में गर्भवती महिलाओं, आपातकालीन स्थिति में मरीज को पीजीआई व बड़े सरकारी अस्पतालों में लेकर जाने के लिए मरीजों को एंबुलेंस मुहैया करवाई जाती है। उक्त गाड़ियों की हालत काफी दिनों से कड़म हालत में पहुंच चुकी है। गाड़ियां अपनी तय सीमा के करीब दौड़ लगा चुकी है। साथ ही गाड़ियों का समय भी पूरा होने वाला है। गाड़ियों ज्यादा पुरानी होने के चलते उन पर रिपेयरिंग का खर्च ज्यादा आने लगा है। जिसके चलते समय पर मरीजों तक गाड़ियों की सर्विस नहीं मिल पाती है। विभाग की तरफ से कड़म होने वाली गाड़ियों को की जानकारी भेजी है। बता दें कि जिला स्वास्थ्य विभाग के पास जीवनवाहिनी एंबुलेंस बेड़े में हाल में कुल 30 गाड़ियां है। जिनमें एएलएस एडवांस लाइफ सपोर्ट, बीएलएस, किलकारी सहित अन्य गाड़ियां शामिल है। जिन्हें लोगों की सुविधा के लिए उपलब्ध करवाने का काम किया जाता है। नियम के अनुसार गाड़ियों को पांच साल व तीन लाख से ज्यादा गाड़ियों को नहीं चलाया जा सकता। वहीं करीब तीन माह से गाड़ियों में रिपेयरिंग खर्च ज्यादा बढ़ता जा रहा है। कई गाड़ियां के सड़कों पर पहिए दो लाख से ज्यादा दौड़ लगा चुके है। साथ ही उनकी तय सीमा भी समाप्ति की तरफ जा चुकी है। गाड़ियों में होने वाला खर्च ज्यादा बढ़ता जा रहा है। जिला स्तर पर गाड़ियों की रिपेयरिंग करवाने के लिए दस हजार रुपये है। उसके ऊपर आने वाले खर्च को लेकर उच्च अधिकारियों से परमिशन लेनी होती है। उक्त प्रक्रिया में समय लगने के कारण गाड़ियां सर्विस स्टेशन पर खड़ी रहती है।

**उप निदेशक (आरटीएस) ने किया था दौरा, रिपोर्ट की थी तैयार:** गाड़ियों में होने वाले खर्च व समय पर लोगों को एंबुलेंस की सुविधा न मिलने के चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता था। गाड़ियां समय पर ठीक न होने की शिकायत उच्च अधिकारियों के पास पहुंची। उसके बाद आरटीएस के उप निदेशक डा. यादवेंद्र सिंह अस्पताल में पहुंचे थे। उन्होंने गाड़ियों में आ रही खामियां व सुविधाओं का जायजा लिया था। उन्होंने गाड़ी जांच करने के साथ उसके कागजात जांचे।

**दान में दी गाड़ी फांक रही धूल, अपने नाम नहीं करवा पा रहे गाड़ी–** आमजन को आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस की सुविधा मिल सके उसके लिए निजी कंपनियों व सोसाइटी की तरफ से गाड़ी दान दी गई थी। जोकि गत नवंबर माह में जिला उपायुक्त को गाड़ी को सौंपा गया था। स्वास्थ्य विभाग में पहुंचने के बाद कई माह से गाड़ी परिसर में खड़ी धुल फांक रही है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से अब तक गाड़ी को जिला स्वास्थ्य अधिकारी के नाम नहीं करवा पाने की बात सामने आई।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अन्नू उर्फ हजिवल्ला, पुत्र सकीरवल्ला निवासी झुग्गी नंबर 50, फैज रोड, झंडेवालान, पहाड़गंज, नई दिल्ली,** इसके अलावा **झुग्गी नंबर 350, फैज रोड, झंडेवालान, दिल्ली** ने **E-FIR No. 335/2022 U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना ख्याला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अन्नू उर्फ हजिवल्ला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अन्नू उर्फ हजिवल्ला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 335/2022 U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना ख्याला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अन्नू उर्फ हजिवल्ला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री सुकृति सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी– 04 (पश्चिम)
कमरा नं. 268
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/4871/WD/2025(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजू, पुत्रः भागीरथ, पता: मकान संख्या 254, डी–ब्लॉक, शकूरपुर, दिल्ली, और मकान संख्या 119, सरीला गाँव, हटवार मोहल्ला, थाना जरिया, जिला हमीरपुर, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 403/2015, U/s: 149/307/34 IPC, पुलिस थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजू** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **राजू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन** के अभियुक्त **राजू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.05.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री वीरेंद्र कुमार खरटा,
एएसजे (एफटीसी)–02, मध्य जिला, कमरा नंबर 266
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/4843/RLY/2025

## अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** क्राइम यूनिट वेस्ट ने अवैध हथियार सहित दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पुलकित उर्फ बंटी निवासी साइपुरम कॉलोनी, संदीप निवासी राठधाना का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मुख्य सिपाही मंदीप की टीम ने गश्त के दौरान खरखौदा सोनीपत रोड पर रोहट के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता हुआ मिला। टीम ने आरोपित को काबू कर लिया।

# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।२

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मै जो कि शेखरचन्द पुत्र रामपत निवासी गांव अगवानपुर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का निवासी हूं मैं हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका अमित व उसकी पली भारती मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है । मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# मॉनसून से पहले उच्चस्तरीय बैठक, निर्देश जारी

## जलभराव मुक्त दिल्ली को लेकर दिए सख्त निर्देश, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और लोक

**बैठक की**

▶▶ डार्क स्पॉट्स जैसी समस्याओं से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ एक उच्चस्तरीय समन्वय बैठक की





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने मॉनसून से पहले जलभराव, ट्रैफिक जाम और डार्क स्पॉट्स जैसी समस्याओं से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय समन्वय बैठक की। इस बैठक में दिल्ली पुलिस, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली नगर पालिका परिषद दिल्ली नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग सहित तमाम प्रमुख एजेंसियों ने भाग लिया। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से दिल्ली के प्रमुख जलभराव प्रभावित क्षेत्रों (मिंटो ब्रिज, चालक ब्रिज और आईटीओ) का दौरा किया और मौके पर जाकर तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि हर जरूरी काम समय पर पूरा किया जाए ताकि इस मॉनसून में किसी भी स्थान पर जलभराव की समस्या न देखने को मिले।

**बैठक में किए गए मुख्य निर्णय**
**जलभराव पर सख्त नजर :** 2023 में दिल्ली पुलिस ने 308 जलभराव वाले स्थानों की पहचान की थी, जो 2024 में घटकर 194 रह गई। इनमें से अधिकतर स्थान पीडब्ल्यूडी के अधीन हैं। नालों से गाद निकालने का काम तेजी से हो रहा है। जरूरत वाले स्थानों पर पंप स्टेशन लगाए जा रहे हैं। कई पंप स्टेशनों को ऑटोमैटिक किया जा रहा है। ऑपरेटरों की कमी को दूर कर नई नियुक्तियां की जा रही हैं। जहां ड्रेन निर्माण कार्य चल रहा है, वहां भी पंप सेट लगाकर अस्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।
**ट्रैफिक कंजेशन :** दिल्ली पुलिस ने 233 ऐसे ट्रैफिक पॉइंट्स चिह्नित किए हैं, जहां नियमित रूप से जाम लगता है। अधिकतर पॉइंट्स पीडब्ल्यूडी के अधीन हैं, और उनके सुधार के लिए कार्रवाई शुरू हो चुकी है।
**डार्क स्पॉट्स पर अभियान :** दिल्ली पुलिस द्वारा 3808 डार्क स्पॉट्स की पहचान की गई है। इन स्थानों पर स्ट्रीट लाइट्स लगाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। दिल्ली नगर पालिका क्षेत्र में पिछले साल बारिश के दौरान जलभराव की शिकायतें सामने आई थीं। वहां विशेष कार्य योजना के तहत सुधार कार्य जारी है।

# मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी क्षेत्र में कई विकास कार्यों की आधारशिला रखी

**आधारशिला**

▶▶ साफ पानी की आपूर्ति करने के लिए पाइपलाइन डालने के साथ-साथ कई विकास कार्यों की आधारशिला रखी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र जनकपुरी में कई विकास कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने जनकपुरी के वीरेंद्र नगर, चाणक्य प्लेस और महावीर एन्क्लेव-पार्ट-2 में सड़क, सीवर और पीने के साफ पानी की आपूर्ति करने के लिए नई पाइपलाइन डालने के साथ-साथ कई विकास कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने जल बोर्ड के अधिकारियों को दो से लेकर छह महीने के भीतर सभी काम को पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। मंत्री आशीष सूद ने आज सबसे पहले जनकपुरी के वीरेंद्र नगर में गली नंबर एक, दो और पांच में सड़क, सीवर और पानी की पाइपलाइन डालने के काम का उद्घाटन किया। उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को सीवर लाइन से अलग हटकर पानी की नई पाइपलाइन को डालने के साथ सभी काम को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन इलाकों में फिलहाल सीवर की लाइन नहीं डाली गई है, उन इलाकों में बरसात से पहले जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। स्थानीय लोगों ने मंत्री से भारती कॉलेज और बीएफ ब्लॉक के सार्वजनिक शौचालय की दयनीय हालत और उनके दरवाजे पर ताले लगे होने की शिकायत की। मंत्री ने जांच के बाद समस्या को तुरंत दूर करने का भरोसा दिया। उन्होंने वीरेंद्र नगर की गली नंबर पांच और छह में जल्द सीवार लाइन डालने के आदेश दिए।
इसके बाद मंत्री आशीष सूद ने चाणक्य प्लेस के 30 फुटा रोड इलाके में सड़क और सीवर लाइन डालने के कई कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने आजाद जूस वाली गली में 120 फीट लंबी सड़क का काम जल्द पूरा करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया।



दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## मुठभेड़ के बाद कुख्यात अक्षय उर्फ गोलू गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की नजफगढ़ थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद कुख्यात अक्षय उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। उसने पुलिस से बचने के लिए दो बार फायरिंग की। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई। पुलिस की गोली अक्षय के पैर में लगी। पुलिस ने घायलावस्था में उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में पता चला कि उस पर डकैती, स्नैचिंग, चोरी और आर्म्स एक्ट के 13 मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया।

# हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस मुख्यालय पर भाजयुमो का प्रदर्शन

**विरोध**

▶▶ कांग्रेस के भ्रष्टाचार, चोरी और षड्यंत्र के खिलाफ हल्ला बोल : बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के प्रदर्शनों के जवाब में शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड पर विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार, चोरी और षड्यंत्र के खिलाफ आज हल्ला बोल रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज यह नेशनल हेराल्ड घोटाले पर युवा हुंकार है। अब हर चुप्पी टूटेगी, हर जवाब मांगा जाएगा, घोटाले की परतें खोलकर देश को सच बताएंगे। उन्होंने कहा कि नेहरू से लेकर राहुल गांधी ने देश को लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में केवल भ्रष्टाचार ही नहीं हुआ अमानत में खयानत का भी मामला है, क्योंकि गांधी परिवार ने नेशनल हेराल्ड की सम्पत्ति को लूटा है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार जमानत पर बाहर है और कानूनी लड़ाई लड़ने की बजाय राजनीति कर रहा है। अगर सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने चोरी नहीं की है तो वे मुकदमा करें। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने जनता के पैसे की चोरी की है। उन्हें इसका जवाब देना होगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हाथों में नेशनल हेराल्ड : जनता पूछे, जवाब दो हिसाब दो, हेराल्ड के सिकंदर होंगे जेल में' जैसे प्ले कार्ड लेकर प्रदर्शन किया।

# पीएफडब्ल्यूएस ने पुलिस मुख्यालय में धूमधाम से मनाया 53वां स्थापना दिवस

**उत्कृष्ट योगदान**

▶▶ इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता संगीता सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति रही



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पुलिस परिवार कल्याण सोसायटी (पीएफडब्ल्यूएस) ने अपना 53वां स्थापना दिवस पुलिस मुख्यालय के आदर्श ऑडिटोरियम में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता संगीता सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति रही। पीएफडब्ल्यूएस की अध्यक्ष श्रीमती रितु अरोड़ा के साथ-साथ पूर्व अध्यक्ष, कोर कमेटी के सदस्य और अन्य विशिष्ट अतिथि भी मौजूद थे। सभी 13 कल्याण केंद्रों से दिल्ली पुलिस परिवारों ने भी भाग लिया, जो एकता और समुदाय की मजबूत भावना को दर्शाता है। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसने दिन के कार्यक्रमों की शुभ शुरूआत की। इसके बाद रितु अरोड़ा ने गर्मजोशी से स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने दिल्ली पुलिस परिवारों के समग्र कल्याण के लिए सोसायटी की निरंतर प्रतिबद्धता को साझा किया। उन्होंने कई प्रमुख पहलों पर प्रकाश डाला, जिसमें एक नई शाखा, 'स्मिता' का उद्घाटन और सिम्युलेटर-आधारित दोपहिया और चार पहिया वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण, सॉफ्ट स्किल वर्कशॉप, कंप्यूटर साक्षरता कक्षाएं और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के उद्देश्य से ऑनलाइन सत्र जैसे कई अन्य सशक्तिकरण कार्यक्रम शामिल हैं। एक ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को पिछले कुछ वर्षों में द्वारा कार्यान्वित की गई कल्याणकारी योजनाओं और पहलों की विस्तृत श्रृंखला की एक झलक पेश की। प्रस्तुति ने पुलिस परिवारों की भलाई के लिए संगठन के अटूट समर्पण की पुष्टि की, जो सामुदायिक उत्थान के लिए इसके बहुमुखी दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है। इस समारोह का एक महत्वपूर्ण क्षण की वार्षिक पत्रिका, 'कोशिश एक आशा' के 9वें संस्करण का अनावरण था, जिसे मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता सक्सेना ने श्रीमती रितु अरोड़ा और कोर कमेटी के सदस्यों के साथ मिलकर प्रस्तुत किया। इसके डिजिटल संस्करण के लॉन्च ने के दूरदर्शी दृष्टिकोण और अपने समुदाय में सुलभ संचार के प्रति प्रतिबद्धता पर और जोर दिया। अनुकरणीय प्रदर्शन के सम्मान में, सूचना के प्रसार और कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शीर्ष तीन कल्याण केंद्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। न्यू पुलिस लाइंस को सर्वश्रेष्ठ कल्याण केंद्र से सम्मानित किया गया।

# कुलपति ने पत्रकारिता के छात्रों के लिए मल्टीमीडिया स्टूडियो का किया उद्घाटन

**अधिनियम-2002 के प्रावधानों के तहत किया कार्य**



**मल्टीमीडिया**

▶▶ स्टूडियो का उद्घाटन दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर में हिंदी विभाग द्वारा संचालित पत्रकारिता पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए, गुरुवार को मल्टीमीडिया स्टूडियो का उद्घाटन किया गया। स्टूडियो का उद्घाटन दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने किया। दिल्ली विश्वविद्यालय दक्षिणी परिसर का मल्टीमीडिया स्टूडियो मल्टीमीडिया सामग्री के निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए उन्नत तकनीक और उपकरणों से सुसज्जित एक अत्याधुनिक स्टूडियो है। इसमें ऑडियो और वीडियो उत्पादन, ग्राफिक डिजाइन, एनीमेशन और अन्य डिजिटल मीडिया प्रोजेक्ट शामिल हो सकते हैं। स्टूडियो को छात्रों के एक रचनात्मक और सहयोगी स्थान प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। जहां वे विभिन्न मल्टीमीडिया तत्वों का उपयोग करके अपने विचारों को जीवंत कर सकते हैं। पॉडकास्ट के कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो योगेश सिंह ने डॉ सीमा भारती द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति के तीन वर्ष की कार्यावधि के अंतर्गत ही उन्होंने आधारभूत संरचनाओं पर कार्य किया और लगभग 22 ऐसे प्रोजेक्ट्स हैं, जो अभी भी चल रहे हैं और आगे भी वह इन कार्यों को करने में पीछे नहीं हटेंगे।

# छठ पर बदली हुई दिखेगी दिल्ली में यमुना

**सफाई**

▶▶ यमुना के विकास के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की मदद लेने का निर्णय लिया गया है



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** छठ पर्व पर दिल्ली में यमुना बदली-बदली नजर आएगी। यमुना नदी की सफाई और पुनरुद्धार के लिए बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक हुई। इसमें यमुना के विकास के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की मदद लेने का निर्णय लिया गया है। साथ ही शहरी नदी प्रबंधन योजना बनाने और उसे मास्टर प्लान के साथ एकीकृत करने का निर्णय लिया गया है। इसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौजूद रहीं। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में निर्णय लिया गया कि दिल्ली समग्र जल के लिए शहरी नदी प्रबंधन योजना विकसित करेगी। प्रबंधन को शहर के मास्टर प्लान के साथ जोड़ा जाएगा। नदी पुनरुद्धार और नदी के आसपास सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए स्वयंसेवकों को जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि छठ पर्व को मनाते समय दिल्ली के लोगों को यमुना के बदलाव का अनुभव होना चाहिए। साथ ही कहा कि नालों के प्रवाह और सीवेज प्लांट के प्रदर्शन को ट्रैक करने के लिए वास्तविक समय का डाटा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग होना चाहिए। पीएम आवास पर हुई इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

**तीन माह से तीन साल की योजना होगी तैयार**
यमुना को स्वच्छ व निर्मल बनाने के लिए तीन माह से तीन साल की योजना तैयार होगी। कार्ययोजना में अल्पकालिक गतिविधियां (3 महीने), मध्यम अवधि गतिविधियां (3 महीने से 1.5 साल) और दीर्घकालिक गतिविधियां (1.5 से 3 साल) को शामिल किया गया है।

### जलमल शोधन संयंत्रों पर निगरानी की जाए

पीएम ने सलाह दी कि नालों में प्रवाह को मापने के साथ-साथ जलमल शोधन संयंत्रों के कामकाज पर निगरानी के लिए सूक्ष्म स्तर के तात्कालिक आंकड़ों को इकट्ठा करने के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध तकनीक का उपयोग किया जाना चाहिए। प्रदूषण निवारण ढांचे की आगे की योजना और कार्यान्वयन इन आंकड़ों पर आधारित होना चाहिए। बयान के अनुसार, पीएम ने कहा कि डाटा का उपयोग शासन में सुधार के लिए भी किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मौजूदा बुनियादी ढांचा प्रभावी रूप से काम कर रहा है। उन्होंने यह भी सलाह दी कि इस उद्देश्य के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा सकता है।
**हरियाणा से संगम तक के लिए योजना**
यमुना की सफाई के लिए योजना बनाते समय नदी के समग्र स्वरूप पर चर्चा की गई। इसमें नदी के हरियाणा खंड, नदी के दिल्ली खंड और दिल्ली से प्रयागराज संगम तक के खंड में की जाने वाली कार्रवाई शामिल है। दिल्ली खंड के अलावा, ब्रज के आसपास के सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान दिया जा सकता है।

# साइबर ठगी की रकम हवाला के जरिये भेजी जा रही थी चीन, दो गिरफ्तार

**गिरफ्त में**

▶▶ गुजरात निवासी शाह मुजम्मिल असलम (26) और हीरागल अब्दुल हफीज (41) के रूप में हुई है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने के आरोप में उत्तरी जिला की साइबर थाना पुलिस ने सूरज, गुजरात से दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सूरत, गुजरात निवासी शाह मुजम्मिल असलम (26) और हीरागल अब्दुल हफीज (41) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन व एक सिमकार्ड बरामद किया है। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि ठगी की रकम को हीरागल हवाला के जरिये चीन भेजा रहा था। वह एक चीनी नागरिक यान दीदी के संपर्क में था। 10 फीसदी कमीशन रखने के बाद बाकी 90 फीसदी रकम विदेश भेज दी जाती थी। आरोपियों के पास से मिले बैंक खातों में करोड़ों की लेनदेन का पता चला है। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि शास्त्री नगर निवासी प्रदीप शर्मा के साथ 44.60 लाख की ठगी हुई थी। फेसबुक के जरिये उनको शेयर बाजार में निवेश का पता चला। पीड़ित ने जब आरोपियों से संपर्क किया तो उनको एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया गया।

# सीलमपुर में नाबालिग की चाकू घोपकर हत्या, इलाके में तनाव



**न्याय की मांग**

▶▶ पुलिस ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी के उत्तर पूर्वी जिलान्तर्गत सीलमपुर इलाके में गुरुवार शाम 17 वर्षीय एक नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। नाबालिग पर हमला उस समय हुआ, जब वो घर से दूध लेने के लिए निकला था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और चाकुओं से हमला कर दिया। पूरे मामले में एक लड़की के शामिल होने की बात भी सामने आ रही है। इस घटना के बाद इलाके से हिंदुओं के पलायन की बात सामने आ रही है। लोगों ने अपने घरों के बाहर "ये मकान बिकाऊ है" लिखकर पोस्टर चस्पा कर दिए हैं, जिसमें उन्होंने उप्र के मुख्यमंत्री व दिल्ली की मुख्यमंत्री से मदद की बात लिखी है। इस हत्याकांड के विरोध में शुक्रवार को सीलमपुर में स्थानीय लोगों ने न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। घटना में मारे गए नाबालिग की पहचान कुनाल के रूप में हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार उक्त मामले में हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालकर आरोपितों की पहचान करने में जुटी हुई है। फिलहाल, तनाव को देखते हुए पुलिस ने पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है। पुलिस के अनुसार कुनाल परिवार के साथ सीलमपुर स्थित जे ब्लाक में रहता था। परिवार में पिता राजवीर, मां, तीन भाई व एक बहन है।
पिता ऑटो चालक हैं जबकि कुनाल गांधी नगर में एक कपड़े की दुकान में काम करता था। मृतक कुनाल की मां प्रवीन और बड़ी बहन वंदना ने बताया कि कुनाल वारदात से पहले अपनी दादी को लेकर अस्पताल गया था और फिर उन्हें घर पर छोड़ कर दूध लेने निकला था। उसी समय कुनाल को एक विशेष समुदाय के लोगों ने घेरकर कर उस पर चाकू से हमला कर दिया। कुनाल की मां का कहना है कि उनके बेटे से ना किसी की दुश्मनी थी ना किसी से कोई बातचीत थी।
उन्होंने न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपितों के लिए फांसी की सजा दिए जाने मांग की है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार शाम 7:38 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि सीलमपुर इलाके में चाकूबाजी हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को एक लड़का घायल हालत में मिला। पुलिस ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# समाज की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर ने न्यौछावर किया सर्ववंश: सैनी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने धर्म और समाज की रक्षा के लिए अपना सर्ववंश न्यौछावर कर दिया। इस बलिदान और त्याग को हमेशा अपने जहन में याद रखने की जरूरत है। इस समाज के नागरिकों को श्री गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों, शिक्षाओं और वाणी को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को गांव बीड मथाना में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से श्री गुरु तेग बहादुर महाराज जी के प्रकाश पर्व पर श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गांव बीड मथाना के प्रवेश पर श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बीड मथाना की तरफ से श्री गुरु तेग बहादुर द्वार का उद्घाटन





किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव के श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को माथा टेका और प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए अरदास की है। इस प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरपाल सिंह, गुलजार सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सरोपा, स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को 11 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की लख-लख बधाई देते हुए कहा कि पूरे विश्व में श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने धर्म और समाज की रक्षा के लिए अपना सर्ववंश वार दिया। आज हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं, आदर्शों को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है। इस पावन पर्व पर बीड मथाना में श्री गुरु तेग बहादुर जी की यादों को हमेशा तरो ताजा रखने के लिए प्रवेश द्वार का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी कुरुक्षेत्र से इसी मार्ग से होते हुए लौहगढ़ पहुंचे थे। सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के साथ-साथ सभी गुरुओं की वाणी और इतिहास को संजोने के लिए कुरुक्षेत्र में भव्य और सुंदर संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पानीपत की धरा पर श्री गुरु तेग बहादुर जी का 400 साला प्रकाश पर्व मनाया था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने लाल किला नई दिल्ली पर प्रकाश पर्व मनाया था। यह सरकार गुरुओं की वाणी और शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस सरकार ने सिरसा में जहां गुरु नानक देव जी महाराज जी ने 40 दिन रहकर तपस्या की और समाज को शिक्षाएं दी, उसी जगह चिल्ला साहिब गुरुद्वारा साहिब के नाम बिना पैसे के सारी जमीन नाम करवाने का काम किया, बाबा बंदा सिंह बहादुर के नाम पर कुरुक्षेत्र में द्वार का निर्माण किया और बकायदा मार्ग का नाम भी बाबा बंदा सिंह बहादुर के नाम से रखा गया। इस प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा को भी सरोपा भेंट किया। इस मौके पर सरपंच देवी दयाल, प्रधान हरपाल सिंह,

**आह्वान**

**समाज के नागरिकों को गुरु तेग बहादुर के आदर्शों, शिक्षाओं और वाणी को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत**

# 'हर एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदेगी सरकार'

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा है कि राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं का एक-एक दाना खरीदेगी। कृषि मंत्री शुक्रवार को कुरुक्षेत्र के कस्बा इस्माइलाबाद और करनाल जिला के गांव निगधू स्थित अनाज मंडियों का दौरा करने के बाद किसानों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने रबी फसल की खरीद प्रक्रिया की समीक्षा की और किसानों से सीधा संवाद किया। मंडियों में किसानों से बातचीत करते हुए राणा ने खरीद कार्यों को लेकर फीडबैक लिया और अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया को बिना किसी बाधा और पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, हमैंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे कुशलता और पारदर्शिता बनाए रखें। उठान का कार्य भी जारी है, जिसे आने वाले दिनों में और तेज किया जाएगा। कृषि मंत्री ने बताया कि 1 अप्रैल से अब तक सरकार ने 37.72 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है, जिसमें से 11 लाख मीट्रिक टन का उठान भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि मंडियों में खरीद का कार्य बिना किसी रुकावट के जारी रहेगा और वह स्वयं मौके पर जाकर स्थिति की निगरानी करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक 2 लाख से अधिक किसानों से गेहूं की खरीद की जा चुकी है और लगभग 1,400 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में प्रणाली के माध्यम से भेजी जा चुकी है। पिछले वर्ष 17 अप्रैल तक लगभग 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई थी, जबकि इस बार यह आंकड़ा पहले ही काफी बढ़ चुका है। श्याम सिंह राणा ने सरसों की खरीद प्रक्रिया की भी जानकारी ली।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को गेहूं खरीदने के लिए ब्याज मुक्त एडवांस

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने अपने सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को गेहूं खरीदने के लिए 25,000 रुपये का ब्याज मुक्त एडवांस देने का निर्णय लिया है। यह अग्रिम राशि समान मासिक किस्तों में वसूली जा सकेगी। इसकी पूरी राशि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की समाप्ति से पहले वसूल की जाएगी। वित्त विभाग द्वारा आज जारी एक पत्र के अनुसार अग्रिम राशि केवल स्थायी और अस्थायी नियमित कर्मचारियों को ही मिलेगी। ऐसे मामलों में, जहां पति और पत्नी दोनों सरकारी सेवा में कार्यरत हैं, अग्रिम राशि उनमें से किसी एक को ही मिलेगी।

### सफाई एक वर्ग की जिम्मेदारी नहीं, यह पूरे समाज का नैतिक कर्तव्य - कृष्णपाल गुर्जर

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाते हुए फरीदाबाद जिले में स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई की शुरुआत की। उन्होंने सड़क पर फैली गंदगी को एकत्र कर रिक्शा के माध्यम से कचरा स्थानांतरण केंद्र तक भिजवाया, जिससे उन्होंने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देशभर में डॉ. अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई जा रही है। जहां उन्हें संविधान निर्माता के रूप में पहचाना जाता है, वहीं यह जानना जरूरी है कि वे स्वच्छता के भी सशक्त प्रवक्ता थे। उन्होंने यह महसूस किया कि समाज में सफाई का काम एक वर्ग विशेष तक सीमित कर दिया गया है जो कि एक अन्यायपूर्ण परंपरा है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने स्वच्छता कर्मियों को समाज की रीढ़ की हड्डी माना है। आज जब हम स्वच्छता की बात करते हैं तो यह ध्यान रखना आवश्यक है कि डॉ. अंबेडकर का दृष्टिकोण केवल शारीरिक सफाई तक सीमित नहीं था, बल्कि उनका सपना एक ऐसा समाज था जो समता, न्याय और स्वच्छता के आदर्शों पर आधारित हो।

### हरियाणा में ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों पर प्रदेश पुलिस की बड़ी कार्रवाई

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर अपनी मुहिम तेज करते हुए वर्ष-2025 के पहले तिमाही (1 जनवरी से 31 मार्च) में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को कुल 10,13,422 चालान जारी किए हैं। पुलिस की यह पहल राज्यभर में लोगों को यातायात नियमों के पालन को प्रोत्साहित करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, जारी किए गए कुल चालानों में से 5,63,485 चालान सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से, 4,49,931 ई-चालानिंग मशीनों से और केवल 6 चालान मैनुअल तरीके से किए गए। इससे स्पष्ट है कि हरियाणा पुलिस चालान व्यवस्था को पूरी तरह तकनीक-संचालित बनाने की दिशा में अग्रसर है।

**बिना हेलमेट और ओवरस्पीडिंग के किए गए सबसे अधिक चालान**

सबसे अधिक चालान बिना हेलमेट वाहन चलाने के मामलों में हुए, जिनकी संख्या 2,82,020 रही। इसके बाद तेज गति (ओवरस्पीड) से वाहन चलाने के 1,97,661, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र न होने के 1,32,267, थर्ड पार्टी बीमा न होने के 1,12,055, गलत पार्किंग के 1,26,012 और गलत दिशा में वाहन चलाने के 1,09,673 मामले सामने आए हैं।

**पटाखा बुलेट चलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई**

हरियाणा पुलिस द्वारा वर्ष-2025 में बुलेट बाइक से पटाखे चलाने वाले साइलेंसरों का इस्तेमाल करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। हरियाणा पुलिस द्वारा जनवरी 2025 से लेकर मार्च 2025 तक ऐसे 2049 वाहनों का चालान किया गया है। ऐसे वाहनों में लगे मॉडिफाई साइलेंसरों को जब्त कर उन्हें नष्ट किया जा रहा है। ये वाहन तेज आवाज करते है जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे वाहनो की अचानक तेज आवाज आने से साथ चल रहे वाहन चालकों का डर से संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। इसी प्रकार, गाड़ी पर ब्लैक फिल्म का इस्तेमाल करने वालों पर सख्ती की जा रही है।

# हरियाणा को बनाएंगे मैन्युफैक्चरिंग का हब: सीएम नायब सिंह सैनी

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प पर आगे बढ़ते हुए आने वाले दिनों में हरियाणा को मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाएंगे। पिछले 10 वर्षों में हमारी उद्योग अनुकूल तथा श्रमिक कल्याण नीतियों के चलते हरियाणा प्रदेश भारत के सबसे प्रगतिशील औद्योगिक शक्ति केंद्रों के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने यह बात शुक्रवार को गुरुग्राम के मानेसर स्थित भारतीय कॉर्पोरेट मामले संस्थान में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बजट उपरांत बैठक को संबोधित करते हुए कही।

नायब सिंह सैनी ने बैठक में पहुंचे प्रदेश भर के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान को याद करते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि वर्ष 2047 में विकसित भारत बने। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए इस बार के बजट में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के बजट को बढ़ाकर 1848 करोड़ 12 लाख रुपए कर दिया है जोकि पिछली बार की तुलना में 129 फीसदी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में उद्योग जगत विशेषकर निर्माण, टैक्सटाइल, स्टार्टअप आदि के प्रतिनिधियों के



सुझावों को भी शामिल किया गया है। बैठक में पहुंचे उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने उनके सुझावों को बजट में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष के बजट में औद्योगिक श्रमिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई उपाय शामिल किए गए हैं। जिसमें श्रमिकों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सभी औद्योगिक क्षेत्रों में 300 अटल किसान श्रमिक कैंटीन खोली जाएंगी ताकि श्रमिक भाईयों को उचित दर पर पौष्टिक भोजन मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण व मेक इन हरियाणा के उद्देश्य के साथ औद्योगिक नीतियों को केंद्र में रख कर हरियाणा प्रदेश एक विनिर्माण केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश अपने औद्योगिक संस्थानों की प्रगति के बलबूते आज जीएसटी कलेक्शन में पूरे देश में पांचवें स्थान पर है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के तीन ओर से घिरे होने के कारण हमारी भौगोलिक स्थिति दिल्ली, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे पड़ोसी राज्यों से अद्वितीय कनेक्टिविटी प्रदान करती है। यह निकटता व्यवसायों को बड़े उपभोक्ता बाजार और उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच प्रदान करती है। यही सामरिक लाभ वैश्विक निवेशकों को हमारे राज्य की ओर आकर्षित करता है।

**संबोधित**

**मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम के मानेसर में बजट के उपरांत उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की बैठक को किया संबोधित**

# हरियाणा सरकार ने चिरायु योजना का किया विस्तार

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 3 लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले परिवारों के लिए शुरू की गई "चिरायु आयुष्मान भारत योजना" का का विस्तार कर दिया है। यह विस्तार राज्य के प्रत्येक निवासी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुलभ और सस्ती सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम आगे है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने घोषणा की कि संशोधित योजना के तहत, 3 लाख रुपये से अधिक और 6 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवार अब 4,000 रुपये का वार्षिक अंशदान देकर लाभ उठा सकते हैं। इसी तरह, 6 लाख रुपये से अधिक आय वाले परिवार 5,000 रुपये का वार्षिक अंशदान देकर योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे। इससे पहले, परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के अनुसार 1.80 लाख और ?3 लाख के बीच आय वाले परिवार, सालाना 1,500 का मामूली योगदान देकर इस योजना का लाभ उठाने के पात्र थे।

यह योजना प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है, जिससे लाभार्थियों को राज्य भर में सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में कैशलेस उपचार प्राप्त करने में मदद मिलती है। यह योजना उम्र या परिवार के आकार पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाती है, यह सुनिश्चित करती है कि पात्र परिवार के सभी सदस्यों को कवर किया जाए।

### अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 21 को सिविल सचिवालय में होगा भव्य कार्यक्रम

**चंडीगढ़:** संविधान शिल्पी बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 21 अप्रैल को हरियाणा सिविल सचिवालय के भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर कान्फ्रेंस हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हरियाणा के सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारी लाल करेंगे।

# विपक्ष भी घर बैठकर मोदी की नीतियों का कर रहा तारीफ: सैनी

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश में विपक्षी दलों द्वारा चुपके-चुपके घर बैठकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास की नीतियों की प्रशंसा कर रही है, लेकिन मजबूरन अपना वजूद बनाए रखने के लिए विपक्ष को धरना प्रदर्शन करके खानापूर्ति करनी पड़ रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को जिला कुरुक्षेत्र के गांव बीड मथाना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश व प्रदेशवासियों को गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्ववंश न्यौछावर कर दिया। इस बलिदान से बड़ा दुनिया में कोई बलिदान और त्याग नहीं है। इस बलिदान और त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भी भाजपा सरकार पर तंग करने के आरोप लगाए थे, लेकिन आखिर में कोर्ट के आदेशों के बाद उन्हें जेल जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने जब कोई गलत काम नहीं किया तो डरना नहीं चाहिए। ईडी पूछताछ कर रही है तो इसमें कांग्रेस के नेताओं को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए, अपितु कांग्रेस के नेताओं को जांच में सहयोग करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने एक अन्य प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड के बिल का विपक्षी दलों द्वारा केवल मात्र अपनी राजनैतिक दुकानदारी को चलाने के लिए विरोध किया जा रहा है। भाजपा सरकार वक्फ बोर्ड पर एक अच्छा बिल लेकर आई है और इस बिल पर सभी ने सहमति व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि विपक्ष नाम की अब कोई चीज नहीं है। अब तो विपक्ष के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों की घर बैठे तारीफ कर रहे है।

**साधा निशाना**

**देश और प्रदेश में नहीं है कोई विपक्ष, दुकानदारी चलाने के लिए कांग्रेस कर रही है वक्फ बोर्ड के बिल का विरोध**

# हर व्यक्ति को पानी उपलब्ध करवाएं जनस्वास्थ्य विभाग

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़: हरियाणा के लोक** निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 15 जून से पहले सभी खराब हालत की सड़कों की मुरम्मत सुनिश्चित करें। निर्माण एजेंसियों द्वारा निर्माण के बाद भी उनका रख-रखाव करें। वहीं जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर घर में नल व हर नल में स्वच्छ जल की नीति के तहत हर व्यक्ति को पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही बारिश से पहले सभी सीवरेज व नालों की साफ-सफाई सुनिश्चित करें। इन कार्यों में लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सीवन में दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत पर अधीक्षक अभियंता को दो दिन में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए, ताकि दोषी कर्मचारी या अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

मंत्री रणबीर गंगवा आज कैथल के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे बाद मंत्री ने जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। बाद में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक में मंत्री रणबीर गंगवा ने जिले में सड़कों की स्थिति को लेकर रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि जो भी सड़कें किसी एजेंसी द्वारा बनाने के बाद जितनी अवधि तक उन्हें उस एजेंसी द्वारा ठीक रखा जाना है, डीएलपी के तहत आने वाली ऐसी 1950 किलोमीटर लंबी सड़कों की मुरम्मत सुनिश्चित करवाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ठेकेदारों के कार्यों की समय-समय पर जांच करते रहें। यदि किसी एजेंसी का कार्य ठीक नहीं है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। सड़कों में गड्ढे या फिर किसी अन्य विभागीय कमी से किसी की जान न जाए। अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि सड़कों की हालत ठीक रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी विधानसभा में छह माह में सभी सड़कों के दुरुस्त करने की बात कही थी।

**मरम्मत**

**सभी खराब हालत की सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित करें। निर्माण के बाद भी उनका रख-रखाव करें**

# बलात्कार मामले में फंसाने की धमकी देकर 19 लाख ऐंठने वाली फर्जी महिला थाना प्रभारी

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के जींद जिला पुलिस की सीआईए स्टाफ ने 19 लाख रुपए ठगने वाली फर्जी महिला थाना प्रभारी को गिरफ्तार किया है। उसके साथ चार दोस्तों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुखविंदर उर्फ किठू पुत्र जयभगवान वासी शामदो, संदीप कुमार पुत्र सेवा सिंह वासी खरल, अनिल कुमार उर्फ नील पुत्र सत्यवान वासी खरल जिला जींद, मंजीत ढिल्लों उर्फ पिंकी पत्नी धर्मवीर वासी कुलाना फार्म हांसी और रीना पत्नी संजय वासी दनौदा खुर्द जिला जींद के रूप में हुई है। मामले के मुताबिक, 16 अप्रैल को अनूप कुमार वासी बडनपुर ने थाना शहर नरवाना में शिकायत दी थी। जिसमें उसने बताया था कि उसकी मुलाकात रीना वासी दनौदा के साथ थी। 15 अप्रैल को वह रीना के साथ बेलरखां गांव से नरवाना की तरफ अपनी बाइक पर आ रहा था। इसी दौरान नरवाना रेलवे ओवरब्रिज पर आई 10 कार सवारों ने उसकी बाइक के आगे अपनी गाड़ी अड़ा दी और धक्के से मुझे और रीना को अपनी कार में डाल लिया। इसके बाद बेलरखां के नजदीक रीना को कार से उतार दिया लेकिन मुझे अपहृत करके अम्बरसर की ओर बड़ी नहर पर ले जाकर मारपीट की। कार में सवार महिला ने अपने आप को थाना प्रभारी बताया था। उसने रेप केस में फंसाने की धमकी दी और छोड़ने के बदले 20 लाख रुपये की मांग की। मैंने डरकर अपने आढ़ती के माध्यम से 19 लाख रुपये खाते में डलवाए और एस बी आई बैंक नरवाना से 19 लाख रुपये निकलवाकर आरोपियों को दे दिए, ह्व पैसे मिलने के बाद आरोपियों ने अनूप को अपोलो चौक नरवाना पर उतार दिया और गाड़ी लेकर भाग गए।

# आयुर्वेद चिकित्सक विश्व तक पहुंचाएंगे भारत की प्राचीन आयुर्वेद पद्धति को: बंडारु

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह से डिग्री हासिल करने वाले चिकित्सक अब पूरे विश्व में भारत की प्राचीन आयुर्वेद पद्धति को पहुंचाएंगे। इस प्राचीन आयुर्वेद पद्धति की आज पूरे विश्व के स्वास्थ्य जगत में मांग है। इतना ही नहीं आने वाले समय में आयुर्वेद के क्षेत्र में आपार संभावनाएं है। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय शुक्रवार को श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित प्रथम दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालय के 9 करोड़ 50 लाख की लागत




से निर्मित आडोटोरियम हॉल का शुभारंभ किया। इसके उपरांत राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय, आयुष विभाग भारत सरकार के सचिव पदम श्री वैद्य राजेश कोटेचा, शास्त्री निकाय राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ नई दिल्ली के अध्यक्ष पदम भूषण वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा, श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने दीप शिखा प्रज्वलित करके विधिवत रूप से प्रथम दीक्षांत समारोह का शुभारंभ किया। इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय की उपस्थिति में 126 विद्यार्थियों को स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री देकर सम्मानित किया, इनमें से 26 उपाधि धारकों को स्वर्ण पदक से भी सम्मानित किया है। इस दीक्षांत समारोह में शास्त्री निकाय राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ नई दिल्ली के अध्यक्ष एवं गोल्ड पदम भूषण वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा को डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से नवाजा गया। इस दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह की स्मारिका का विमोचन किया। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि भगवान धन्वंतरी आयुर्वेद के जनक है। वे हिंदू धर्म में चिकित्सा के देवता और आयुर्वेद के प्रवर्तक बताए गए हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, धन्वंतरी भगवान विष्णु के अवतार हैं और समुद्र मंथन के दौरान क्षीर सागर से अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। उनके चार हाथों में शंख, चक्र, औषधि और अमृत कलश थे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा पद्धतियों में आयुर्वेद का महत्वपूर्ण स्थान है। प्राचीन काल में इसी पद्धति द्वारा ईलाज किया जाता था, लेकिन विज्ञान के विकास और चिकित्सा पद्धतियों में हुए अनुसंधान से आयुर्वेद का प्रचलन कम हो गया। पूर्व में इसकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया।

**आपार संभावनाएं**

**प्राचीन आयुर्वेद पद्धति की आज पूरे विश्व के स्वास्थ्य जगत में मांग है। आयुर्वेद के क्षेत्र में आपार संभावनाएं है**

# जिला में सभी दवाई बेचने वाली दुकानों पर लगवाएं जाएं कैमरे: उपायुक्त डॉ मनोज कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिला में दवाई बेचने वाली सभी दुकानों पर सीटीवी कैमरे लगवाएं ताकि अगर कोई नशे से संबंधित दवाईयां बेचता है तो उसपर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी समय-समय पर इन दुकानों की चैकिंग भी करें और अगर कहीं भी कोई बिना लाईसेंस के दवाई बेच रहा है तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करें। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने शुक्रवार को एनकोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते हुए वीसी के माध्यम से जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए हर संभव कार्रवाई करें। वीसी के पश्चात उपायुक्त ने जिलावासियों का आह्वान किया कि जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए हर वर्ग की सहभागिता जरूरी है इसलिए अगर आपके आस-पास कोई व्यक्ति नशे



से संबंधित वस्तुएं बेचता है या नशे के अवैध व्यापार में संलिप्त है तो उसकी सूचना टोल फ्री नंबर 8930305020 और एनसीबी नंबर 9050891508 पर दें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि नशे की दवाओं पर रोक को लेकर प्रशासन की पैनी नजर है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा साथी ऐप का संचालन किया जा रहा है। इस ऐप में मेडिसिन की एंट्री किए बिना केमिस्ट कोई भी मेडिसिन दवा नहीं रख सकते। यही कारण है कि साथी एप नशे संबंधित दवाओं पर रोक लगाने में काफी मददगार साबित हो रहा है। साथ ही सिंथेटिक नशे के चलन पर रोक लगाने के लिए सरकार और प्रशासन पूरी तरह सजग है। सरकार और प्रशासन की एडिक्ट बनाने वाली दवाओं पर भी नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि साइकोट्रोपिक दवाओं की खुदरा, थोक और स्टॉकिंग के लिए प्रत्येक लाइसेंस धारक को इस साथी ऐप में ऑनलाइन एंट्री करनी होगी। एंट्री के बगैर कोई भी दवा रखने पर ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा भी दर्ज होगा। इस एप से भविष्य में भी एडिक्ट दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने में काफी मदद मिलेगी। ड्रग कंट्रोल एक्ट की प्रभावी रूप से पालना सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिला के सभी शिक्षण संस्थानों में नशे के विरूद्ध बच्चों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ संस्थानों में फ्लेक्स व अन्य जागरूकता प्रचार सामग्री लगवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिलाभर में नशा छुडाने के नाम पर खोले गए नशा मुक्ति केंद्रों की नियमित जांच करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि नशे की प्रवृति को समाज से खत्म करने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लाभ सुनिश्चित किया जाए और जागरूकता के लिए चलाई जा रही गतिविधियों व योजनाओं को जिले में प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। इस मौके पर जेल अधीक्षक राजेन्द्र सिंह, डीसीपी मनवीर सिंह, डीसीपी नरेन्द्र सिंह , डीए सुनिल खत्री व अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

# विधायक मदान और मेयर जैन ने वार्ड नं 11 में किया विकास कार्यों का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत/संजीव कौशिक**

**शुक्रवार सुबह विधायक** निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 11 के राजेंद्र नगर क्षेत्र में पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि राजेंद्र नगर की मुख्य गली में काफी समय से पेयजल की किल्लत चल रही थी। क्षेत्रवासियों को समुचित मात्रा में पेयजल न मिलने के कारण काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। समस्या के समाधान हेतु आज नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है जिसे आगामी दो से तीन सप्ताह में इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। पूरे सोनीपत में कहीं भी पानी की कमी नहीं होने दी



जाएगी। वहीं नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि इस कार्य में निगम द्वारा 10.43 लाख की लागत से राजेंद्र नगर की मुख्य गली में पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाई जाएगी। साथ ही लाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत भी की जाएगी। इस लाइन को मुख्य लाइन में जोड़ने के बाद राजेंद्र नगर वासियों को पेयजल आपूर्ति की समस्या से स्थाई तौर पर निजात मिलेगी। मेयर राजीव जैन ने मौके पर निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को पूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरी गुणवत्ता के साथ करने के आदेश दिए। मेयर राजीव जैन ने कहा कि उनका यही प्रयास है कि गर्मी के मौसम में कहीं भी पानी की कमी ना रहे। इसलिए वो हर गली मोहल्ले तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है और इसके लिए लगातार आमजन और निगम अधिकारियों के सम्पर्क में है। इस अवसर पर निगम पार्षद प्रतिनिधि संजीव वलेचा, चंद्रो देवी, रामेश्वर खटक,नफे सिंह,जय भगवान,रामफल,राजेश खटक,अशोक बागड़ी,विजय किराड़,रवि,रमेश, प्रकाश, रणधीर, जय भगवान, रामेस्वर,कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

# गुरु हनुमान कुश्ती अकादमी गल्सौर्ली के पहलवानों ने नेशनल में जीता 9 मेडल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। हिमाचल प्रदेश** में अप्रैल 12 से 15 तक ग्रेपलिंग नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें गुरु हनुमान रेसलिंग अकादमी गल्सौर्ली के रेसलर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 मेडल मेडल क्षेत्र और राय का नाम रोशन किया। इस प्रदर्शन में 3 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। स्वर्ण विजेता पदक पहलवानों में अंडर-11 वर्ग के 46 किलोग्राम भारवर्ग में गल्सौर्ली गांव के अविनाश मोर, अंडर-11 30 किलोग्राम में पिपली प्रतिभा के हर्षित रजत पदक और अंडर-13 60 किलोग्राम वर्ग में गल्सौर्ली के अश्मित मोर शामिल हैं। सिल्वर मेडल अंडर-13 में 42 किलोग्राम में भिगांन गांव के अरनव राठी, अंडर 15 में 66 किलोग्राम में समालखा के आटा



जुरासी गांव में हैप्पी गाहलियां और अंडर 17 में 58 किलोग्राम में राजपुर के आर्यन राठी ने अपना नाम रखा। वहीं, अंडर-11 में 66 किलोग्राम में कासंडी गांव के प्रतीक भनवाला, अंडर-11 में 38 किलोग्राम में सोलसोली के हर्षित मोर और अंडर-17 में 63 किलोग्राम में कुटुंबर, राजस्थान के हर्षित चौधरी ने मेडल जीता। मेडल विजेता पहलवानों की एकेडमी अपॉइंटमेंट पर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय पहलवान के पूर्व कैप्टन चांद राम मोर, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान राकेश मोर, प्रधान धर्मवीर मोर, भारत केसरी और भीम अवार्डी नवीन मोर और उनके पिता
रामकुमार मोर, सरपंच प्रियवृत मोर, सेनापति फौजी डाहर, विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता पहलवानों के लोध खिलाड़ी, फूल माला के परिधानों को अर्पण किया और उनके आभूषण की कामना की।

# झगड़े के बाद पति ने किया सुसाइड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में** आज सुबह युवक ने घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक ने 5 साल पहले विशेष समुदाय की युवती से लव मैरिज की थी। शादी के बाद दोनों उत्तराखंड के ज्वालापुर से करनाल रहने आ गए थे। पत्नी को शक था कि उसके पति के किसी दूसरी युवती के साथ संबंध हैं। इस वजह से दोनों के बीच झगड़े होते थे। सुसाइड से पहले भी पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी। गुस्से में पत्नी घर से बाहर चली गई। पीछे से पति ने फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल की मॉच्युरी में रखवाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान उत्तराखंड के ज्वालापुर निवासी देव उर्फ दुर्गेश (27 वर्ष) के रूप में हुई है।

# राई गांव के कम्यूनिटी भवन में शुरू की स्वास्थय सेवा का शुभारम्भ



**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। राई गांव के कम्यूनिटी** भवन में सीएचसी बढ़खालसा द्वारा शुरू की गई स्वास्थय सेवा कार्य का शुभारम्भ हुआ। जिसकी शुरूआत भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई व बढ़खालसा सीएचसी की एसएमओ डा. अंविता कौशिक के सहयोग से रिबन काटकर की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई ने कहा कि अब राई गांव के लोगों के साथ उनके वार्ड के लोगों को पुरी सुविधा गांव में मिलेगी। वे अपना इलाज करवा सकेगें। पुनीत राई ने कहा कि प्रदेश के सभी सिविल अस्पतालों में बेहतर इलाज, आधुनिक मशीनें और अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। इसके अलावा, डॉक्टरों और अन्य स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया भी जल्द पूरी की जाएगी ताकि मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थय सेवाएं बेहरत देने के लिए प्रयासरत है। अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा बढाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। डॉक्टरों की कमी को पूरा किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीआइए इंचार्ज इंस्पेक्टर, हेड कॉन्स्टेबल सस्पेंड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल में एसपी ने** सीआइए इंचार्ज इंस्पेक्टर और हेड कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया है। इन दोनों ने महिला की हत्या के केस में आरोपियों का नाम निकलवाने के बदले 37 लाख रुपए लिए थे। यह रुपए किसी बिचौलिए के पास भी भिजवाए जा चुके थे। मगर इसकी शिकायत किसी आरोपी ने ही एसपी को कर दी। इसके बाद डीएसपी से इसकी जांच कराई गई। एसपी गंगाराम पूनिया ने केस दर्ज करवाने के बाद शुक्रवार को दोनों को सस्पेंड कर दिया। जिले के गांव मानपुरा में 12 मार्च को एक महिला की हत्या हुई थी। साथ ही पति और बेटा भी घायल हुआ था। इस मामले में अब तक 9 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। आरोपियों में से ही किसी ने शिकायत की कि उनका नाम केस से निकलवाने के एवज में असंध के सीआइए इंचार्ज इंस्पेक्टर मनदीप सिंह और हेड कॉन्स्टेबल ऋषि ने 37 लाख रुपए मांगे। यह रकम बिचौलिए के यहां पहुंचाई गई। एसपी ने कहा कि डीएसीपी रैंक के अधिकारी इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। जिन भी लोगों के बयान दर्ज करने हैं, वह प्रक्रिया इसी जांच अधिकारी की देखरेख में की जाएगी।

### हंगामा ओटीटी की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज हसरतें का दूसरा सीजन रिलीज

**मुंबई:** हंगामा ओटीटी प्लैटफॉर्म पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाली ओरिजनल सीरीज हसरतें के पहले सीजन की शानदार सफलता के बाद अब आ रहा है इसका दूसरा सीजन। देश के सबसे लोकप्रिय डिजिटल एंटरटेन्मेंट प्लैटफॉर्म में शुमार हंगामा डिजिटल मीडिया ने अपनी उस सीरीज के दूसरे सीजन की घोषणा की जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था और यह लोकप्रिय सीरीज है-हसरतें-2। यह सीरीज एक साथ कई कहानियों या एपिसोड का गुलदस्ता है। 17 अप्रैल 2025 से शुरू होने वाली इस सीरीज के दो एपिसोड इस दिन जारी कर दिए जाएंगे और अपने सीजन-2 के साथ यह सीरीज दर्शकों को महिलाओं की भावनात्मक, अंतरंग और अनकही दुनिया में ले जाएगी। यह महिलाओं की इच्छाओं, पहचान और आजादी के सफर से आपको रूबरू करवाएगी। इस हसरतें-2 सीरीज को शाकुंतलम टेलीफिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इसके निर्देशक हैं वैभव सिंह और अंशुमान के. सिंह। इस नए सीजन में छह कहानियां हैं। हर कहानी बोल्ड, झकझोरने वाली और सच्चाई के करीब है। इस सीरीज के सीजन-1 ने अपने कंटेन्ट, महिलाओं के मन की दुनिया को सही तरीके से दिखाकर देशभर के दर्शकों का दिल जीता था। लाखों दर्शकों के प्यार और उनसे मिलने वाले रिव्यू से यह साफ हुआ है कि हसरतें ने उन कहानियों को सामने लाने की कोशिश की है जो अनकही रह जाती हैं। अब हसरतें-2 के साथ एक कदम और आगे जाने की तैयारी है क्योंकि यह नई सीरीज बनी हुई सीमाओं से आगे की कहानी लाएगी, रूढ़ियों को चुनौती देगी और जरूरी विमर्श के लिए माहौल बनाएगी। यह सीरीज तीन हिस्सों में रिलीज होगी।

### घर के बाहर बेसुध मिली नाबालिग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सदर थाना क्षेत्र के** एक गांव में 13 वर्षीय नाबालिग के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है। रात तीन बजे बच्ची अपने घर के बाहर बेहोशी की हालत में मिली। उसके मुंह से नशे की बदबू आ रही थी। बच्ची पूरी तरह से बेहोश हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने उसे नशीला पदार्थ देकर रेप किया और फिर घर के बाहर छोडकर फरार हो गया। बच्ची को अभी तक होश नहीं आया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिवार ने जिन पर आरोप लगाए हैं, वह गांव का ही रहने वाला है और शादीशुदा है। उसके दो बच्चे भी हैं। नाबालिग की मां व दादी का आरोप है कि कल रात करीब 11 बजे आरोपी उनकी बच्ची को बहला-फुसलाकर ले गया था। चार घंटे बाद तडके 3 बजे वह बच्ची को नशे की हालत में घर के बाहर छोड़ गया।

# खुद को एनालिसिस करना बेहद जरूरी, हमेशा सकारात्मक रहें: अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। गुरुवार को स्पोर्ट्स** यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, राई, सोनीपत में इंटरव्यू स्किल्स एवं इंटरव्यूज को बेहतर तरीके से कैसे क्रैक किया जाए इसको लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विश्विद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को इंटरव्यू स्किल्स के बारे में बेहतर जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि हमें साक्षात्कार की बेसिक तैयारी क्या करनी चाहिए इसको जानना एवं समझना बेहद जरूरी है। हमें इंटरव्यू देने से पहले जॉब की आवश्यक को समझना जरूरी है। इसके साथ ही अपनी वीकनेस एंड स्ट्रेंथ को समझना जरूरी है। कुलपति ने बताया कि इंटरव्यू देने से पहले करंट में क्या चल रहा है उसको जानना एवम समझना उस फील्ड में अपडेट क्या चल रहा है उसको पूरे तरीके से जानना जरूरी है। जिस भी जॉब के लिए जा रहे हैं उसके लिए क्या जरूरी जॉब रोल है उनकी समझ



होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि आपके अंदर लीडरशिप के गुण होने चाहिए। क्योंकि इंटरव्यू पैनल आपके अंदर कोई ना कोई खूबी देखना चाहता है। आपके उत्तर से ही आपकी तकनीक एवं कार्य क्षमता को देखा जाता है। विद्यार्थियों को अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि कंपनी के प्रोफाइल को जानना बहुत जरूरी है। आपको उस संस्थान के बारे में प्रॉपर रिसर्च और होम वर्क करना होना। आपकी ड्रेसिंग, कम्युनिकेशन स्किल्स, बातचीत का तरीका, पोस्चर इंटरव्यू में बहुत मायने रखता है। बहुत सोच समझकर कपड़ों का चुनाव करें।

# विधायक कृष्णा गहलावत ने जनता दरबार लगाकर सुनी हलके के लोगों की समस्या

## जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करवाया जाएगा: कृष्णा गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। राई हलका विधायक** एवं पूर्व मंत्री कृष्णाा गहलावत ने जनता दरबार लगाकर हलके के लोगों की समस्या सुनी। दरबार में बिजली, पानी आदि समस्याओं के समाधान की हलके के लोगों ने मांग की। गांव बढ़मलिक की दुर्गा कालोनी में गली निर्माण की मांग, हलालपुर गांव में आक्सीजन बाग में लगे टयूबवैल को ठीक करवाने, मनौली गांव के लोगों ने बिजली की समस्या के समाधान, मुरथल गांव में खारी चौपाल की रिपेयर करने, हलालपुर गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण करने, मकीमपुर गांव के लोगों ने बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग, खेल परिसर की चार दिवारी करने की मांग की। विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि हलके के लोगों की समस्या का समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता



है। विधायक ने लोगों से आह्वान किया कि जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। हलके की जनता ने अपना आशीर्वाद देकर विधायक बनाया है तो उनकी जिम्मेदारी है कि हलके के लोगों की सेवा करे। हलके में सड़कों के निर्माण के अलावा विभिन्न कार्य करवाए जा रहे है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवाने में प्रयासरत है। इस मौके पर भूप सिंह हलालपुर, नरेन्द्र वर्मा, दीपाशु, कुलदीप ठेकेदार, फूलकवार, जयराम शर्मा, त्रिवेन्द्र,विपिन मनौली, अनिल आंतिल कुमासपुर, कुलदीप, अनिल आंतिल, कुलदीप, प्रदीप, संजीत सबौली, अमित दीपालपुर आदि मौजूद थे।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने नीलोखेड़ी में केंद्र की भूमि का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। केंद्रीय बिजली**, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को नीलोखेड़ी में केंद्र सरकार की खाली पड़ी भूमि का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान मनोहर लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस भूमि से संबंधित दस्तावेजों की रिपोर्ट बनाकर उनके कार्यालय में भेजें। इसके उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि नीलोखेड़ी में केंद्र सरकार की सरकारी प्रेस की भूमि इस समय खाली है, इस भूमि पर काफी वर्ष पहले प्रेस चला करती थी, जो कि अब बंद हो चुकी है।



यह भूमि केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी विभाग की है। उन्होंने कहा कि इस भूमि से संबंधित पहले समीक्षा की थी और आज वे खुद इस भूमि का निरीक्षण करने के लिए आए हैं। इस भूमि से संबंधित एक प्रस्ताव प्रदेश सरकार के सामने रखेंगे कि योग्य कीमत पर यह भूमि किसी विभाग को ट्रांसफर की जाए, ताकि उसके बाद इस भूमि का उचित उपयोग हो सके और रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकें।

# साइक्लोथॉन यात्रा 2.0 के तहत लगाया गया हेल्थ चेकअप कैंप : कुलबीर




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। रेडक्रॉस सोसायटी** के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार नशा मुक्त हरियाणा की मुहिम के तहत लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई साइक्लोथॉन यात्रा 2.0 के तहत स्थानीय एनडीआरआई चौक पर हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया।
इस कैंप में करीब 100 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। उन्होंने बताया कि इस कैंप में शुगर, ब्लड प्रेशर व जनरल चेकअप किया गया।

# बाल श्रम कर रहे 11 बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में पेश किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**पानीपत जाटल रोड से** 7 और सिवाह बस स्टैंड से 4 बाल श्रमिकों को एमडीडी ऑफ इंडिया की शिकायत मिलने पर मानव तस्करी विरोधी इकाई के सदस्यों ने रेस्क्यू कराया और बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया। जहां इन सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल देखभाल गृह पानीपत भेज दिया गया। गौरतलब है कि इन बच्चों की उम्र केवल 8 से 14 साल के बीच है। हरियाणा में काम कर रही एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा न्याय तक पहुंच कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे आंदोलन के तहत आज पानीपत को बाल श्रम से मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज एंटी ूमन ट्रैफिक यूनिट की कार्रवाई में एसआई संदीप कुमार, शेखर और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे। एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के गंभीर प्रयासों व अभियान के बावजूद आज भी देश में बाल श्रम एक गंभीर समस्या बनी हुई है। एंटी ूमन ट्रैफिक यूनिट और एमडीडी द्वारा संयुक्त रूप से पानीपत को बाल श्रम के अभिशाप से मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। पानीपत जिलाधीश द्वारा भी जिला टास्क फोर्स के माध्यम से पानीपत से बाल श्रम को खत्म करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार के बाल श्रम व बाल शोषण की सूचना बाल कल्याण समिति में दें ताकि बच्चों को एक बेहतर भविष्य दिया जा सके। अगर किसी को भी बाल श्रम अथवा भिक्षावृत्ति के बारे में कोई सूचना मिलती है तो पेंसिल पोर्टल अथवा स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज संदीप कुमार के नंबर 7015986378 पर दी जा सकती है।

## संपादकीय

# सोशल मीडिया इंसाफ का नहीं, रिश्तों की मौत का है नया मंच

**सोशल** मीडिया का बढ़ता प्रभाव निजी जिंदगी में दखल के साथ ही अब रिश्तों के खात्मे की भी वजह बनता जा रहा है। आजकल लोग निजी झगड़ों और रिश्तों की परेशानियों को सोशल मीडिया पर लाइव आकर सार्वजनिक करने लगे हैं, जहां आधी-अधूरी सच्चाई दिखाकर सहानुभूति बटोरी जाती है। "सुट्टा आली" और "मुक्का वाली" जैसे मामलों में देखा गया कि जब दूसरा पक्ष सामने आया तो पहले समर्थन करने वाले लोग उलझन में पड़ गए। सोशल मीडिया अब इंसाफ का मंच नहीं, तमाशा बनता जा रहा है, जहां रिश्ते कंटेंट बनकर बर्बाद हो रहे हैं। इस डिजिटल दिखावे से बाहर निकलने का रास्ता संवाद, संयम और सच्चाई पर आधारित समझदारी है। रिश्तों को बचाने के लिए पहले उन्हें सार्वजनिक न करें, बल्कि निजी स्तर पर सुलझाने की कोशिश करें। आधी सच्चाई दिखाकर न्याय मांगना रिश्तों की मौत का कारण बन सकता है। घर के अंदर की बातें अब घर की नहीं रहीं। एक वक़्त था, जब दीवारों के भीतर जो होता था, वही दीवारों में दफन होता था। पर अब दीवारें भी वाई-फाई से जुड़ चुकी हैं और रिश्ते डेटा पैक पर टिके हैं। बात-बात पर फेसबुक लाइव, इंस्टा स्टोरी और यूट्यूब व्लॉग। यही अब नए जमाने का रिश्ता-निपटान मंच बन गए हैं। कोई थोड़ा-बहुत झगड़ा हुआ नहीं कि लोग कैमरा ऑन करके ऑडियंस के सामने आंसू बहाने लगते हैं। उस रोते चेहरे के पीछे कितनी सच्चाई है, इसका किसी को अंदाजा नहीं होता, क्योंकि कहानी का दूसरा पहलू अक्सर बेमौसम आता है या कभी आता ही नहीं। आजकल रिश्तों में सहनशीलता नहीं, स्क्रिप्टिंग आई है। जैसे ही किसी झगड़े या मनमुटाव की चिंगारी उठती है, लोग अपने कैमरे चालू कर लेते हैं और लाइव आकर खुद को पीड़ित घोषित कर देते हैं। आवाज में कंपकंपी, आंखों में आंसू और शब्दों में दर्द, सब कुछ इतना "रियल" होता है कि देखने वाला पल भर में 'इमोशनल इन्वेस्ट' कर बैठता है। अब सवाल उठता है कि क्या सोशल मीडिया कोई अदालत है, जहां एकतरफा सबूत पेश करके दूसरे पक्ष को बिना सुने सजा सुनाई जा सकती है। क्या हम सब यूजर्स अब जज बन चुके हैं और अगर हां तो हमारी अदालत में अपील की व्यवस्था कहां है। दिक्कत ये है कि आजकल लोग जज नहीं, जजमेंटल बन चुके हैं। किसी भी मुद्दे को बिना सोचे, बिना समझे, बिना जांचे, बस वायरल होने की स्पीड से नापते हैं। 'कौन सही है' से ज्यादा अहम हो गया है 'कौन पहले लाइव आया'। दरअसल जब एक रिश्ते की दरार को सार्वजनिक किया जाता है तो उसका असर केवल उस रिश्ते पर नहीं, समाज पर भी पड़ता है। यह एक विकृति बनती जा रही है, जहां निजी दर्द सार्वजनिक मनोरंजन बन रहा है। इसे प्रोत्साहन मिलता है व्यूज, लाइक्स और फॉलोवर्स की भूख से। एक जमाना था जब लोग अपने रिश्तों को बचाने के लिए कुछ भी कर जाते थे। जबकि आज लोग लाइक और शेयर के लिए अपने रिश्ते खुद बर्बाद कर देते हैं। मीडिया से ज्यादा, मिडियाई मानसिकता दोषी है। यह केवल 'मीडिया ट्रायल' का मुद्दा नहीं है। असली समस्या उस मानसिकता की है जो कैमरा ऑन होते ही खुद को पीड़ित घोषित कर देती है और दर्शकों को जूरी बना देती है। यह 'हाफ ट्रुथ पॉलिटिक्स' अब राजनीति तक सीमित नहीं रही।

# पाकिस्तानी भारत से नफरत नहीं उससे बराबरी करें

राजेश माहेश्वरी

> "क्योंकि वह जानते हैं कि यदि नफरत का यह माहौल समाप्त हो गया, तो पाकिस्तान के सत्ता ढांचे की बुनियाद हिल जाएगी। पाकिस्तान की मशहूर सीरीज जिंदगी गुलजार है में भी यह दिखाया गया था कि पाकिस्तान में हिंदुओं को किस प्रकार हाशिए पर रखा जाता है, और यह किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की स्थिति बहुत खराब है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब अल्पसंख्यक समुदाय पहले से ही इतना शोषित है, तो उनके खिलाफ नफरत फैलाने की आवश्यकता क्यों महसूस की जा रही है? अंतरराष्ट्रीय पत्रकार और न्यूयॉर्क टाइम्स के लेखक ताहा सिद्दीकी ने एक्स पर लिखा था कि जनरल असीम मुनीर बच्चों के दिमाग में जहरीली सोच भरना चाहते हैं ताकि उनका ब्रेनवॉश किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुनीर दो राष्ट्र सिद्धांत का प्रचार कर रहे हैं, जो 1971 में ही असफल हो चुका था"

1947 में पाकिस्तान की बुनियाद हिन्दुओं से नफरत के कारण पड़ी थी। आज करीब 77 वर्षों के बाद भी पाकिस्तान हिन्दुओं के प्रति ऐसा ही रवैया लेकर आगे बढ़ रहा है। पाकिस्तान में जितने भी प्रधानमंत्री या सेना प्रमुख हुए वह भारत के खिलाफ हमेशा जहर उगलते और आतंकवादियों को संरक्षण देते रहें। आज भी यह सिलसिला जारी है। इसी परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए पाक की फौजी हुकूमत एक बार फिर पुराना राग अलाप रही है। इस्लामाबाद में हाल ही में हुए प्रवासी पाकिस्तानियों के सम्मेलन में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कश्मीर के मुद्दे पर उकसाने वाले बयान दिए, जिनसे न केवल क्षेत्रीय शांति को नुकसान हुआ है, बल्कि यह भी साफ हो गया कि पाकिस्तान की सत्ता संरचना अब भी नफरत और विघटन की राजनीति को अपनी ताकत मानती है। मौजूदा जनरल मुनीर का हाल ही में दिया गया बयान, जिसमें उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान की 'गले की नस' बताया,ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पाकिस्तान की सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। यही सब पिछले कई दशकों से पाकिस्तान की फौजी हुकूमत द्वारा लगातार दोहराया जाता रहा है। पाकिस्तान के जनरल यह हमेशा कहते रहे हैं कि कश्मीर पाकिस्तान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इसे कभी भी पाकिस्तान से अलग नहीं होने दिया जाएगा। लेकिन क्या इस विचारधारा ने पाकिस्तान को किसी प्रकार का लाभ पहुंचाया है? पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था जर्जर हो चुकी है, आतंकवाद की पोषक छवि बन चुकी है और वैश्विक मंच पर वह अलग-थलग पड़ा हुआ है।

पाकिस्तान की वर्तमान स्थिति किसी से छिपी नहीं है। इन्हीं हरकतों के कारण वह आर्थिक रूप से कमजोर होता जा रहा है। आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार 2025 के शुरूआती महीनों में पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार महज 3.1 अरब डॉलर था, जो मुश्किल से कुछ हफ्तों का आयात खर्च चला सकता है। महंगाई दर 30 प्रतिशत के पार जा चुकी है, बेरोजगारी करीब नौ प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और जनता राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता से त्रस्त है। ऐसे में पाकिस्तान की फौजी हुकूमत का इस प्रकार का उकसावे भरा बयान यह दशार्ता



है कि पाकिस्तान के पास अब कोई दूसरा उपाय नहीं बचा है, सिवाय इसके कि वह अपने लोगों का ध्यान भटकाने के लिए पुराने और साम्प्रदायिक मुद्दों को उछाले। बलूचिस्तान में अलगाववाद की लपटें तेज होती जा रही हैं, और वहां के लोग पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ खुलेआम विद्रोह कर रहे हैं। बलूच विद्रोहियों ने हाल ही में पाकिस्तानी सेना के कई ठिकानों पर हमले किए हैं, जिससे पाकिस्तान के भीतर की अस्थिरता को और भी बढ़ावा मिला है। जनरल मुनीर का यह कहना कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का अभिमान है और कोई इसे नहीं छीन सकता, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि उन्हें बलूचिस्तान की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता है। पाकिस्तान के भीतर के लोग यह सवाल कर रहे हैं कि आखिर कब तक कश्मीर के नाम पर उन्हें गुमराह किया जाएगा, जब उनके घरों में रोटियां पकने की स्थिति नहीं है? यह सवाल पाकिस्तान की युवा पीढ़ी में और सोशल मीडिया पर गहराई से उठ रहा है, जहां सेना की आलोचना अब आम बात हो गई है। कई लोग खुलकर कह रहे हैं कि भारत के साथ फिर से मिल जाना ही बेहतर होता, जो एक संकेत है कि पाकिस्तान में अब लोग अपनी असल समस्याओं के बारे में गंभीर हो रहे हैं। जनरल मुनीर ने अपने भाषण में विदेशों में बसे पाकिस्तानियों से अपील की कि वे अपने बच्चों को यह सिखाएं कि पाकिस्तान क्यों बना और हिंदू और मुसलमान कभी एक जैसे नहीं हो सकते। उनका यह बयान पाकिस्तान की संस्कृति और पहचान को हिंदुओं से श्रेष्ठ बताने वाला था, जबकि आज की वैश्विक दुनिया में यह सोच पूरी तरह से अप्रासंगिक हो चुकी है। टू नेशन थ्योरी, जिसकी नींव पर पाकिस्तान बना था, वह 1971 में ही धराशायी हो गई थी, जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान से अलग होकर अपनी स्वतंत्रता प्राप्त की थी। यह विभाजन यह साबित करता है कि धर्म के आधार पर बनी राष्ट्र की अवधारणा टिकाऊ नहीं हो सकती, और पाकिस्तान की असफलता इस सिद्धांत का प्रमाण बन चुकी है। आज बलूच, सिंधी और पख्तून समुदाय भी अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहे हैं, और यही पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा है। जनरल मुनीर को यह डर सता रहा है कि अगर उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ नफरत का एजेंडा नहीं चलाया, तो पाकिस्तान की नई पीढ़ी उनसे सवाल पूछेगी। इसलिए वह कमजोर और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को एक बार फिर दुश्मन के तौर पर पेश कर रहे हैं, जबकि पाकिस्तान में बचे-खुचे हिंदू समुदाय की स्थिति बेहद दयनीय है।

1947 में पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी 23 प्रतिशत थी, जो आज घटकर महज 3 प्रतिशत रह गई है। या तो वे पलायन कर गए, मारे गए, या फिर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर कर दिए गए। फिर भी, जनरल मुनीर को इनसे डर क्यों लगता है? क्योंकि वह जानते हैं कि यदि नफरत का यह माहौल समाप्त हो गया, तो पाकिस्तान के सत्ता ढांचे की बुनियाद हिल जाएगी। पाकिस्तान की मशहूर सीरीज जिंदगी गुलजार है में भी यह दिखाया गया था कि पाकिस्तान में हिंदुओं को किस प्रकार हाशिए पर रखा जाता है, और यह किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की स्थिति बहुत खराब है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब अल्पसंख्यक समुदाय पहले से ही इतना शोषित है, तो उनके खिलाफ नफरत फैलाने की आवश्यकता क्यों महसूस की जा रही है? अंतरराष्ट्रीय पत्रकार और न्यूयॉर्क टाइम्स के लेखक ताहा सिद्दीकी ने एक्स पर लिखा था कि जनरल असीम मुनीर बच्चों के दिमाग में जहरीली सोच भरना चाहते हैं ताकि उनका ब्रेनवॉश किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुनीर दो राष्ट्र सिद्धांत का प्रचार कर रहे हैं, जो 1971 में ही असफल हो चुका था। यह बयान यह दशार्ता है कि जनरल मुनीर पाकिस्तान के भीतर की अस्थिरता और विघटन को लेकर बेहद चिंतित हैं। परवेज मुशर्रफ, जिन्होंने कारगिल युद्ध छेड़कर भारत से सीधा टकराव किया था, उन्होंने भी कश्मीर को हथियाने के लिए हर संभव प्रयास किया था। उन्होंने आतंकवाद को राज्य नीति का हिस्सा बनाया और भारत में कई आतंकवादी हमले कराए थे। अब जनरल मुनीर भी वही भाषा बोल रहे हैं। इससे यह सवाल उठता है कि क्या पाकिस्तान फिर से वही आत्मघाती रास्ता अपनाना चाहता है? पाकिस्तान अब कमजोर है, लेकिन उसकी सेना और खुफिया एजेंसियां अभी भी आतंकवाद को हथियार बनाकर भारत को अस्थिर करने की कोशिश करती रहेंगी। जम्मू-कश्मीर में हालिया समय में आतंकवादी गतिविधियों में थोड़ी कमी आई है, लेकिन यह मानना भूल होगी कि खतरा पूरी तरह से टल गया है। भारत को पाकिस्तान की असलियत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर करते रहना चाहिए। साथ ही, पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर को भी भारत में पुनः शामिल करने की दिशा में कूटनीतिक प्रयास तेज किए जाने चाहिए। भारत को दुनिया को यह दिखाना होगा कि वह शांति चाहता है, लेकिन अपनी सीमाओं की रक्षा भी जानता है। जहां तक पाकिस्तान की बात है,वह 77 साल तक भारत से दुश्मनी का नतीजा देख चुका है,अच्छा होगा कि पाकिस्तान,भारत से लड़ने झगड़ने की बजाये उसके विकास कार्यों से बराबरी करे।

## कविता

### विज्योति

बहुत मुद्दत के बाद
उकेरे है कुछ लफ्ज
हृदय आघात से बचाकर
किताब-ऐ- पन्नों पर।

बहुत मुद्दत के बाद
अंकित किए हैं कुछ किस्से
हृदय स्थल से उतार
धरातल की मनःस्थली पर।

बहुत मुद्दत के बाद
छाया है सहस्त्रार पर
आत्मज्ञान का महाप्रकाश
मोह की प्रकाष्ठा को लांघकर।

बहुत मुद्दत के बाद
अनाहत से आया है कोई स्वर
विशुद्धा को लांघकर
अंतर्दृष्टि को सचेत कर।

डॉ.राजीव डोगरा

# कोयले के बाद क्या?

**रामानुज** पाठक सतना

आज का मानव समाज ऊर्जा पर अत्यधिक निर्भर है, और यह ऊर्जा मुख्यतः जीवाश्म ईंधनों,जैसे कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस से प्राप्त होती है। इन स्त्रोतों ने औद्योगिक क्रांति से लेकर डिजिटल युग तक मानव विकास को गति प्रदान की है। पिछले दो शताब्दियों में इन ऊर्जा स्त्रोतों ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, और समाज के विकास की दिशा में अभूतपूर्व परिवर्तन लाए हैं। किंतु वर्तमान युग में यह प्रश्न अत्यंत प्रासंगिक हो उठा है – "कोयले के बाद क्या?" यह केवल एक वैज्ञानिक या तकनीकी जिज्ञासा नहीं, बल्कि एक बहुआयामी चुनौती है जिसमें पर्यावरणीय संतुलन, सामाजिक न्याय, आर्थिक पुनर्रचना और वैश्विक सहयोग जैसे तत्व अंतर्निहित हैं। पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों की सीमा और उनके पर्यावरणीय प्रभाव अब मानव जाति को यह सोचने पर विवश कर रहे हैं कि अगला कदम क्या हो? क्या हम वैकल्पिक ऊर्जा की ओर गति से बढ़ रहे हैं? क्या सभी वर्गों और देशों के लिए यह संक्रमण न्यायसंगत होगा? यह आलेख इस महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास करेगा। हम यह जानने की कोशिश करेंगे कि "कोयले के बाद क्या?" और हम उसके लिए कितने तैयार हैं। जीवाश्म ईंधनों की ऐतिहासिक भूमिका पर नजर डालें तो हम देखते हैं कि ,कोयला, कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस ने बीते दो शताब्दियों में बिजली उत्पादन, परिवहन और उद्योगों के संचालन की आधारशिला रखी है। विशेषकर उन्नीसवीं सदी में कोयला ऊर्जा क्रांति का प्रमुख स्त्रोत बना, जिसने भारी उद्योगों और मशीनरी के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यही वह समय था जब दुनिया भर में रेलगाड़ियों और भाप इंजन के उपयोग की शुरूआत हुई, जो वैश्विक व्यापार को तेज करने और औद्योगिक समाज को आकार देने में सहायक बने।

तेल आधारित ईंधनों के बिना विमान, ट्रक, जलपोत आदि का संचालन संभव नहीं होता। वैश्वीकरण की प्रक्रिया, जिसमें माल और मनुष्य का वैश्विक स्तर पर आवागमन होता है, जीवाश्म ईंधनों की ही देन है। समुद्रों और आकाश में वाणिज्यिक मार्गों के विकास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को एक नए युग में प्रवेश कराया, जो केवल जीवाश्म ईंधनों की उपलब्धता और उत्पादन पर निर्भर था।

आधुनिक कृषि प्रणाली में ट्रैक्टर, पंप, उर्वरक निर्माण आदि के लिए जीवाश्म ईंधनों का व्यापक उपयोग होता है। इसके बिना खाद्य उत्पादन की वर्तमान दर बनाए रखना संभव नहीं। इसके अलावा, खाद्य प्रसंस्करण और परिवहन के लिए भी जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता है, जिससे कृषि उत्पादों को बाजारों में पहुंचाना और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना संभव हो पाया है। जीवाश्म ईंधनों की सीमाएँ और संकट भी अनेक हैं। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु परिवर्तन पर अंतरसरकारी समिति (इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज - आई पी सी सी) की रपट के अनुसार, यदि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर रोक नहीं लगी, तो पृथ्वी का औसत तापमान इस सदी के अंत तक 2 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ सकता है।

## विचार

# मुंबई आतंकी हमले के मुख्य गुनहगार का अब होगा हिसाब

**रोहित माहेश्वरी**

**17** लंबे सालों और कुछ महीनों के बाद देश को दहला देने वाले मुंबई आतंकी हमले के सूत्रधार रहे पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण हमारी बड़ी कानूनी व कूटनीतिक जीत है। 26 नवंबर 2008 को मुंबई हमला भारत में सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक था, जिसमें लश्कर के 10 आतंकवादियों ने देश की आर्थिक राजधानी में कई जगहों पर हमला किया था। उसमें 166 निर्दोष नागरिक मार दिए गए थे। सुरक्षा बलों ने 9 आतंकियों को भी ढेर किया था। करीब 300 लोग घायल हुए। एक आतंकवादी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया था, जिसे बाद में फांसी दे दी गई। जिस समय ये आतंकी घटना घटी तब केंद्र में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार थी और महाराष्ट्र में भी कांग्रेस की सरकार थी। उसके बाद छह साल तक केंद्र और महाराष्ट्र दोनों जगह कांग्रेस की सरकार रही। लेकिन उसने मुंबई पर हुए आतंकवादी हमले के दोषियों को पकड़ कर सजा दिलाने का कोई गंभीर प्रयास नहीं किया। पहले तो काफी समय तक कांग्रेस के नेता देश के हिंदू और राष्ट्रवादी संगठनों को ही इसके लिए जिम्मेदार ठहराते रहे थे। उसी समय "हिंदू आतंकवाद" का जुमला खुलेआम कांग्रेस नेताओं की ओर से बोला जाने लगा था। लेकिन अब उस हमले के मुख्य साजिशकताओं में से एक तहव्वुर हुसैन राणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों और सरकार की पहल से भारत लाया गया है तो विडम्बना देखिए कि कांग्रेस के नेता इसका भी श्रेय लेने सामने आ गए हैं। भारत ने 2020 में प्रत्यर्पण का अनुरोध किया था। उसके बाद से ही अमेरिकी प्रशासन से लंबे संवाद के साथ कूटनीतिक और कानूनी दोनों मोर्चों पर लगातार प्रयास जारी रखे। भारत ने न केवल राणा की संलिप्तता के ठोस प्रमाण प्रस्तुत किए, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि उसके साथ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यवहार किया जाएगा। इसके बाद, अमेरिकी अदालतों में लंबी कानूनी प्रक्रिया चली। राणा ने भारत में निष्पक्ष सुनवाई न होने का तर्क देने के साथ अपनी जान को खतरा बताते हुए प्रत्यर्पण का विरोध किया। यह मामला अमेरिकी न्याय व्यवस्था के विभिन्न स्तरों से गुजरते हुए समय लेता रहा। इसी फरवरी में प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने राणा को भारत भेजने की घोषणा की थी। मुंबई हमले के 17 वर्षों बाद ही सही, तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण पाकिस्तान के लिए घबराहट भरा है। उसने यह कहते हुए राणा से दूरी बना ली है कि वह कनाडाई नागरिक है और बीते 20 वर्षों से उसने अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों का नवीनीकरण नहीं कराया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प भी धन्यवाद के पात्र हैं, क्योंकि उनके प्रशासन के तहत ही राणा का प्रत्यर्पण संभव हो सका है।

अब भारत में राणा के खिलाफ "राष्ट्रीय जांच एजेंसी" (एनआईए) की अदालत में केस चलेगा। राणा के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, यूएपीए, भारत के खिलाफ युद्ध आदि की धाराओं के तहत केस चलेगा। बेशक बहुत देर हो चुकी है, लेकिन साक्ष्य आज भी जिंदा हैं।

राणा भारत की गिरफ्त में है और सह-साजिशकार डेविड हेडली अब भी अमेरिकी जेल में कैद है। उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया अभी शुरू भी नहीं हुई है। वह अमेरिकी नागरिक है। हालांकि भारतीय एजेंसियां एक बार उसके साथ सवाल-जवाब कर चुकी हैं। उसी के बाद वह सरकारी गवाह किस्म का आरोपित बन गया था। भारत सरकार को उसे भी हासिल करने की कोशिशें छोडनीी नहीं चाहिए। बहरहाल एनआईए के आरोप-पत्र के मुताबिक, राणा ने भारत में ही हेडली से 231 बार संपर्क किया था। उन्होंने 8 रेकी मिशन भी चलाए थे और नरसंहार से पहले, अपने आखिरी मुंबई प्रवास के दौरान, राणा ने 66 फोन कॉल की थीं। राणा नवंबर, 2008 में ही दिल्ली में भी 11 दिनों तक ठहरा था। फिर पवई के एक होटल में रहा। आतंकी हमले से पहले राणा दुबई चला गया था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आखिरी विकल्प नहीं है आत्महत्या

**गरिमा भाटी**

**आज** के अत्याधुनिक डिजिटल युग में, जहाँ हम तकनीक के माध्यम से दुनिया भर के लोगों से जुड़े हुए हैं, वहीं यह कटु सत्य है कि भावनात्मक रूप से हम दिन-ब-दिन और अधिक अकेले होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भले ही किसी के सैकड़ों-हजारों 'फ्रेंड्स' और 'फॉलोअर्स' हों, लेकिन जब व्यक्ति किसी भावनात्मक, आर्थिक या व्यक्तिगत समस्या से जूझ रहा होता है, तो अक्सर उसके पास कोई ऐसा नहीं होता जो बिना जज किए उसे सुने, समझे और साथ खड़ा हो सके। यह एक चिंताजनक विडंबना है कि तकनीकी विकास के साथ-साथ हमारी भावनात्मक जुड़ाव की शक्ति कमजोर होती जा रही है। समाज में प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी मानसिक तनाव, दबाव या संघर्ष से गुजर रहा है, परन्तु उसकी भावनाओं को साझा करने के लिए कोई ऐसा अपना नहीं होता जिससे वह निःसंकोच बात कर सके। हाल ही में एक अत्यंत दुखद और झकझोर देने वाली घटना में आठवीं कक्षा की एक छात्रा ने केवल एक विषय में असफल होने के कारण आत्महत्या कर ली। यह घटना मात्र एक खबर नहीं, बल्कि एक सवाल है–हमारी व्यवस्था, हमारी सोच, और हमारे सामाजिक दायित्व पर। क्या वह बच्ची इतनी कमजोर थी कि एक असफलता उसे तोड़ गई, या हम एक अभिभावक, शिक्षक, समाज और इंसान के रूप में अपनी भूमिका निभाने में असफल रहे? हर बार जब किसी आत्महत्या की खबर आती है, तब समाज में लोग यही कहते हैं – "काश उसने अपनी परेशानी बताई होती", "काश हम समय रहते उसकी मदद कर पाते", "काश हम उससे एक बार बात कर लेते।" लेकिन ये सभी काश तब सामने आते हैं जब बहुत देर हो चुकी होती है। वास्तविकता यह है कि जब कोई व्यक्ति जीवन के संघर्षों से जूझ रहा होता है, तो वह अक्सर अकेला होता है।

वह जब मदद की उम्मीद करता है, तो आसपास के लोग उससे दूरी बना लेते हैं। कई बार वह व्यक्ति अपने करीबी लोगों से मदद की उम्मीद करता है, परंतु उन्हें नजरअंदाज किया जाता है, उनके कॉल तक नहीं उठाए जाते है।

# नेताजी की नाक और लोकतंत्र की राख

**डॉ.** सुरेश कुमार मिश्राा उरतृप्त

नेताजी की नाक केवल एक साधारण नाक नहीं थी, बल्कि इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज होने योग्य थी। गाँव के बुजुर्गों का कहना था कि जब नेताजी पहली बार चुनाव लड़े थे, तब उनकी नाक एकदम सामान्य थी–छोटी, संतुलित, और इंसानी सीमाओं के भीतर। लेकिन जैसे-जैसे उनके कार्यकाल बढ़ते गए, वैसे-वैसे उनकी नाक भी लंबी होती चली गई। यह कोई रहस्य नहीं था बल्कि उनकी राजनीतिक सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण था। इतिहासकारों ने तो यहाँ तक सिफारिश कर दी थी कि इस नाक को "राष्ट्रीय धरोहर" घोषित कर देना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ देख सकें कि कैसे राजनीति केवल विचारों से नहीं, बल्कि नाक की लंबाई से भी प्रभावित होती है। जब किसी पत्रकार ने उनसे पूछ लिया कि "नेताजी, आपकी नाक इतनी लंबी कैसे हो गई?" तो नेताजी ने मुस्कुराते हुए कहा, "जनता के प्यार से!" यह सुनकर जनता हैरान रह गई। कोई यह कहने की हिम्मत नहीं जुटा पाया कि असल में नेताजी की नाक उनके किए गए वादों की लंबाई से मेल खाती थी। जितने वादे, उतनी लंबी नाक! यह नाक एक जीवंत स्मारक बन चुकी थी, जो याद दिलाती थी कि राजनीति में अनुभव केवल काम करने से ही नहीं, बल्कि वादे करने और उन्हें तोड़ने से भी बढ़ता है। नेताजी के पास हर समस्या का समाधान था–बस समस्या का नाम मत लीजिए! अगर किसी गाँव में पानी नहीं आ रहा तो नेताजी कहते, "भाई, पानी नहीं आ रहा, इसका मतलब यह नहीं कि व्यवस्था खराब है। इसका मतलब यह है कि हमारे जल स्त्रोत सुरक्षित हैं। हम जल संरक्षण को बढ़ावा दे रहे हैं।" बिजली नहीं आती तो उनका जवाब होता, "सरकार जनता को आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। मोमबत्ती जलाइए, बचपन की यादें ताजा कीजिए।" जब किसी ने उनसे पूछा कि अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, तो उनका जवाब था, "हमने जनता को मजबूत बनाने का प्रण लिया है। बीमारियाँ खुद ही ठीक होने दें, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएँ।" इस तर्क में इतनी मजबूती थी कि विरोधियों को भी उनके तर्कशास्त्र के आगे झुकना पड़ता था।

## न्यूज फ्लैश

### मारपीट के बाद किया चाकू से हमला, युवक गंभीर रूप से घायल

**गन्नौर। गांव गढ़ी झंझारा के दो** भाइयों पर गांव के ही कुछ युवकों ने हमला कर दिया। जिसमें एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित इंसार ने थाना गन्नौर में दी। शिकायत में इंसार ने बताया कि वह अपने भाई मनोबर के साथ किसी काम से टेलीफोन एक्सचेंज गन्नौर के पास गया था। वहीं बातचीत के दौरान गांव के याकूब, सोनू और छोटू वहां पहुंचे और बेवजह गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। लोगों ने बीच-बचाव भी किया, लेकिन कुछ देर बाद याकूब चाकू लेकर दोबारा लौटा और जान से मारने की धमकी देते हुए मनोबर पर चाकू से कई वार कर दिए। जिससे उसका भाई मनोबर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंसार ने आरोप लगाया कि उक्त तीनों आरोपित झगड़ालू प्रवृत्ति के हैं और आए दिन हथियार लेकर घूमते हैं। पुलिस ने शिकायत पर हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बड़ी थाना में ग्रामीणों के साथ पहुंचे लल्हेड़ी सरपंच, थाना प्रभारी के सामने रखा पक्ष

**गन्नौर। लल्हेड़ी गांव** के सरपंच मेहर सिंह व उनके भतीजे पर पंचायत के पंच राजेश पर हमला करवाने का आरोप है। इस मामले में सोमवार को सरपंच मेहर सिंह ग्रामीणों के साथ बड़ी थाना पहुंचे और अपना पक्ष रखा। इस दौरान विभिन्न गांवों के सरपंच भी उनके पक्ष में पहुंचे। सरपंच ने थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह के सामने अपना पक्ष रखते हुए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए खुद को निर्दोष बताया। उन्होंने जांच में सहयोग करने की बात कहते हुए हमलावरों का पता लगा कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

**अभी कोई गिरफ्तारी नहीं**

थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि सरपंच मेहर सिंह व ग्रामीणों से उनका पक्ष जाना है। मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। अभी हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस टीम हमलावरों की पहचान में जुटी है। जल्द ही हमलावरों का पता लगा कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। हमलावरों की गिरफ्तारी के बाद ही तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### पुरानी कंडम दमकल गाड़ी के भरोसे रह गई गन्नौर की आगजनी की सुरक्षा

गन्नौर। शहर की दमकल विभाग की सरकार द्वारा लोगों की मांग पर वर्ष 2023 में दी गई नई दमकल गाड़ी को गोहाना में भेज दिया है। अब अगर शहर व आसपास में आगजनी की घटना हो जाती है तो अब आगजनी की सुरक्षा दमकल विभाग की पुरानी गाड़ी के सहारे रह गई है। ऐसे में शहर के लोगों ने सरकार के प्रति रोष जताते हुए सरकार की तरफ से गन्नौर के लिए आई नई दमकल गाड़ी को वापिस गन्नौर के लिए ही भेजने की मांग प्रशासन व सरकार से की है। उनका कहना कि वे गन्नौर विधायक देवेन्द्र कादियान से भी दमकल गाड़ी को वापिस बुलाने की मांग करेंगे। गन्नौर के दमकल विभाग की माने तो जो नई गाड़ी गोहाना में भेजी गई है। वह केमीकल से युक्त थी। जो जल्दी आग पर काबू पा सकती थी लेकिन अब पुरानी गाड़ी रह गई है। वह भी अधिकत्तर खराब रहती है। ऐसे में दमकल सुरक्षा खतरे में चली गई है।

**एक छोटी व एक पुरानी दमकल गाड़ी के भरोसे शहर की सुरक्षा**

नई दमकल गाड़ी को गोहाना भेजे जाने के बाद अब आगजनी की घटना पर काबू पाने के लिए पुरानी गाड़ी रह गई है। इसके अलावा एक छोटी गाड़ी है जो तंग गलियों में जाकर आगजनी की घटनाओं पर काबू पाती है लेकिन उसके टैंक में पानी बहुत कम आता है। अब जो पुरानी गाड़ी रह गई है उसके टैंक से पानी टपकता रहता है।

**दमकल गाड़ी भेजने के लिए मना किया था, लेकिन नही माने अधिकारी : शमशेर**

गन्नौर के दमकल अधिकारी शमशेर सैनी ने बताया कि उन्होंने दमकल गाड़ी को गोहाना को देने के लिए मना किया था लेकिन सोनीपत दमकल विभाग ने उन्हें गोहाना में भेज दिया है। पुरानी गाड़ी कई बार खराब रहती है। उसके टैंक से पानी टपकता है।

# खेल मंत्री ने किया अंबाला छावनी वॉर हीरोज स्टेडियम का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को खेल जगत के तहत बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। अम्बाला के वार हीरोज मैमोरियल स्टेडियम में भी खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। यहां पर खेल से सम्बन्धित जो बेहतर सुविधाएं हैं उनका प्रदेश के अन्य खेल स्टेडियमों में भी अनुसरण किया जाएगा। खेल, युवा, अधिकारिता एवं उद्यमिता, कानून विधायी राज्यमंत्री गौरव गौतम वार हीरोज स्टेडियम अम्बाला छावनी का जायजा लेने के उपरांत मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले यहां पहुंचने पर खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम का डीएसओ राजबीर सिंह, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, प्रिंसीपल आईटीआई अम्बाला शहर भूपेन्द्र



सांगवान, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग रितेश अग्रवाल, प्रिंसीपल मूलचंद आईटीआई अम्बाला छावनी ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। खेल, युवा, अधिकारिता एवं उद्यमिता, कानून विधायी राज्यमंत्री गौरव गौतम ने सबसे पहले जिम्नास्टिक हाल का जायजा लिया। यहां पर खिलाड़ियों को जो सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है उसके बारे में जानकारी हासिल की। इसके उपरांत उन्होंने आल वैदर स्वीमिंग पुल के साथ-साथ फुटबाल स्टेडियम का भी जायजा लिया। उन्होंने डीएसओ से यहां पर कितने खिलाड़ी प्रैक्टिस के लिए आते हैं, कितनी नर्सियां हैं तथा कितने कोच है तथा यहां पर जो अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी भी विस्तार से जानकारी ली। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यहां पर खिलाड़ियों को क्या सुविधाएं दी जा रही हैं और क्या सुविधा उन्हें दे सकते हैं। इसके तहत यहां का दौरा किया गया है। यहां पर अच्छी सुविधाएं खिलाड़ियों को उपलब्ध करवाई जा रही है। स्वीमिंग खेल से सम्बन्धित आल वैदर स्वीमिंग पुल व फुटबाल स्टेडियम भी यहां पर बेहतरीन है। मैंटेंस से सम्बन्धित जो तकनीकी बाधा है उसे दूर किया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को और बेहतर सुविधा मिल सके।

कोर्ट में भी कुछ मामला विचाराधीन है उसको भी कानूनी प्रक्रिया के तहत परस्यु किया जा रहा है। इसी प्रकार विभागीय मैंटेंस से सम्बन्धित जो भी कार्य है उसे सम्बन्धित विभागों को जल्द से जल्द करने बारे निर्देश दिए गए हैं। फुटबाल स्टेडियम को हैंड ओवर करने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि विभाग से बातचीत करके इस कार्य को किया जाएगा।

## हरियाणवी लोक संस्कृति परम्पराओं का प्रचार-प्रसार कार्यशाला प्रारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: कला एवं** सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा, चंडीगढ़ व जिला बाल कल्याण परिषद, अंबाला द्वारा संयुक्त रूप से लघु बाल भवन, अंबाला छावनी में 15 दिवसीय हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला का आरम्भ किया गया ताकि हरियाणवी लोक संस्कृति परम्पराओं का प्रचार - प्रसार किया जाए। अजय सिंह तोमर, आइ.ए.एस. उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला बाल कल्याण परिषद, अंबाला के निर्देशानुसार कार्यशाला का आरम्भ विश्वास मलिक, जिला बाल कल्याण अधिकारी, अंबाला द्वारा दीपशिखा प्रजवलित कर बच्चों को अपनी सांस्कृति विरासत का पहरेदार बनने का आह्वान किया। यह जानकारी देते हुए विश्वास मलिक ने बताया की लघु बाल भवन, अंबाला छावनी में इन बच्चों को हरियाणवी लोक नृत्य का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा और बताया की जिस देश अथवा प्रदेश की संस्कृति जिंदा है वहां उन्नति के अवसर अधिक होते है। बुध राम, प्रशिक्षक द्वारा बच्चों को इस कार्यशाला के माध्यम से समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

### चालक को व्यक्ति ने चाकू मारकर घायल कर जान से मारने की धमकी दी

**गन्नौर। काम कर रहे** कमेंन चालक को व्यक्ति ने चाकू मारकर घायल कर दिया। आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल के भाई ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गढ़ी झंझारा निवासी इंसार ने बताया कि वह अपने भाई मनोबर टेलीफोन एक्चेंज के पास कम्मेन से काम कर रहे थे। इस दौरान याकूब, सोनू व छोटू वहा आये और उनके साथ गाली-गलौच करने लगे। इस दौरान याकूब ने चाकू से उसके भाई मनोबर के ऊपर हमला कर घायल कर दिया। लोगो को आता देखकर आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

# राज वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा को मानद उपाधि से नवाजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :श्रीकृष्ण आयुष** विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह के ऐतिहासिक अवसर पर देश-विदेश में आयुर्वेद की पताका फहराने वाले प्रख्यात आयुर्वेदाचार्य वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा को आयुष विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं हरियाणा के राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय ने डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (आयुर्वेद संकाय) की मानद उपाधि से अलंकृत किया। खास बात ये है कि राज वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा ने आयुर्वेद को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित किया है। उन्होंने अपने देश के कई राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों तथा अंतरराष्ट्रीय हस्तियों की चिकित्सा की है। वे पद्मश्री



(1998) और पद्मभूषण (2009) जैसे राष्ट्रीय सम्मानों से विभूषित हो चुके हैं। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताया। इस अवसर पर पद्म भूषण वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा ने नवदीक्षित चिकित्सकों को प्रेरित करते हुए कहा कि आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र दृष्टि है। अब जब आप सब डिग्री प्राप्त कर समाज में उतर रहे हैं, तो यह आवश्यक है कि आप शुद्ध और प्रामाणिक आयुर्वेद पद्धति से जनमानस की सेवा करें। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौर में आयुर्वेद ने जिस प्रभावशीलता और सशक्तता से लोगों को राहत दी, उसने इसकी प्रासंगिकता को फिर से स्थापित किया है। ऐसे में यह हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम इस प्राचीन ज्ञान को समर्पण, विश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाएं।

पहले भी मिल चुकी मानद उपाधि बता दें कि वैद्य त्रिगुणा को लाल बहादुर डीम्ड युनिवर्सिटी द्वारा वाचस्पति की मानद उपाधि, गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय,एमिटी युनिवर्सिटी (नोएडा), बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय (रोहतक) श्री श्री विश्वविद्यालय,कटक (उड़ीसा) द्वारा भी मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है।

### दस दिवसीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान कार्यशाला का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के मनोविज्ञान विभाग और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय ह्यासामाजिक अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रमह्य का गुरवार को समापन हो गया। आईसी एसएस आर द्वारा प्रायोजित इस दस दिवसीय इस कार्यशाला में देशभर से शोधार्थियों ने प्रतिभागिता की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने संदेश में कहा कि इस तरह के आयोजन प्रतिभागियों को शोध के मोर्चे पर सशक्त बनाने में मददगार साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि यह मंच न केवल सीखने बल्कि पुनः सीखने और व्यक्तिगत विकास के अवसर भी प्रदान करता है। कार्यशाला के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. पवन कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में भारतीय सभ्यता की प्राचीन अनुसंधान परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक अनुसंधान कोई आधुनिक अवधारणा नहीं है। हमारे प्राचीन ग्रंथों और महाकाव्यों में भी तर्क, विश्लेषण और दार्शनिक चिंतन की समृद्ध परंपरा देखने को मिलती है।

# पुलिसकर्मियों को गिरफ्तारी एवं कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, (कमाल हुसैन ) पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र** सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में अनुसंधानकर्ता पुलिस अधिकारियों के लिए शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को गिरफ्तारी की कानूनी प्रक्रिया, मानवाधिकारों का पालन एवं अभियुक्तों को न्यायालय में विधिसम्मत तरीके से पेश करने की प्रक्रिया की सटीक



जानकारी देना था। जिला न्यायवादी श्री राजेश चौधरी व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री सतीश वत्स ने कार्यशाला में अनुसंधानकर्ता पुलिस अधिकारियों को मामलों में गिरफ्तारी की कानूनी प्रक्रिया, अधिकारों की जानकारी, और माननीय न्यायालय में उन्हें समय पर एवं उचित दस्तावेजों के साथ पेश करने की प्रक्रिया एवं गत दिनों माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी के विषय में जारी की गई हिदायतों इत्यादी की जानकारी दी। जिला न्यायवादी राजेश चौधरी ने बताया कि भारतीय संविधान एवं बीएनएसएस के तहत गिरफ्तारी की स्पष्ट प्रक्रिया निर्धारित है। मामलों में अभियुक्त की गिरफ्तारी के समय इसकी पालना करना प्रत्येक पुलिसकर्मी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी के समय पुलिस को यह सुनिश्चित करना होता है कि गिरफ्तार व्यक्ति को उसके अधिकारों की जानकारी दी जाए। उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को 24 घंटे के भीतर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसके साथ ही, गिरफ्तारी के समय पंचनामा, मेमो ऑफ अरेस्ट, मेडिकल जांच, और गिरफ्तारी की सूचना परिजन को देना जैसी प्रक्रियाओं का पालन करना आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि उपरोक्त कानूनी प्रावधानों का पालन नहीं किया गया।

# नाले में गिरा गौ वंश, लोगों ने रस्से से बाहर निकाला, हादसा टला

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। वीरवार को माइल** संस्कृति स्कूल के गौ वंशों की लड़ाई के दौरान एक गौ वंश खुले पड़े नाले में गिर गया। गनीमत रही कि गौ वंश की लड़ाई के दौरान पास में खड़े बिजली के ट्रांसफार्मर के पास खुली पड़ी बिजली के फेस से टच होने में बाल बाल बच गया। जिससे हादसा होने से टल गया। गौ वंश के नाले में गिरने के बाद उसकी जान बचाने के लिए आसपास के लोग दौड़े और रस्से की मदद से गौ वंश को करीब 30 मिनट की कड़ी मशक्त के बाहर निकाला। उसके बाद गौ वंश के



उपचार के लिए गौ सेवकों को बुलाया। गौ सेवकों के दल ने गौ वंश का उपचार किया। बच्चों के स्कूल के पास नाला खुला होने का लोगों ने रोष जताते हुए प्रशासन से खुले पड़े सभी नाले ढकने की मांग की। शहरवासी सतेन्द्र, विकास, महेन्द्र ने बताया कि शहर में ऐसे बहुत सी जगह है जहां घनी आबादी के बावजूद नाले खुले पड़े है।

# वार्ड 26 पार्षद कुसुम भट्ट ने निगम अधिकारियों के साथ किया वार्ड का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आगामी मानसून सीजन के दौरान पानीपत की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसको लेकर आज कल पानीपत नगर निगम की मेयर ही नहीं सभी पार्षद अपने अपने क्षेत्रों में अधिकारी को साथ लेकर स्थानीय समस्याओं का समय रहते समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड 26 की पार्षद कुसुम भट्ट ने शुक्रवार को वार्ड के सैनी कॉलोनी, गंगा राम कॉलोनी, गोपाल कॉलोनी और बिल्लू कॉलोनी का दौरा करके लोगों की समस्याओं को जाना और तत्काल कार्यवाही करने के आवश्यक निर्देश मौके पर ही



मौजूद अधिकारियों को दिए। वार्ड 26 की पार्षद कुसुम भट्ट ने स्थानीय समस्या समाधान कार्यक्रम का शुभारंभ मनोहर पार्क से किया और पार्क का निरीक्षण कर नए पौधे लगाकर पार्क का सौन्दर्यीकरण करवाने के निर्देश दिए। इसके बाद सैनी कॉलोनी में मयंक, सरोज, रोशनी, जितेंद्र, प्रदीप, लाडो राणा से बातचीत कर स्थानीय समस्याओं के बारे में की जानकारी ली। समाजसेवी सुभाष शर्मा ने बताया कि वार्ड में मुख्य समस्या जल निकासी की है काफी समय से इस क्षेत्र में पानी निकासी व्यवस्था ठीक नहीं है नाले जगह जगह टूटे हुए हैं वर्षा के दौरान यह समस्या और भी बढ़ जाती है। इसके बाद पार्षद कुसुम भट्ट गंगा राम कॉलोनी में समस्या जानने पहुँचीं। वहां पर प्रदीप, बीरमती, अनुराधा, बबीता, सुषमा, कंचन, संतोष आदि ने पार्षद का स्वागत किया। इस अवसर पर कुसुम भट्ट ने कहा कि लोकतंत्र में जनता और उसके प्रतिनिधि के बीच कोई फासला नहीं होतो अपनी समस्या के समाधान के लिए, वार्ड के निवासी किसी भी समय उनसे मिल सकते हैं उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान भी उन्होंने जनता से वादा किया था कि उनके घर के द्वार 24 घंटे सातों दिन खुले रहेंगे। उन्होंने पुनः दोहराया कि वार्ड का कोई भी नागरिक अपने काम के लिए किसी भी दिन आकर उनसे संपर्क कर सकता है। भाजपा सरकारें देश महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, वीर सावरकर, सरदार पटेल, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. मंगल सैन के बताए मार्ग पर चलते हुए अंत्योदय की भावना से क्षेत्र की जनता के द्वार पर जाकर जरूरतमंद लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। इसी सिद्धांत पर चलते हुए वह स्वयं अनेक कालोनियों का दौरा कर जनता की समस्या जानकर समय रहते उनका समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं।

# साईकिल यात्रा को लेकर डीसी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: उपायुक्त अजय** सिंह तोमर ने अपने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए साईक्लोथोन 2.0(साईकिल यात्रा) के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत सिंह, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम अमित भारद्वाज मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि साईक्लोथोन 2.0 के तहत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को



कहा कि जहां से भी यह साईकिल यात्रा गुजरेगी वहां पर उसका स्वागत एवं अभिनंदन किया जाए। साईकिल यात्रा के दौरान पुलिस विभाग पुलिस राईडर, जनस्वास्थ्य विभाग पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग एंबुलैंस की व्यवस्था के साथ -साथ अन्य संबंधित विभागों द्वारा साईकल यात्रा में शामिल लोगों के ठहरने व अन्य जो प्रबंध करने की जो जिम्मेवारी एवं ड्यूटी सौपी गई है उसे समय रहते करें। उपायुक्त ने यह भी बताया कि यह साईकिल यात्रा 19 अप्रैल को यमुनानगर से होते हुए अंबाला जिले के उपमंडल नारायणगढ़ में प्रवेश करेगी, गांव अंबली में यात्रा का स्वागत किया जाएगा जिसके उपरांत यह यात्रा रज्जुमाजरा, बरसूमाजरा, लाहा व बतौरा होते हुए पंचकूला जाएगी। उन्होंने बताया कि अगले दिन यानि 20 अप्रैल को यह यात्रा पंचकूला से शुरू होकर बरवाला होते हुए शाहजादपुर पहुंचेगी और पतरेहड़ी -कड़ासन व साहा होते हुए अंबाला छावनी खेल छात्रावास अंबाला छावनी में पहुंचेगी । इसी प्रकार अगले दिन यह यात्रा 21 अप्रैल को वार हीरोज स्टेडियम अम्बाला छावनी से शुरू होकर मोहड़ा होते हुए कुरुक्षेत्र के लिए रवाना होगी। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित संबंधित सभी को निर्देश दिए कि इस यात्रा से संबंधित जिन विभागों की जो जिम्मेवारी तय की गई वे सभी इन कार्यो को बेहतर समन्वय बनाते हुए समय रहते करना सुनिश्चित करें ताकि जिले में इस यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन हो सके। उन्होंने इस यात्रा में कैमिस्ट एसोसिशन के साथ-साथ अन्य सामजिक संस्थाओं, गैर सरकारी संस्थाओं व अन्य लोगों को विशेषकर युवा पीढ़ी को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए कहा ताकि सभी के सहयोग से इस यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सके। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, जिला उच्च शिक्षा अधिकारी डा. खुशीला, सिविल सर्जन डा. राकेश सहल, डीएसपी रजत गुलिया, डीएसपी रमेश कुमार, डीएसपी सूरज चावला के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारीगण व अन्य मौजूद रहे।

# गेहूं कटाई के बाद खेतों में पड़े अवशेषों को न जलाएं: आदित्य रंगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: तहसीलदार आदित्य** रंगा ने अपने कार्यालय में गेहूं कटाई के बाद खेतों में पड़े अवशेषों को ना जलाने बारे किसानों व अन्य को जागरूक करने के लिए ग्राम सचिव एवं पटवारियों की बैठक लेकर उन्हे निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए तहसीलदार अंबाला शहर आदित्य रंगा ने कहा सभी पटवारियों एवं ग्राम सचिवों को निदेश दिए कि वे अपने-अपने हल्के में यानि फील्ड में रहकर किसानों एवं अन्य को जागरूक



करे कि वह फसल कटाई के बाद अवशेषों को ना जलाए। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने से जहां वातावरण प्रदूषित होता है वही मानव जीवन पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने यह कहा कि अवशेष जलने से मिट्टी की उर्वरक शक्ति भी कमजोर हो जाती है तथा मिट्टी में जो मित्र कीट होते है वह भी नष्ट हो जाते है। उन्होंने बैठक के दौरान संबंधित सभी को कहा कि इस बार किसानों को जागरूक करना सुनिश्चित करें।

## न्यूज फ्लैश

### ज्योतिबा फुले ट्रस्ट बेटियों की शिक्षा लिए कर रही कार्य: मानसिंह बजगांवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा विकास ट्रस्ट द्वारा "शिक्षा में बढ़ते कदम अभियान" के तहत एक बेटी का बी. ए. प्राइवेट का दाखिला भर गया। ट्रस्ट के चेयरमैन मिहा सिंह रंगा ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट हमेशा ही पितृ विहीन या जिन बेटियों के माता-पिता नहीं है उनकी शिक्षा के लिए हमेशा प्रयासरत है। ताकि कोई भी बेटी आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। आज ट्रस्ट द्वारा शिक्षा में बढ़ते कदम अभियान के तहत वरिष्ठ समाजसेवी मानसिंह बजगावां प्रधान बाबा सवारनाथ चेला मोहरु नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट गांव बाहरी कुरुक्षेत्र ने अपनी नेक कमाई से एक बेटी के दाखिले में सहयोग किया। मानसिंह बीजगवां ने कहा कि ज्योतिबा फुले ट्रस्ट का शिक्षा के लिए यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेविका श्रीमती स्वीटी रंगा के मार्गदर्शन में बेटियों के लिए शिक्षा की अलख जगाए हुए है। मानसिंह बजगावां ने कहा कि इस शिक्षा अभियान से बेटियां पढ़ लिख कर अपना भविष्य बना रही। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के शिक्षा के पुण्य कार्य में आज मुझे भी सहयोग करने का सौभाग्य मिला और मैं सभी से अपील करता हूं कि महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट के शिक्षा के कार्य में अधिक से अधिक सहयोग करें। शिक्षा का दान बहुत बड़ा दान है। मानसिंह बिजगांव ने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी इसी प्रकार से इन बेटियों की शिक्षा के लिए सहयोग करता रहूंगा। ट्रस्ट के चेयरमैन मिहा सिंह रंगा ने मानसिंह बजगावां को सहयोग पत्र देकर उनका हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

### वाईफाई तारों में उलझकर नपा चेयरमैन गिरकर हुए चोटिल, पुलिस को दी शिकायत



**समालखा (कुलदीप सिंह)** गोल्डन पार्क के पास नीचे लटकी हुई वाईफाई केबल में उलझकर अपनी स्कूटी से गिरकर नगरपालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल चोटिल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं चेयरमैन ने पुलिस को शिकायत देकर कारवाई की मांग की है। शिकायत में चेयरमैन अशोक कुच्छल ने बताया कि वह रात 8 बजे स्कूटी से अपने घर जा रहा थे। गोल्डन पार्क के पास नीचे लटकी और टूटी हुई तारों में स्कूटी उलझ गई जिससे वो गिर जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि उक्त तारे एक वाईफाई कनेक्शन देने वाली कंपनी की थी। कुच्छल ने बताया कि इसको लेकर वो बिजली विभाग व टेलीफोन विभाग को शिकायत देंगे ताकि बिजली व टेलीफोन के खंभों पर अवैध रूप से लगाई गई वाईफाई व टीवी केबल की तारों को हटवाया जा सके और उनके खिलाफ केस दर्ज कराया जाए। जिससे भविष्य में शहर के लोग हादसों का शिकार ना हो सकें।

# शिक्षा ही महिला सशक्तिकरण की कुंजी है-डॉ. पवन सैनी

## छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

**अनूठा**

**वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह ने शिक्षा, संस्कृति और सशक्तिकरण का अनूठा संगम प्रस्तुत किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/शाहजादपुर:** राजकीय महिला महाविद्यालय, शाहजादपुर में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह ने शिक्षा, संस्कृति और सशक्तिकरण का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्राओं के प्रयासों को सराहा और उनके भविष्य के लिए प्रेरक शब्द दिए।

कार्यक्रम में सबसे पहले मुख्य अतिथि डॉ. पवन सैनी द्वारा पौधारोपण किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ जिसने पूरे सभागार को ज्ञान और उत्साह से भर दिया। छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डॉ. पवन सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि आज की यह पुरस्कृत छात्राएं न केवल अपने परिवार का गौरव बढ़ाएंगी, बल्कि समाज में भी बदलाव की प्रेरणा बनेंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही महिला सशक्तिकरण की कुंजी है। उन्होंने महाविद्यालय के शैक्षणिक माहौल और छात्राओं के समग्र विकास की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाये है। महिला शिक्षा को बढावा देने के लिए 30 महिला कालेज खोले गये है जिनमें से एक बडागढ स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय शहजादपुर भी शामिल है। उन्होने कहा कि इस महाविद्यालय के खुलने से क्षेत्र की लड़कियों को अब उच्च शिक्षा के लिए बाहर के कालेजों में नहीं जाना पड़ता है। उन्होने छात्राओं से कहा कि वे लक्ष्य निर्धारित कर अपनी पढाई करें और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत से शिक्षा ग्रहण करें।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज हर क्षेत्र में प्रदेश आगे बढ रहा है और शिक्षा के क्षेत्र में भी हमारे बच्चें पीछे न रहे इसके लिए विशेष तौर पर ध्यान दिया जा रहा है और योजनाएं बनाई गई है।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उमेश भारती ने कहा कि हमारी छात्राएं शिक्षा, खेल और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। यह पुरस्कार उनकी कड़ी मेहनत और लगन को प्रोत्साहन देने का एक छोटा सा प्रयास है। इस अवसर पर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ छात्रा और विभिन्न विषयों की टॉपर छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें विज्ञान, कला, वाणिज्य और अन्य विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं शामिल थीं। बी एस सी द्वितीय वर्ष की काजल को वर्ष की सर्व श्रेष्ठ छात्रा के रूप में पुरस्कृत किया गया जिसे प्रशंसा पत्र और ट्रॉफी के अतिरिक्त लक्ष्मी देवी मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट, पंचकुला के तरफ से 2100 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. कश्मीर सिंह ने मुख्य अतिथि, अतिथियों, शिक्षकों और छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

## नारायणगढ़ में इतिहास विभाग के तहत विस्तार व्याख्यान आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**सर्वांगीण**

**इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों का मानसिक, आध्यात्मिक व सर्वांगीण विकास होता है**

**अम्बाला/नारायणगढ़:** राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में प्राचार्या डॉ. खुशीला के निर्देशन में इतिहास विभाग के तहत विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद इद्रीश पूर्व अध्यक्ष इतिहास विभाग पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला से रहे। जिनका विषय मध्यकालीन साहित्य और इतिहास व सूफी संतों की विचारधारा रहा। मुख्य वक्ता डॉ. इद्रीस ने मध्यकालीन भारत के साथ-साथ सूफी मत के उदभव व विकास पर प्रकाश डालते हुये भारतीय समाज पर पड़े उनके गहरे समन्वय वादी प्रभावों को रेखांकित किया। विद्यार्थियों नें संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता ने विस्तृत उत्तर दिए। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार ने इस आयोजन के लिए प्राचार्या व मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया और विषयों पर चर्चा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रम में बढ़ चढकर भाग लेने के लिए उत्साहित किया। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों का मानसिक, आध्यात्मिक व सर्वांगीण विकास होता है।

## विधायक ने पीएचसी चुलकाना का किया औचक निरीक्षण

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**



**विधायक** मनमोहन भड़ाना ने गांव चुलकाना गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। विधायक ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था, उपस्थिति पंजिका, रिक्त पदों की संख्या और मूलभूत सुविधाओं को लेकर कर्मचारियों से बात की। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों व कर्मचारियों को परेशानी ना हो इसलिए वो यहां आए हैं ताकि समस्या का समाधान हा सके। उन्होंने कर्मचारियों से बात करते हुए कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ हमे नरमी व अच्छे व्यवहार के साथ पेश आना चाहिए। उनकी समस्याओं को सुनते हुए समाधान के लिए प्रयास करना चाहिए। चुलकाना गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत गांव छदिया, किवाना, पावटी, डिकाडला, जौरासी खास और जौरासी खालसा गांव आते है। इन गावों की आबादी 50 हजार के करीब है। 50 लोगों पर कुल एक डेंटल सर्जन डॉक्टर है। अस्पताल में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन सहित स्टाफ की कमी है।

## 5 अवैध कट्टों सहित यूपी का जैद रिमांड पर भेजा-सीआईए-1

**पर्यावरण संदेश**

**आरोपी का न्यायालय के आदेशानुसार 05 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया गया है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अवैध हथियार/कारतूस रखने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान मुकदमा नं0 107 दिनांक 17 अप्रैल 2025 धारा 25 आमर्ज एक्ट के अन्तर्गत थाना महेशनगर क्षेत्र गाँव मंगलई के पास निमाणाधीन फ्लाई ओवर के नीचे से 17 अप्रैल 2025 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी जैद निवासी गाँव गैबलीपुर थाना मंडावर जिला बिजनौर यूपी वर्तमान पता अजय करियाना स्टोर पूजा विहार थाना महेशनगर जिला अम्बाला को 05 अवैध देसी कट्टों व 02 जिन्दा रौंद सहित गिरफ्तार करके थाना महेशनगर मामला दर्ज किया गया। आरोपी का माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 05 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया गया है। रिमाण्ड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

सीआईए-1 निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ ने जानकारी देते हुए बतलाया कि 17 अप्रैल 2024 को सीआईए-1 के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार बेचने का कार्य करता है जो आज भी अवैध हथियार बेचने के लिए गाँव मंगलई फ्लाई ओवर के नीचे खड़ा है जिसके पास बैग में अवैध हथियार है। अगर तुरन्त कार्यवाही की जाए तो आरोपी को अवैध हथियार सहित काबू किया जा सकता है। सूचना उपरान्त सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना महेशनगर क्षेत्र गाँव मंगलई फ्लाई ओवर के नीचे से आरोपी को बैग में रखे अवैध हथियारों व जिन्दा रौन्द सहित काबू किया। आरोपी की पहचान जैद निवासी गाँव गैबलीपुर थाना मंडावर जिला बिजनौर यूपी वर्तमान पता अजय करियाना स्टोर पूजा विहार थाना महेशनगर जिला अम्बाला के रूप में हुई जिसे उपरोक्त अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार कर थाना महेशनगर में मामला दर्ज किया।

## समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**शिविर**

**10 शिकायतें आई जिनमें परिवार पहचान पत्र, बिजली, प्रॉपर्टी आईडी आदि से सम्बंधित थी**

**अम्बाला/नारायणगढ़:** उपमण्डल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शाश्वत सांगवान ने लोगों की समस्याएं सुनी और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिये। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बंधित 10 शिकायतें आई जिनमें परिवार पहचान पत्र, बिजली, प्रॉपर्टी आईडी आदि से सम्बंधित थी।

एसडीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कर इसकी रिर्पोट उन्हें दे। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशांनुसार समाधान शिविर सोमवार व वीरवार सुबह 10 बजें से 12 बजें तक आयोजित किए जा रहें है। इन शिविरों की मोनिटरिंग वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री महोदय एवं उनके कार्यालय द्वारा कि जाती है। समाधान शिविर में गांव बेरखेड़ी के विक्रमजीत, छोटी कोहडी की परमजीत कौर ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने तथा गांव दूधली की सोनिया ने परिवार पहचान पत्र से सम्बंधित अपनी समस्या रखी। वार्ड 8 के मनीष कुमार ने प्रॉपर्टी आईडी से सम्बंधित समस्या रखी, गांव बेरखेड़ी के जरनैल सिंह ने खेत के रास्ते से पेड़ कटवाने से सम्बंधित, लाहा के रमेश कुमार ने बिजली की तार टूटने एवं फसल में आग लगने से हुए नुकसान के बारे में तथा गांव हमीदपुर के सतपाल ने समस्या रखी कि उसके पास कोई गाड़ी नहीं है।

## ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइकिल यात्रा आज नारायणगढ़ में प्रवेश करेगी- शाश्वत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/नारायणगढ़:** हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के अन्तर्गत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन-2.0 (साइकिल यात्रा) आज उपमण्डल नारायणगढ़ में प्रवेश करेगी। यह साइकिल यात्रा जिला यमुनानगर से उपमण्डल नारायणगढ़ पहुंचेगी जहां पर इसका जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए एसडीएम शाश्वत सांगवान ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान को लेकर यह साइक्लोथॉन-2.0 (साइकिल यात्रा) 5 अप्रैल से हिसार से शुरू हुई है जोकि प्रदेश के सभी 22 जिलों को कवर करते हुए ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश दे रही है। नारायणगढ़ में यह साइक्लोथॉन-2.0 (साइकिल यात्रा) सढौरा जिला यमुनानगर से होते हुए मारकण्डा पुल से होकर वाया अम्बली होते हुए नारायणगढ़ पहुंचेगी यहां से यह गांव लाहा होते हुए जिला पंचकूला के कस्बा रायपुररानी पहुंचेगी। इसी प्रकार 20 अप्रैल को साइक्लोथॉन-2.0 (साइकिल यात्रा) जिला पंचकूला से शुरू होकर बरवाला होते हुए शहजादपुर और पतरेहड़ी, कडासन होते हुए पिलखनी-अम्बाला पहुंचेगी। एसडीएम ने उपमण्डल के लोगों से आह्वान किया है कि वे ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर निकाली जा रही है इस साइक्लोथॉन-2.0 (साइकिल यात्रा) में बढ-चढ कर भाग लें और हरियाणा को नशा मुक्त बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशा मुक्त हरियाणा बनाना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में ग्राम पंचायतों, शिक्षण संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), विभिन्न एसोसिएशनों, खिलाड़ी, संस्थाएं तथा युवा वर्ग इस मुहिम का हिस्सा बने और साइक्लोथॉन में भाग लेकर जन-जन तक हरियाणा को नशा मुक्त बनाने का संदेश पहुंचायें।

## कार व ट्रैवलर की टक्कर में सवारियां जख्मी

**समालखा ( कुलदीप सिंह )** जीटी रोड पर समालखा और गांव पट्टीकल्याणा के बीच दो वाहनों की टक्कर में चार लोग जख्मी हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा अलसुबह करीब तीन बजे हुआ। जानकारी के अनुसार ट्रैवलर मनाली से और डिफेंडर कार चंडीगढ़ से दिल्ली जा रही थी। ट्रैवलर में करीब एक दर्जन सवारियां थी जो मनाली से दिल्ली फ्लाइट पकड? जा रही थी। जबकि चंडीगढ़ के अमित और माधव कार से दिल्ली जा रहे थे। पट्टीकल्याणा और समालखा के बीच रोड के बीच गड्ढे होने से दोनों गाडियों असंतुलित होकर आपस में टकरा गई। हादसे में ट्रैवलर सवार सेरवर, सौन्दर्या, देविका और किशोरी अर्पणा वहीं कार सवार अमित और माधव को भी मामूली चोटें लगी।

## बेदी ने हमारी विश्वास की लौ को तेज किया: डॉ दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**आभार**

**मान्यवर सत्यवान सरोहा के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने कृष्ण बेदी का हृदय से आभार प्रकट किया**

**कुरुक्षेत्र** : प्रथम व द्वितीय श्रेणी की पदोन्नति के लिए आए निर्णय और क्रीमीलेयर की समस्या को लेकर हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ, हरियाणा के राज्य अध्यक्ष डॉ दिनेश निम्बडिया व हरियाणा सचिवालय एस सी यूनियन अध्यक्ष सत्यवान सरोहा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कैबिनेट मंत्री माननीय कृष्ण बेदी जी से मिला। सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई बैठक अनुसूचित जाति वर्ग के कर्मचारियों के संघर्ष में एक नई उम्मीद लेकर आई, जब कैबिनेट मंत्री माननीय श्री कृष्ण बेदी जी ने हमारे प्रतिनिधिमंडल की बात को न केवल गंभीरता से सुना, बल्कि उसे व्यक्तिगत दायित्व मानते हुए मुख्य सचिव से वार्ता तक स्वयं नेतृत्व किया। माननीय कृष्ण बेदी जी ने 1 अप्रैल 2025 को प्रथम व द्वितीय श्रेणी की पदोन्नति में आए निर्णय, क्रिमिलेयर से जुड़ी समस्याएं, तथा दशकों से लंबित आरक्षण व्यवस्था जैसे मुद्दों को पूरी गंभीरता से उठाया और वादा किया कि "यह केवल आपकी नहीं, सरकार की समस्या है झ और इसे अब टाला नहीं जाएगा!" उन्होंने मुख्य सचिव हरियाणा सरकार से इस मुद्दे पर संवाद हेतु समय की मांग की व मुख्य सचिव महोदय ने माननीय मंत्री जी को तुरंत इस मुद्दे पर चर्चा हेतु समय दिया।इसके पश्चात माननीय मंत्री जी प्रतिनिधिमंडल के साथ-साथ स्वयं मुख्य सचिव महोदय से मिलने पहुंचे और इस मुद्दे को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए ठोस समाधान की दिशा में पहल की। उनका यह समर्पण और संवेदनशीलता निश्चित ही अनुसूचित जाति वर्ग के लाखों कर्मचारियों के लिए प्रेरणा और विश्वास का स्रोत बनी है। डॉ. दिनेश निंबड़िया (राज्य प्रधान हजरस) व मान्यवर सत्यवान सरोहा (सचिवालय एससी यूनियन) के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने माननीय कृष्ण बेदी जी का हृदय से आभार प्रकट किया।

## सामाजिक बुराई नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ने की आवश्यकता: पंकज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**एकजुट**

**बल्कि उसे सही मार्ग पर लाने में मदद करनी चाहिए। हम सब मिलकर नशे के खिलाफ एकजुट हो सकते हैं**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा** : एसडीएम लाडवा पंकज सेतिया ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। हमें मिलकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। नशे के खिलाफ सरकार की ये मुहिम सराहनीय है। हम सबको एकजुट होकर अभियान के साथ जुड़ना चाहिए। उन्होंने नशे को शरीर, धन और समाज के लिए हानिकारक बताते हुए कहा कि इन विषयों के प्रति समाज में जागरूकता लाना अत्यंत आवश्यक है। हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ निकाली जा रही साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा का करनाल से यमुनानगर जाते समय शुक्रवार को लाडवा विधानसभा के गांव लाठी धनोरा पहुंची, जहां एसडीएम पंकज सेतिया, डीएसपी रणधीर सिंह, नायब तहसील बलकार सिंह, बीडीपीओ रणधीर सिंह व ग्राम सरपंच बलिंद्र सिंह और क्षेत्रवासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर साइक्लोथॉन यात्रा का स्वागत फूल मालाओं पहनाकर व पुष्प वर्षा कर किया और नशे के विरुद्ध अभियान चलाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा बनाने में सरकार के साथ-साथ समाज की भी सक्रिय सहभागिता जरूरी है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से जनता और युवाओं के मन में एक सकारात्मक संदेश जाता है। यदि इस मुहिम के माध्यम से हम एक भी बच्चे को नशे से बचाने में सफल होते हैं, तो यह हमारे लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह एक व्यापक मुहिम का रूप ले रही है और प्रदेश को नशे से मुक्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

**हम सभी को नशा मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए : डॉ. अशोक**

साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा का नेतृत्व कर रहे डॉ. अशोक वर्मा ने कहा कि यात्रा से आमजन को बहुत महत्वपूर्ण संदेश मिल रहा है। नशा प्रदेश के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। नशे की वजह से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। हम सभी को नशा मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। यदि हमारे आस-पास कोई व्यक्ति नशे की लत से जूझ रहा है, तो हमें उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, बल्कि उसे सही मार्ग पर लाने में मदद करनी चाहिए। हम सब मिलकर नशे के खिलाफ एकजुट हो सकते हैं।

## पुलिस की डयूटी के साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी निभाते हैं पुलिसकर्मी: वरुण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : पुलिस कर्मचारी पुलिस की दैनिक डयूटी के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी निभाकर पुलिस विभाग का नाम रोशन करते हैं। एक ओर जहां पुलिस कर्मचारी अनुसंधान और सुरक्षा व्यवस्था को संभालते हैं वहीं कई पुलिस कर्मचारी ऐसे भी हैं जो अपने दैनिक कार्यों व डयूटी के साथ-साथ अतिरिक्त गतिविधियों में भाग लेकर पुलिस का नाम रोशन करते हैं। कुरुक्षेत्र पुलिस की महिला सिपाही निधि ने आल इंडिया पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर 2024-25 खेलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ये बात पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने आल इंडिया पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर 2024-25 लखनऊ से मैडल लेकर लौटी कुरुक्षेत्र पुलिस की महिला सिपाही निधि को सम्मानित करते हुए कही। गौरतलब है कि कुरुक्षेत्र पुलिस की महिला सिपाही निधि ने लखनऊ में आयोजित आल इंडिया पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर 2024-25 खेलों में हरियाणा पुलिस की हैंडबॉल टीम का हिस्सा रही। हरियाणा पुलिस की हैंडबॉल टीम ने खेलों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज पदक जीतकर हरियाणा पुलिस का नाम रोशन किया। हरियाणा पुलिस की इस टीम का हिस्सा रही सिपाही निधि ने कुरूक्षेत्र पुलिस का नाम रोशन किया है। दिनांक 7 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक लखनऊ में आयोजित आल इंडिया पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर 2024-25 का हिस्सा बनकर तथा ब्रॉन्ज पदक जीतकर कुरूक्षेत्र पुलिस का नाम रोशन किया।

# अमर शहीद तात्या टोपे देशभक्त युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत: विजय सिंह मौर्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिवपुरी (एमपी)** अमर शहीद तात्या टोपे के 166 वें शहादत दिवस के उपलक्ष्य में पुरानी सेंट्रल जेल शिवपुरी की बैरक नंबर 4 से निकाली गई पैदल तिरंगा एवं अमर जवान ज्योति यात्रा देश के देशभक्त युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत का काम करेगी।बीपीएम जयहिंद मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विजय सिंह मौर्य युवा अवस्था से ही शहिदों की शहादत से युवाओं को अवगत कराने एवं देशभक्ति भावना के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम अवश्य होने चाहिए हमारे देश की युवा पीढ़ी हमारे इतिहास से भलि



भांति परिचित हो सके । संत रैदास लोक न्यास ट्रस्ट समिति तथा बीपीएम जयहिंद मिशन शिवपुरी के सांझा प्रयास द्वारा तथा जिला प्रशासन के सहयोग से यह पैदल तिरंगा एवं अमर जवान ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया।

बी०पी०एम० जय हिंद मिशन समिति, शिवपुरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं 4 बार राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित डॉ० विजय सिंह मौर्य (सेवानिवृत्त. जेल अधीक्षक श्योपुर) से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे द्वारा इस अमर जवान ज्योति एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन जिला प्रशासन शिवपुरी के सहयोग से बड़े ही धूमधाम से किया गया है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य उन वीर शहिदों एवं वीरांगनाओं की शहादत को याद करना है, जिन्होंने अपने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति अपने देश के लिए निस्वार्थ भावना से हंसते-हंसते शहादत दी। इस देश भक्ति यात्रा में समिति के नेतृत्व में और उनके सैकड़ों साथियों को साथ लेकर पुरानी सर्किल जेल शिवपुरी से रवाना हुई जो बाद में अस्पताल चौराहा, कोर्ट रोड, माधव चौक चौराहा, गुरुद्वारा, राजेश्वरी रोड होते हुए *भारत माता की जय..... , अमर शहीद तात्या टोपे अमर रहे.....* एवं तमाम वीर एवं वीरांगनाओं के जयघोष के साथ अमर शहीद तात्या टोपे जी के समाधि स्थल पर पहुंची जहां जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र चौधरी ने यात्रा का भव्य स्वागत किया और डॉ विजय सिंह मौर्य से मशाल को रिसीव कर अमर शहीद तात्या टोपे जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके पश्चात तात्याटोपे जी के जीवन से संबंधित प्रदर्शनी एवं सी०आर०पी०एफ० बटालियन शिवपुरी के द्वारा आधुनिक हथियारों की लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया।

# देशबंधु गुप्ता महाविद्यालय में नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. सुभाष ने पदभार ग्रहण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**देशबंधु गुप्ता राजकीय** महाविद्यालय, पानीपत मे नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र जागलान ने पदभार ग्रहण किया। डॉ.सुभाष चंद्र चिरंजीलाल महाविद्यालय,करनाल में कम्प्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष रहे हैं। उच्चतर शिक्षा निदेर्शालय द्वारा जारी लिस्ट के अनुसार आज उन्होंने इस पद को ग्रहण किया। नवनियुक्त प्राचार्य के साथ उच्चतर शिक्षा जिला अधिकारी डॉ.रेखा त्यागी, राजकीय महाविद्यालय इंद्री से प्राचार्य डॉ.महेन्द्र सिंह बागी, राजकीय महिला महाविद्यालय, बस्ताडा से प्राचार्या डॉ.कमलेश, राजकीय महाविद्यालय, घरौंदा से प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र नागिया के साथ-साथ प्रोफेसर रणजीत, प्रोफेसर यशपाल,डॉ.सरिता, डॉ.राजपाल, डॉ.महेन्द्रपाल ,डॉ. मोना



बत्रा,डॉ. नीतिका भंडारी,डॉ. नीतू कवात्रा, श्रीमती सरला, रिटायर्ड डॉ. सत्यपाल, डॉ. नरसीदास भी मौजूद थे। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ दलजीत सिंह ने महाविद्यालय स्टाफ से मिल कर डॉ.सुभाष चंद्र का स्वागत-सत्कार किया, उपस्थित स्टाफ से परिचित करवाते हुए कहा कि पूर्व की तरह समस्त महाविद्यालय स्टॉफ महाविद्यालय और विद्यार्थियों के हित में प्रिंसिपल डॉ सुभाष चन्द्र के मार्गदर्शन में पूर्णतया सहयोग करेगा। नवनियुक्त प्राचार्य ने आश्वासन दिया,महाविद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों से मिल के चल रही योजनाओं को पूरा किया जाएगा। महाविद्यालय कार्य में आने वाली चुनौतियों का निदान सफलतापूर्वक किया जाएगा,महाविद्यालय को नई बुलंदियों तक पहुँचाया जाएगा। प्राचार्य डॉ. सुभाष चन्द्र ने सभी स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा हम सभी क को साथ लेकर विद्यार्थी और महाविद्यालय हित में कार्य करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### जिला सचिवालय में 24 अप्रैल को होगी जिला परिषद की बैठक

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**उपायुक्त** डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 24 अप्रैल को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में जिला परिषद की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि बैठक में विभिन्न एजेंडा पर विस्तार से चर्चा होगी। उपायुक्त ने बताया कि बैठक में राज्य वित्त आयोग ग्रंथ की प्रगति। 15वें वित्त आयोग ग्रांट की प्रगति एवं पूरक योजना के अनुमोदन। मनरेगा योजना के तहत सदस्यों द्वारा मांगों की प्रगति हेतु और सदस्यों की मांगों को प्राथमिकता देने। सभी वार्डों की ग्राम पंचायत में स्टील की बेंच रखवाने व अन्य एजेंडे पर चर्चा की जाएगी। उपायुक्त ने जिला परिषद के सदस्य और संबंधित विभाग के अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### अवैध खनन का कार्य करने वालो को किसी भी सुरत में नहीं बख्शा जायेगा: उपायुक्त डॉ. विरेंद्र

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ): खनन विभाग** के महानिदेशक के.एम. पाण्डुरंग के निर्देश पर व उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए विभाग की टीम द्वारा भरकस प्रयास किये जा रहे हैं। पूरे जिले में अवैध खनन रोकने को लेकर चौकसी बरती जा रही है। संयुक्त टीम के सदस्य सम्भावित स्थानों पर दबिश दे रहे हैं। जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि रिफाइनरी के पास अवैध रूप से रेती से भरे ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लिया व उन्हें आवश्यक कार्यवाही करने के बाद सीज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अवैध वाहन पर 2 लाख 15 हजार रुपए का जुमार्ना किया गया है। इस मौके पर संयुक्त टीम के सदस्य मौजूद रहे।

### घर बुलाकर चाकू से हमला करने के आरोप में 2 महिलाओं सहित 4 गिरफ्तार

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा में बीते माह घर बुलाकर** चाकू से हमला कर युवक को घायल करने के मामले में खरखौदा पुलिस ने 2 महिलाओं सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। चार मार्च को खरखौदा के यशवंत ने शिकायत दी थी कि एक दिन पहले उसे एक महिला ने फोन कर अपने घर बुलाया। वह जब उनके घर गया तो उसका फोन छीन लिया और आयुष ने उस पर चाकू से वार कर दिया। वहीं उसके घर वालों ने भी उसके साथ मारपीट की।जिसके बाद उसके साथी ने उसे खरखौदा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से उसे पीजीआइ, रोहतक रेफर कर दिया गया।

### लिवर फिट तो सेहत हिट: डॉ. अनेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : डॉ. अनेजा ने** बताया कि हर साल 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस मनाया जाता है। इसे मनाने का उद्देश्य बस लविर की बीमारियों के बारे में लोगों को जागरुक करना है। ये दनिा लोगों को हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। इस साल वश्वि लिवर दिवस 2025 की थीम भोजन ही औषधि है। रिपोर्ट के अनुसार, अनुमान है कि 1.5 बिलियन लोग क्रोनिक लिवर रोग से प्रभावित हैं। लिवर 500 से अधिक आवश्यक कार्यों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसमें रक्त को डिटॉक्सीफाई करना और पाचन में सहायता करना, पोषक तत्वों को संग्रहीत करना और प्रतिरक्षा का समर्थन करना शामिल है। डॉ. अनेजा, सीनियर मेडिकल ऑफिसर, एडमिनिस्ट्रेटर और फ्ररउक्र के सदस्य हैं, ने बताया कि "हेपेटिक स्टीटोसिस" जिसे आमतौर पर फैटी लिवर के नाम से जाना जाता है, एक ऐसी स्थिति है जिसमें लिवर में वसा का निर्माण होता है। सामान्य रूप से लिवर में थोड़ी मात्रा में वसा का होना सामान्य और स्वस्थ माना जाता है। लेकिन जब वसा की मात्रा बढ़कर एक निश्चित सीमा से अधिक हो जाती है, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। लिवर हमारे शरीर का दूसरा सबसे बड़ा अंग है और इसका मुख्य कार्य शरीर में पोषक तत्वों को संसाधित करना है।

# समाज कल्याण में रेडियो का ऐतिहासिक योगदान: बंडारु

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः हरियाणा के** राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि समाज कल्याण में रेडियो की सेवाओं का ऐतिहासिक योगदान रहा है। भारत में रेडियो की शुरूआत समाचार प्रसारण से हुई थी, बाद में रेडियो पर मनोरंजन के साथ-साथ जीवन के विभिन्न पहलुओं समाज, संस्कृति और स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाई जाने लगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि कुरुक्षेत्र से शुरू होने वाले इरादा रेडियो भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की प्रस्तुति देगा। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय शुक्रवार को हिरमी में



आयोजित रेडियो स्टेशन इरादा रेडियो के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने 88.4 मेगाहर्ट्ज पर प्रसारित होने वाले रेडियो स्टेशन का बटन दबाकर शुभारंभ किया। इरादा रेडियो पर पहली आवाज राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की रिकॉर्ड की गई। बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि रेडियो स्टेशन श्रोताओं के लिए एक नया और रोमांचक अनुभव लेकर आएगा। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम होगा।साथ ही श्रोताओं को सही सूचना उपलब्ध करवाने में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि समाज को सही दिशा में लेकर जाने में रेडियो का अहम योगदान है। आज के समय में रेडियो प्रसारण एक ऐसी प्रणाली है जिसको पूरा परिवार एक साथ बैठकर सुन सकता है। इस मौके पर एनआईटी के डायरेक्टर डा. बीवी रमना रेड्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, डीएसटी रणजीत सिंह, स्वामी हरि ओम, एआर चौधरी, डा. कृष्ण कुमार, इरादा रेडियो के सचिव राजपाल पांचाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सचिव आशिमा बराड़ ने अधिकारियों से की वर्चुअल समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
सहकारिता विभाग आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी उपायुक्त और अन्य अधिकारियों के साथ जनता समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को समाधान शिविर में पहुंचने वाली समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीरता से कार्य करना होगा । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा संचालित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं में किसी भी तरह से समाधान में देरी नहीं होनी चाहिए। शुक्रवार को जिला सचिवालय में समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के संदर्भ मे नगराधीश टीनू पोसवाल ने भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की व जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रत्याशी कार्य करने की निर्देश दिए। नगराधीश ने समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों से समस्याओं के समाधान को लेकर अपडेट लिया व किन कारणों से समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा इस पर एक-एक करके चर्चा। नगराधीश ने बताया कि सप्ताह में सोमवार और वीरवार को जिला सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# दुर्गा देवी चौधरी का 84 वर्ष की आयु में निधन



**टीम एक्शन इंडिया**
**लालचंद गुर्जर**
**नांगल चौधरी। प्रदेश** के "पंजीकृत भामाशाह" के रूप में पहचाने जाने वाले स्वर्गीय चौधरी बैजनाथ जी की धर्मपत्नी-दुर्गा देवी (4 अप्रैल 1941 से 14 अप्रैल 2025) का 84 वर्ष की आयु में कोलकाता में निधन हो गया। चौधरी बैजनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से चौधरी बैजनाथ परिसर नांगल चौधरी में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के अनेक अजीवित रह रहे हैं। भाजपा नेता राकेश तंवर ने कहा, "माता दुर्गा देवी सदा ही चौधरी बैजनाथ के कंधे से कंधा लेकर चलती रहती हैं।

# विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**बीकॉम प्रथम वर्ष के** विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था "शिक्षा में प्रौद्योगिकी की भूमिका एवं सोशल मीडिया का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव"। इस प्रतियोगिता में कुल 14 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विषय के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा, "शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति ने सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को पूरी तरह बदल दिया है—अब शिक्षा सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रही। वहीं दूसरी ओर,



सोशल मीडिया का बढ़ता उपयोग युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है।" विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने बताया कि "इस तरह की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ये न केवल उनकी सोच का विस्तार करती हैं, बल्कि उन्हें सार्वजनिक मंच पर आत्मविश्वास के साथ बोलने के लिए भी प्रेरित करती हैं।" प्रतियोगिता में छात्रों ने शिक्षा में डिजिटल टूल्स, ऑनलाइन लर्निंग के फायदों के साथ-साथ सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग से उत्पन्न मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे तनाव, चिंता और आत्मविश्वास पर गहन विचार प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिमरन ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर प्रज्ञा और हिमांशी रहीं, जबकि संयम गर्ग और रितिक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार टीशा और चारु को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का सफल संचालन डॉ. ज्योति गहलोट द्वारा किया गया। कार्यक्रम की सफलता में छात्र सन्नी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# धैर्यपूर्वक सुनकर करें समस्या का समाधान: कोमल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**पानीपत नगर निगम** मेयर कोमल सैनी ने वीरवार सुबह निगम कार्यालय (देवीलाल कॉम्प्लेक्स) में नागरिक सुविधा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों को जनता के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए उनकी समस्या के समाधान करने के निर्देश दिए` उन्होंने नागरिक सुविधा केंद्र में आई जनता से भी संवाद किया` निरीक्षण के दौरान कोमल सैनी ने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करने के लिए जरूरी है कि उनकी बात को



गंभीरता से सुना जाए` उन्होंने कहा कि यदि किसी फरियादी को सुविधा उपलब्ध करवाने या उसकी समस्या के समाधान में किन्ही कारणों से देरी हो रही है तो उसे इसके बारे में समझाया जाए` साथ ही उन्होंने कहा कि यदि समस्या के समाधान में अड़चन आ रही है तो उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि उसके समाधान के लिए उच्च स्तर पर बात की जा सके`

**नागरिकों के साथ धैर्यपूर्वक बर्ताव करें कर्मचारी**

महापौर कोमल सैनी ने नागरिक सुविधा केंद्र में डोमिसाइल शाखा, जन्म मृत्यु पंजीकरण शाखा का भी निरीक्षण किया और मौके पर हाजिरी रजिस्टर की जांच करते हुए कर्मचारियों को निर्धारित समय पर नगर निगम कार्यालय में पहुंचने के निर्देश दिए` उन्होंने नागरिकों से मुलाकात कर कर्मचारियों के व्यवहर के बारे में प्रतिक्रिया ली।

उन्होंने कहा कि केंद्र में कई बार भीड़ की स्थिति में सभी कर्मचारी जनता के साथ धैर्यपूर्वक व्यवहार करें। फरियादियों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी वहीं अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए जनसेवा के प्रति समर्पित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

# एन एच 334 बी पर सड़क हादसे में ईएसआई की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल**
**सोनीपत में ईएसआई** की दर्दनाक मौत, ड्यूटी से लौटते वक्त झरोठी टोल पार करते ही ट्रॉली से टकराई कार।सोनीपत में रोहतक रोड स्थित झरोठी टोल प्लाजा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में ईएसआई रामनिवास की मौत हो गई। वह ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने घर लौट रहे थे, तभी उनकी वैगनआर कार एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। 55 वर्षीय एसआई रामनिवास, जो मूल रूप से झज्जर जिले के गाँव पासौर के रहने वाले थे और फिलहाल सुभाष नगर, झज्जर में रह रहे थे। थाना सोनीपत सदर में इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल एआरवी पर तैनात थे। हादसा गुरुवार देर रात हुआ जब वह कार से ड्यूटी से लौट रहे थे। झरोठी टोल पार करते ही उनकी कार एक ट्रॉली से टकरा गई। इस टक्कर में ईएसआई रामनिवास गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत खरखौदा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन हालत नाजुक होने के कारण उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जाँच शुरू कर दी है। इस दुःखद खबर से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई।

# 201269.5 मीट्रिक टन गेहूं की हुई आवक व 186145 मीट्रिक टन की हुई खरीद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जिला पायुक्त डॉक्टर** विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की मंडियो में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मंडियों में खरीद का कार्य 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है। 17 अप्रैल तक मंडियों में 201269.5 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई है व 186156 मीट्रिक टन की खरीद हुई है और 71994.8 मीट्रिक टन की अब तक लिफ्टिंग हुई है । उपायुक्त ने बताया कि सभी मंडियों में खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि पानीपत मंडी में 23803.2 मीट्रिक टन की आवक हुई व 23275 मीट्रिक टन की खरीद हुई व 10171.2 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हुई है। बाबरपुर मंडी में अब तक 14366.6 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई व 141127.2 की खरीद हुई और 11800 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हुई है। उपायुक्त ने बताया कि बबैल मंडी में 3099.2 मीट्रिक टन की आवक हुई व 2610.7 की खरीद हुई और 1639.6 की लिफ्टिंग हुई। बापौली मंडी में 19756.3 की आवक हुई व 19213.3 की खरीद हुई और 5460.2 की लिफ्टिंग हुई है। सनौली में 2967.8 की आवक हुई और 2691.2 की खरीद हुई और 1300 की लिफ्टिंग हुई है । इसी प्रकार समालखा मंडी में 52869 की आवक 50837.6 की खरीद हुई और 17565.8 कि लिफ्टिंग हुई है। मडलोडा मंडी में 37754.6 की आवक और 30513.9 की खरीद हुई और 8013.2 की लिफ्टिंग हुई है। छिछराना में 9647.2 की आवक हुई और 8066.3 की खरीद हुई व 3353.6 लिफ्टिंग हुई।

# पीआरपीसी में ऑनसाइट आपदा ड्रिल का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत रिफाइनरी एवं** पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में संभावित खतरों, जैसे आग और गैस रिसाव, से निपटने के लिए नियमित रूप से आपदा ड्रिल का आयोजन किया जाता है। ऐसी ही एक ड्रिल 17 अप्रैल 2025 को आपातकालीन प्रतिक्रिया आपदा प्रबंधन योजना प्रमाणन ऑडिट के दौरान आयोजित की गई। इस ड्रिल का उद्देश्य निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली का मूल्यांकन करना था। इस आपदा ड्रिल के लिए परिदृश्य "डीहेप्टानाइजर कॉलम के आउटलेट पाइप कनेक्शन के पूर्ण बोर टूटने के परिणामस्वरूप



हाइड्रोकार्बन का रिसाव" निर्धारित किया गया था। दोपहर 16 :12 बजे जैसे ही फायर अलार्म बजा, मुख्य अग्निशमन केंद्र और सैटेलाइट अग्निशमन केंद्र से दमकल गाड़ियाँ तत्काल मौके पर पहुँचीं, स्थिति का आकलन किया और प्रभावित क्षेत्र में वोटर कर्टेन लगाना शुरू किया। सभी अग्निशमन कर्मी इस दौरान स्व-निहित श्वासयंत्र (एस सी बी ए) पहने हुए थे। फायर एवं सेफ्टी विभाग के शिफ्ट इंचार्ज ने यूनिट के शिफ्ट इंचार्ज से समन्वय स्थापित कर जल स्प्रे सिस्टम को संचालित कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। यूनिट इंचार्ज, डीजीएम (प्रॉडक्शन), डीजीएम (फायर एण्ड सेफ़्टी) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी और मेंटेनेंस विभाग भी तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे। स्थिति का आकलन करने के बाद, ऋ&र समन्वयक और यूनिट इंचार्ज ने इसे "मेजर इमरजेंसी" घोषित किया और 16 :20 बजे एल -1 सायरन बजाया गया। सायरन सुनते ही साइट इंसीडेंट कंट्रोलर (एस आई सी), चीफ इंसीडेंट कंट्रोलर (सी आई सी) और अन्य आपातकालीन समन्वयक घटनास्थल पर पहुँचे। इस बीच, रिसाव के कारण हाइड्रोकार्बन वाष्प डाउनविंड दिशा में फैलने लगा । जब स्थिति और अधिक गंभीर हो गई, तो 16 :27 बजे सीआईसी ने श्री अजय कैला, कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप ) को सूचना दी। कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप ) के परामर्श से सीआईसी ने इस घटना को "ऑनसाइट डिजास्टर (एल-2)" घोषित किया। इसके बाद, आपदा प्रबंधन योजना सक्रिय की गई और आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं आपदा प्रबंधन योजना के तहत समन्वयक अपने-अपने निर्दिष्ट स्थानों पर तैनात हो गए। आइसोमर यूनिट का आपातकालीन शटडाउन किया गया, और उत्पादन कर्मियों ने डिप्रेसराइजेशन प्रक्रिया शुरू की। निरंतर प्रयासों के बाद, स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में लाया गया, और सायं 16 :40 बजे "ऑल क्लियर" घोषित किया गया।

# हम 'विकसित दिल्ली' और 'सुंदर दिल्ली' के लिए हैं प्रतिबद्धः सिरसा

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रदूषण मुक्त राजधानी बनाने की दिशा में लगातार प्रतिबद्धता और तत्परता के साथ कार्य कर रही है। 'विकसित दिल्ली' की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पश्चिमी दिल्ली स्थित राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र में सिविक सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान, मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने रिहायशी इलाकों में सिविक और पर्यावरणीय उल्लंघनों पर सख्त कार्रवाई के लिए स्पष्ट निर्देश दिए, जो स्थानीय निवासियों की जीवन शैली को गंभीर रूप से प्रभावित





कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि रिहायशी इलाकों में अवैध और बिना लाइसेंस के चल रही कच्चे मांस की दुकानें, ढाबे, प्रदूषण फैलाने वाले तंदूर, अवैध डेनिम फैक्ट्रियाँ, डाईंग यूनिट्स और अन्य औद्योगिक इकाइयाँ प्रदूषण के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने आगे बताया कि हजारों की संख्या में अवैध मांस की दुकानें और ढाबे रिहायशी क्षेत्रों में संचालित हो रहे हैं, जिससे आम नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ये अवैध गतिविधियाँ नागरिकों की आवाजाही में भी बाधा उत्पन्न करती हैं। इस दौरान मंत्री ने अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एवं आदेश दिया कि अवैध कच्चे मांस की दुकानें, ढाबे और प्रदूषण फैलाने वाले गैरकानूनी प्रतिष्ठानों को तुरंत बंद कराया जाए और इस दिशा में कार्यवाही अगले 24 घंटों के भीतर शुरू की जाए। मुझे कई बार स्थानीय निवासियों द्वारा सूचित किया गया है कि सड़कों पर अवैध अतिक्रमण, अवैध कच्चे मांस की दुकानें, प्रदूषण फैलाने वाले अवैध प्रतिष्ठान और अवैध पार्किंग के कारण आमजन, खासकर महिलाओं को सड़कों पर आवाजाही में भारी परेशानी होती है। ऐसे सभी अवैध व्यवसायिक गतिविधियों को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाएगा। मनजिंदर सिंह सिरसा ने सड़कों पर जलभराव की गंभीर स्थिति का गहन निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसे प्राथमिकता के साथ शीघ्र ठीक किया जाए और कहा कि, 'सड़कों पर गंदगी और पानी का जमा होना न केवल स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, बल्कि यह नागरिकों के सुरक्षित आवागमन में भी बड़ी बाधा उत्पन्न करता है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि रिहायशी इलाकों में अवैध कच्चे मांस की दुकानें, ढाबे और तंदूर प्रदूषण फैला रहे हैं, जो जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा हैं।

## भाजपा राज में अब दिल्ली की जनता को मिलेगी बेहतर सुविधाएंः रोशन सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः जिला केशवपुरम** भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के जिला महामंत्री रोशन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो हमेशा ही जनहित को ध्यान में रखते हुए कार्य करती है। यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद अब दिल्ली में विकास हो रहा है और जनता को अब परेशान नहीं होना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की जनता को अब जाम से भी काफी हद तक राहत मिल रही है। जिससे दिल्ली की जनता के जीवन में खुशहाली आई है।



उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता बड़े ही बेहतर तरीके से दिल्ली में कार्य कर रही है।
मैं उनको सीएम बनने पर विशेष रूप से बधाई देता हूं। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुडकर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।



केशव पुरम के विष्णु मंदिर में आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज व अन्य।

## समाज कल्याण की सभी योजनाओं के आवेदन पत्रों में थर्ड जेंडर का होगा विकल्पः रविन्द्र इंद्राज सिंह

**शिवानी मोरवाल/ टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह से नेशनल ट्रांसजेंडर डे वीक को लेकर ट्रांसजेंडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। समाज कल्याण मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को ट्रांसजेंडर्स को सम्मान से जीने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। रविन्द्र इन्द्राज ने बताया की



ट्रांसजेंडर अधिकारों, उनके सामाजिक समावेश और उपलब्ध कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के प्रयास सरकार करेगी। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों की सुरक्षा) नियमों की अधिसूचना जारी होगी।
मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर दिव्यांग ट्रांसजेंडर को समाज कल्याण की सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए विभाग की सभी योजनाओं के आवेदन पत्रों में थर्ड जेंडर का विकल्प अनिवार्य किया जा रहा है।
प्रतिनिधि मंडल ने समाज कल्याण मंत्री से मुलाकात के दौरान केक काटकर ट्रांसजेंडर डे मनाया। प्रतिनिधि मंडल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा की पहली बार किसी सरकार ने हमारे अधिकारों और आत्मनिर्भरता के बारे में गंभीरता दिखाई है और हमसे मिलकर सरकारी योजनाओं को साझा किया है।
प्रतिनिधिमंडल में लकी हिन्दुस्तानी संस्था से अरुण शर्मा, कम्युनिटी एम्पावरमेंट ट्रस्ट से दीपचंद्र दीपक एवं ट्रासजेंडर्स सिमरण अरोड़ा, रेहाना यादव, संजना सिमोन, सारांश पाठक, भानु एवं सौम्य गर्ग मौजूद रहे।

# सावन पार्कः प्रभु सभी की सुनते है, बस मन में सच्ची श्रद्धा होनी चाहिएः सरदार मान सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः सावन पार्क इलाके** में हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक एकता मंच के प्रधान व पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लाला मीर सिंह पार्क में किया गया।
इस मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रागिनी नायक, निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी, पूर्व निगम पार्षद सुरेश भारद्वाज, आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सिद्धार्थ राव के अलावा अमित गुप्ता, राहुल स्वामी, अश्वनी शर्मा, उत्तम सिंह, अजय भारद्वाज, राजकुमार शर्मा, जितेन्द्र कुमार, अमन सिंह, बलबीर सिंह, लाल सिंह, मेघ सिंह राणा, वीर सिंह जैन, रामनिवास राणा, प्रवीन, चन्दर, योगेश वत्स, संदीप गुप्ता, सुरेन्द्र पप्पन, जोगेन्द ठाकुर, सुरेश शर्मा, ठेकेदार रणजीत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।
इस मौके पर कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने कहा कि आज बड़े भव्य रूप में धार्मिक एकता मंच के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसके लिए आयोजक बधाई के पात्र है।
इस मौके पर धार्मिक एकता मंच के प्रधान व पूर्व निगम पार्षद सरदार मान ने कहा कि हम सभी को सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए, प्रभु सभी की सुनते है, बस मन में सच्ची श्रद्धा होनी चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का भी धन्यवाद किया।







# सदर बाजार में धूमधाम से मनाया गुरु तेग बहादुर जी का प्रकाश उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः नौवें गुरु तेग बहादुर बहादुर जी** का प्रकाश उत्सव सदर बाजार के कुतुब रोड पर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, महासचिव सतपाल सिंह मांगा, कमल कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल, बरी मार्केट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वरिंदर आर्य सहित अनेक व्यापारियों ने बड़ी धूमधाम से मनाया।
इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया सभी व्यापारियों ने देश की सुख शांति के लिए अरदास की और





प्रसाद वितरण किया साथ ही सभी से गुरु जी के बताए हुए मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने बताया सदर बाजार एक भाईचारे की मिसाल है यहां सभी धर्म के लोग एक दूसरे के कार्यक्रम मिलजुल कर मनाते हैं। परमजीत सिंह पम्मा ने इस अवसर पर कहा गुरु तेग बहादुर जी का प्रकाश उत्सव देशभर में बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है सभी गुरुद्वारों को सजाया गया है।
संगत बड़ी तादाद में गुरुद्वारों में जाकर अरदास कर रहे हैं। गुरु तेग बहादुर जी वह संत थे जिन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप की बहुलतावादी संस्कृति, धार्मिक स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। वह ऐसे समय में खड़े हुए जब सत्ता की तलवारें आस्था की स्वतंत्रता को कुचलना चाहती थीं। उन्होंने धर्म के नाम पर हो रहे जबरन धर्म परिवर्तन के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की व आस्था की रक्षा के लिए भी आवाज उठाई थी। उनका बलिदान दिल्ली के चांदनी चौक पर हुआ, लेकिन उसकी गूंज संसार भर की चेतना में आज भी सुनाई देती है।




वजीरपुर जेजे कॉलोनी में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह, अशोक बसौया, रामनिवास, उत्तम सिंह व अन्य।

## दूषित पानी आने से लोग परेशान, लोगों के बीमार होने की बढ़ी आशंकाः भास्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः जहांगीरपुरी** आई एण्ड जे ब्लॉक आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमएल भास्कर ने कहा कि बादली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी इलाके के आई व जे ब्लॉक में पिछले कई दिनों से दूषित व बदबूदार पानी आ रहा है, जिसके चलते लोग परेशान है। उन्होंने आगे बताया कि दूषित पानी पीने से लोगों में पेट व त्वचा से संबंधित बिमारियां हो सकती है, इसलिए मेरी दिल्ली सरकार व दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों से मांग है कि जहांगीरपुरी में दूषित पानी की समस्या का समाधान किया जाये।
उन्होंने आगे बताया कि



जहांगीरपुरी में दूषित पानी आने की वजह से यहां की जनता को मजबूर होकर बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि संबंधित विभाग को इस समस्या पर ध्यान देने की विशेष जरूरत है।

# संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की पानीपत यात्रा ने लोगों के दिलों में आध्यात्मिक उत्साह को बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः सावन कृपाल** रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के सत्संग प्रवचन और आध्यात्मिक दीक्षा कार्यक्रम के लिए यमुना एन्क्लेव के सामने स्थित सेक्टर 13-17 के हुड्डा ग्राऊंड में एक विशाल जनसमूह एकत्रित हुआ। विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने 11 वर्षों के बाद पानीपत शहर में आकर लोगों के दिलों में एक बार फिर आध्यात्मिक प्रेम और उत्साह का संचार कर दिया। परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के



सत्संग से पूर्व आदरणीय माता रीटा जी ने गुरु अर्जन देव जी महाराज की वाणी से एक शब्द 'प्रभु होय कृपाल त इहु मन लाई (जब प्रभु अपनी दयामेहर करते हैं, तब यह मन प्रभु की ओर लगता है) का गायन किया, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने अपने सत्संग में एक सच्चे और पूर्ण आध्यात्मिक गुरु की असीम कृपा के बारे में बताया कि जब हम ऐसे महापुरुष के चरण-कमलों में पहुँचते हैं तो हमें अनगिनत आशीर्वाद प्राप्त होते हैं। परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने गुरु अर्जन देव जी महाराज के शब्द की व्याख्या करते हुए इंसान की क्या अवस्था है उस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम सोचते हैं कि हम केवल शरीर और मन है तथा हमें यह शरीर इस दुनिया की जिम्मेदारियों को पूरा करने और इस संसार के भौतिक सुखों का आनंद लेने के लिए ही मिला है।

## विधायक पूनम भारद्वाज क्षेत्र के विकास पर दें रही हैं ध्यानः अजय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः वजीरपुर विधानसभा** क्षेत्र के भाजपा नेता अजय जिंगाला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद दिल्ली में भी तेजी से विकास हो रहा है। बरसात में जलभराव व अन्य समस्याएं न हो इसको लेकर भी दिल्ली सरकार काफी मुस्तैदी से काम कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही है। विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही है और जनता की जो भी समस्याएं है, उसको सुन जनता की समस्याओं का उचित समाधान कर रही है।

# करोड़ों श्रद्धालुओं के चारधाम यात्रा की मन्नतें होगी पूरी

## उद्देश्य उत्तराखंड के चार पवित्र तीर्थ स्थलों को रेल नेटवर्क से जोड़ना है

टीम एक्शन इंडिया
**प्रयागराज: योगनगरी** ऋषिकेश से तपोनगरी कर्णप्रयाग का सफर अब दो घंटे में ही पूरा होने वाला है। भारतीय रेल ने देवभूमि में और शक्ति के वरदान से देश की सबसे लम्बी रेलवे सुरंग के निर्माण में सफल ब्रेक थ्रू हासिल कर लिया है। 125 किमी से अधिक लम्बी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता, तीर्थ स्थलों और आध्यात्मिक महत्व को नए सिरे से परिभाषित करने वाली है। यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन को हर साल लाखों श्रद्धालु यात्रा पर निकलते हैं। मगर भौगोलिक संरचना और सीमित कनेक्टिविटी ने हमेशा से यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए, चुनौतियां पेश की हैं। इन चुनौतियों को दूर करने और उत्तराखंड के दुर्गम इलाकों को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए भारतीय रेल ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना शुरू की। इस परियोजना के पूरा होने से करोड़ों श्रद्धालुओं के चारधाम यात्रा की मन्नत पूरी होने वाली है। एनसीआर के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि ऋषिकेश -कर्णप्रयाग रेल परियोजना हिमालय के दुर्गम और भौगोलिक तौर पर संवेदनशील क्षेत्र में बन रही है। इस रेल लाइन में देश की सबसे लम्बी रेलवे सुरंग 14.577 किमी (47825 फीट) शामिल है, जो देवप्रयाग और जनासू के बीच बन रही है। गत 16 अप्रैल को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 14.58 किमी लम्बी सुरंग के ब्रेकथ्रू का उद्घाटन किया, जो देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग है। इसके अलावा 38 नियोजित सुरंग ब्रेकथ्रू में से 28 पूरे हो चुके हैं। परियोजना के पहले चरण को 2026 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है और 2027 के मध्य तक यह पूरी तरह से चालू हो सकती है। इस परियोजना में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। अगस्त 2024 में टनल बोरिंग मशीन ह और ह्यशक्तिह्न ने एक महीने में 1080.11 रनिंग मीटर सुरंग खोदकर नया रिकॉर्ड बनाया। इस परियोजना में रेल ब्रिज नंबर 8 इंजीनियरिंग का एक और चमत्कार है। योग से तप की कनेक्टिविटीऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना 125.2 किमी लम्बी ब्रॉड गेज रेल लाइन है, जो ऋषिकेश को कर्णप्रयाग से जोड़ेगी। यह परियोजना भारतीय रेल की चारधाम रेल परियोजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य उत्तराखंड के चार पवित्र तीर्थ स्थलों को रेल नेटवर्क से जोड़ना है।



**परियोजना**

**ऋषिकेश को कर्णप्रयाग से जोड़ेगी। यह परियोजना भारतीय रेल की चारधाम रेल परियोजना का हिस्सा है**

# मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम के कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी विभाग में डॉ. जतिन यादव शामिल हुए

टीम एक्शन इंडिया
**रेवाड़ी।** गुरुग्राम में अग्रणी हैल्थकेयर प्रदाता, मणिपाल हॉस्पिटल के मेडिकल विशेषज्ञों की टीम में अनुभवी और अत्यधिक निपुण कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर सर्जन, डॉ. जतिन यादव शामिल हुए हैं। वो कंसल्टैंट एवं विभागाध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे। डॉ. यादव गंभीर रूप से बीमार मरीज़ों की सर्जरी करने में निपुण हैं। उन्हें ऑफ-पंप सीएबीजी, वॉल्व रिपेयर/रिप्लेसमेंट, आयोर्टिक सर्जरी और मिनिमली इन्वेसिव कार्डियक सर्जरी करने का गहरा अनुभव है। उनकी मौजूदगी से आधुनिक और विस्तृत हैल्थकेयर सेवाएं प्रदान करने की हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता मजबूत होगी। डॉ. जतिन यादव बेहद कुशल कार्डियक सर्जन हैं। उन्हें सार्वजनिक और निजी हॉस्पिटलों में 7 साल से ज्यादा समय का अनुभव है। वो मरीजों की जरूरतों और संभावित जोखिमों का पूर्ण प्रि-ऑपरेटिव आकलन करते हैं और फिर मिनिमली इन्वेसिव तकनीकों द्वारा कुशलता से उनका इलाज करते हैं। वो इंडियन एसोसिएशन ऑफ कार्डियोवैस्कुलर एंड थोरेसिक सर्जंस ऑफ इंडिया (आईएसीटीएस) तथा सोसायटी ऑफ मिनिमली इन्वेजिव कार्डियोवैस्कुलर एवं थोरेसिक सर्जंस ऑफ इंडिया (एसएमआईसीटीएसआई) के सदस्य रह चुके हैं। अपने विस्तृत अनुभव के साथ वो कुशल कार्डियक सर्जरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, इसलिए मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम की सर्जिकल टीम के लिए उनका बहुत ज्यादा महत्व होगा।मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम के हॉस्पिटल डायरेक्टर, नवीन पास्कल ने कहा, ह्यहमें अपने मेडिकल विशेषज्ञों की टीम में डॉ. जतिन यादव को शामिल करने की खुशी है। जटिल कार्डियक प्रक्रियाओं को संभालने की अपनी विशेषज्ञता के साथ, डॉ. यादव विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करेंगे। उनका मरीजों पर केंद्रित दृष्टिकोण हमारे मूल्यों के अनुरूप है, जिनके द्वारा हम हर मरीज को सर्वश्रेष्ठ इलाज और बेहतरीन अनुभव प्रदान करते हैं।

**विशेषज्ञ**

**टीम में अनुभवी और अत्यधिक निपुण कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर सर्जन, डॉ. जतिन यादव शामिल हुए हैं**

## संक्षिप्त खबरें

### टाटा एआईए ने लॉन्च किया शुभ फ्लेक्सी इनकम प्लान

**नोएडा।** जीवन सपनों से भरा है- घर खरीदना, अपने बच्चे की शिक्षा के लिए पैसे जुटाना, शानदार छुट्टियों की योजना बनाना या चिंता मुक्त सेवानिवृत्ति का आनंद लेना। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वित्तीय सुरक्षा काफी नहीं है, आपको चाहिए एक ऐसी योजना जो आपकी आवश्यकताओं के अनुसार बदलती रहे। भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इन्श्योरेन्स कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने टाटा एआईए शुभ फ्लेक्सी इनकम प्लान लॉन्च किया है। यह एक नया जीवन बीमा बचत समाधान है जो वित्तीय सुरक्षा और संपत्ति बनाने के लिए एक लचीला दृष्टिकोण देता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए लाइफ के एक्जीक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट, हेड - प्रोडक्ट्स, बिजनेस मिड ऑफिस और डिजिटल मार्केटिंग, श्री सुजीत कोठारे ने बताया, टाटा एआईए लाइफ में, हमारा मानना है कि, वित्तीय सुरक्षा होनी चाहिए लेकिन लचीलेपन की कीमत पर नहीं। आज उपभोक्ता ऐसे समाधानों की तलाश कर रहे हैं जो उनके साथ बढ़ें, मन की शांति और संपत्ती बनाने इन दोनों के अवसर प्रदान करें। शुभ फ्लेक्सी इनकम प्लान लोगों को अपने वित्तीय भविष्य को नियंत्रित करने के लिए सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह प्लान जीवन की बदलती जरूरतों के अनुकूल होने की चपलता के साथ-साथ गारंटीकृत लाभ प्रदान करता है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर पॉलिसीधारक वित्तीय स्वतंत्रता की ओर अपनी यात्रा में आश्वस्त महसूस करें, क्योंकि उनके पास एक ऐसा साथी है जो उनकी आकांक्षाओं को समझता है और हर चरण में उनका समर्थन करता है।

इस प्लान को आपके साथ विकसित होने के लिए डिजाइन किया गया लचीलापन इसकी विशेषता है

शुभ फ्लेक्सी इनकम प्लान एक नॉन-लिंक्ड, पार्टिसिपेटिंग जीवन बीमा बचत योजना है। इसमें आपको अपनी अनूठी आकांक्षाओं के आधार पर अपनी वित्तीय योजना को अनुकूलित करने का अधिकार मिलता है। यह योजना आपको शुरुआत से ही लचीलापन देते हुए, तीन अनुकूलित विकल्प प्रदान करती है, यह हर विकल्प विशिष्ट वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है:

**एंडोमेंट विकल्प** - दीर्घकालिक बचत बनाने के लिए आदर्श है। इसमें आपको योजना के अंत में एकमुश्त भुगतान मिलता है। घर खरीदने, अपने बच्चे की शिक्षा या भविष्य के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे बड़े जीवन लक्ष्यों के लिए बहुत बढ़िया है। प्रारंभिक आय विकल्प - जो लोग नियमित नकदी प्रवाह चाहते हैं, उन्हें इस विकल्प में योजना के पहले वर्ष से वार्षिक नकद बोनस मिलता है।

**विलंबित आय विकल्प** - दीर्घकालिक धन जुटाने या प्रारंभिक सेवानिवृत्ति की योजना बनाने वाले लोगों के लिए डिजाइन किया गया है। इस विकल्प में प्रीमियम भुगतान अवधि के बाद नकद बोनस मिलता है, साथ ही बढ़ी हुई वृद्धि के लिए भुगतान को स्थगित करने की सुविधा भी मिलती है।

### श्रीराम फाइनेंस ने गुरुग्राम में कैरम मोबिलिटी के लिए 65 वाहनों को वित्तपोषित किया

**गुरुग्राम।** श्रीराम ग्रुप की अग्रणी कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) ने आज यहां आयोजित एक विशेष समारोह में श्रीराम फाइनेंस द्वारा फाइनेंस की गई 25 मारुति एक्सएल6 और 40 वैगन आर गाड़ियों की चाबियां कैरम मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को सौंपी। शामिल किए गए नए वाहन कैरम मोबिलिटी के विस्तारित बेड़े को मजबूती प्रदान करेंगे, तथा विभिन्न क्षेत्रों में विश्वसनीय और सुलभ गतिशीलता समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के इसके मिशन में सहयोग करेंगे। आज आयोजित टुगेदर वी मूव कार्यक्रम उनकी साझेदारी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ और इसमें दोनों संगठनों के वरिष्ठ नेतृत्व कर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर भारत के उभरते मोबिलिटी परिदृश्य में विकास और नवाचार को सक्षम करने के लिए उनकी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। जी एम जिलानी, संयुक्त प्रबंध निदेशक, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने इस अवसर पर कहा, "यह अवसर वाहनों की डिलीवरी से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करता है; यह श्रीराम फाइनेंस और कैरम मोबिलिटी के बीच साझा दृष्टिकोण और आपसी विश्वास को दर्शाता है। हमें उनके विकास और नवाचार की यात्रा का समर्थन करने पर गर्व है, और यह देखकर भी गर्व है कि हमारे वित्तीय समाधान वास्तविक दुनिया में, रोजगार सृजन से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में गतिशीलता तक, पहुंच बढ़ाने में योगदान कर रहे हैं। जैसा कि हम अनुकूलित फंडिंग समाधानों के माध्यम से उद्यमियों और व्यवसायों को सशक्त बनाना जारी रखते हैं, इस तरह की साझेदारियां हमारे इस विश्वास की पुष्टि करती हैं कि जब मूल्य संरेखित होते हैं, तो प्रगति अपरिहार्य हो जाती है।

### अपनी विरासत को जनना हमारा गौरव : महापौर गणेश

**प्रयागराज: अपनी** विरासत को बचाना हम लोगों का प्रथम कर्तव्य है। इस विरासत से ही हमारी पहचान है। यह बात शुक्रवार को विश्व विरासत दिवस के अवसर पर हेरिटेज क्षेत्र ऐतिहासिक लोकनाथ में भ्रमण करते हुए महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने कही। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में अनेक प्राचीन मंदिर, क्षेत्र हैं जिसको हेरिटेज के नाम से जाना जाता है। नगर निगम इस हेरिटेज क्षेत्र को जल्द ही और विकसित करेगा। महापौर ने प्रयागराज के जनता से अपील की अपनी विरासत को पहचानने के लिए उनका भ्रमण करें और अनेक प्राचीन स्थलों पर जाकर उनका अवलोकन करें।

# नेपाल में भारतीय पर्यटकों की बस दुर्घटनाग्रस्त, 25 घायल

## नेपाल के पोखरा जा रही पर्यटक बस के ब्रेक फेल - चालक ने सूझबूझ से बस को दीवार से टकराकर रोकी

टीम एक्शन इंडिया
**बलरामपुर: पड़ोसी** देश नेपाल के डांग जिले के चिसापानी क्षेत्र में शुक्रवार को भारतीय पर्यटकों की एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में 25 भारतीय यात्री घायल हुए हैं। इनमें तीन की हालत गंभीर है। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बलरामपुर के तुलसीपुर अस्पताल भेजा गया। बलरामपुर जिले के नायब तहसीलदार शिवेंद्र पटेल ने बताया कि लखनऊ से एक बस पर्यटकों को लेकर लखनऊ से नेपाल के पोखरा जा रही थी। नेपाल के डांग जिले के चिसापानी क्षेत्र में बस के ब्रेक अचानक फेल हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, चालक अहमद इलियाद ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क किनारे एक दीवार से टकराकर रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही नेपाली पुलिस और स्थानीय राहत दल मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को पहले नेपाल के गढ़वा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उत्तर प्रदेश राज्य में बलरामपुर जिले के तुलसीपुर स्थित सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। नायब तहसीलदार ने घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि घायलों की पहचान दुर्गेश मिश्रा, आशुतोष तिवारी, अंजन श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, प्रेम चंद पौधा, लल्लन यादव, अतुल शुक्ला, सच्चिदानंद चंद सिंह, राहुल त्रिपाठी, अभिषेक तिवारी, सतीश वर्मा, आदित्य प्रकाश शुक्ला, दिनेश यादव, अरविंद कुमार, राहुल तिवारी, आदित्य श्रीवास्तव, रवि कुमार श्रीवास्तव, मनोज वर्मा, अविनाश मिश्रा, शरद त्रिवेदी और गोविंद द्विवेदी शामिल हैं। यह सभी यात्री लखनऊ, रायबरेली, रहने वाले हैं।



**तत्काल प्रभाव**

**डांग जिले के चिसापानी क्षेत्र में शुक्रवार को भारतीय पर्यटकों की एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई**

# आप के मंत्री सोशल मीडिया पर बेच रहे हैं झूठा विकासः भाजपा नेता अरविंद खन्ना

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पंजाब उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक अरविंद खन्ना ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उसके मंत्री सोशल मीडिया पर झूठा प्रचार कर राज्य के फर्जी विकास का भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रचार महज दिखावा है, जबकि जमीनी स्तर पर प्रदेश की हालत बदतर होती जा रही है। खन्ना ने कहा कि विपक्षी नेताओं के बयानों पर केस दर्ज कराने की बजाय मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों को पंजाब की असल समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। "सरकार की नाकामी के कारण पंजाब आज नशे और भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा हुआ है। कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है, और अपराध व हत्याएं आम हो गई हैं," उन्होंने कहा। भाजपा नेता ने कहा कि आप सरकार ने लोकतांत्रिक परंपराओं का भी अपमान किया है। जो काम ग्राम प्रधान या स्थानीय प्रतिनिधियों को करने चाहिए, वहां मंत्री सिर्फ प्रचार के लिए रिबन काटते नजर आ रहे हैं। खन्ना ने यह भी कहा कि पंजाब की जनता आज गहरे संकट में है। बेरोजगारी चरम पर है, स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं और किसान अब भी अधूरे वादों के पूरे होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। फर्जी सोशल मीडिया अभियानों से सच नहीं छिपाया जा सकता, उन्होंने कहा।

**प्रतीक्षा**

**बेरोजगारी चरम पर है, स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं और किसान अब भी अधूरे वादों के पूरे होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं**

### आरजीआईपीटी के छात्रावास की छठवीं मंजिल से गिरकर छात्र की मौत

**रायबरेली: देश** के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान राजीव गांधी पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी संस्थान में पढ़ने वाले एमबीए थर्ड ईयर के छात्र की छात्रावास की शुक्रवार को छठवीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। इस मामले में कॉलेज प्रशासन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अमेठी के जायस में राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी (आरजीआईपीटी) में बिहार के पटना का रहने वाला अभिनव आनंद एमबीए थर्ड ईयर का छात्र था। छात्र कॉलेज के छात्रावास में ही रहकर पढ़ाई कर रहा था। आज वह छात्रावास की छठवीं मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# जल्द ही यीडा को मिलेगा 'नया कार्यालय'

## भविष्य की जरूरतों पर आधारित होगा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का नया सेंट्रल ऑफिस

टीम एक्शन इंडिया
**लखनऊ: योगी** सरकार अब जल्द ही यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के लिए नए सेंट्रल ऑफिस परिसर के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। यीडा का नया कार्यालय गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर-18 में स्थित होगा तथा कुल 27,800 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला होगा। यह नया परिसर 800 लोगों की क्षमता युक्त होगा तथा यमुना एक्सप्रेस वे से इसकी दूरी मात्र 110 मीटर होगी। इस परिसर को वर्क फ्रेंडली डिजायन के आधार पर बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि परिसर में बैंक, क्रेच, लाइब्रेरी, जिम, ईवी चार्जिंग स्टेशन डेसिग्नेटेड पार्किंग स्थल तथा सौर ऊर्जा चालित संयंत्र जैसी सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। इस विषय में यीडा द्वारा कॉन्सेप्ट प्लान तैयार किया गया है। योजना के अनुसार, परिसर को जीआरआईएचए 5 स्टार रेटिंग सर्टिफिकेशन युक्त किया जाएगा और यह उत्तम कनेक्टिविटी युक्त होगा। यहां हाई स्पीड एलिवेटर्स, 24 घंटे सीसीटीवी सर्विलांस व खूबसूरत लैंडस्केप प्लाजा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। यीडा के कॉन्सेप्ट प्लान के अनुसार, नए परिसर में भव्य एंट्री लॉबी का निर्माण होगा जो आगंतुकों के बीच आकर्षण का केंद्र होगा। यह खूबसूरत लैंडस्केप प्लाजा में बनाया जाएगा तथा फ्यूचर रेडी इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त होगा। परिसर में आकर्षक हरित क्षेत्र का निर्माण व विकास भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, परिसर में स्टाफ पार्किंग, वीआईपी पार्किंग समेत विभिन्न प्रकार की पार्किंग्स का निर्माण किया जाएगा जो कि आगंतुकों को वाहन पार्किंग की समस्या से निजात दिलाएंगे। कम्यूनिटी एंगेजमेंट और सोशल इंटरैक्शन के लिए परिसर में ओपन स्पेसेस को आकर्षक बनाने के लिए विशिष्ट आर्किटेक्चर पर काम किया जाएगा। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए परिसर को सस्टेनेबिलिटी और कम ऊर्जा खपत परिसर के तौर पर विकसित किया जाएगा जहां स्मार्ट लाइटिंग व प्राकृतिक प्रकाश की उत्तम व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा।

**निर्माण**

**इसकी दूरी मात्र 110 मीटर होगी। इस परिसर को वर्क फ्रेंडली डिजायन के आधार पर बनाया**

# एईएसएल ने आकाश इनविक्टस का शुभारंभ किया

टीम एक्शन इंडिया
**रोहतक।** परीक्षा की तैयारी में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने गर्व के साथ आकाश इन्विक्टस का शुभारंभ किया है। यह जेईई की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिजाइन किया गया है। यह उच्च-स्तरीय, व्यक्तिगत, एआई आधारित और परिणाम-केंद्रित कार्यक्रम आईआईटी या विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी करने वाले छात्रों को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है। आकाश इन्विक्टस लगभग 500 सबसे अच्छे जेईई शिक्षक एक साथ लाता है, जो एक लाख से ज्यादा छात्रों को आईआईटी में सफलता दिलाने में मदद कर चुके हैं। ये शिक्षक छात्रों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस प्रोग्राम में एक कम्प्रीहेंसिव रिविजन और टेस्टिंग मॉड्यूल शामिल है, जो जेईई (एडवांस) परीक्षा के फाइनल स्टेज से पहले टार्गेटेड प्रेपरेशन पर फोकस करता है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री दीपक मेहरोत्रा ने प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "आकाश इन्विक्टस केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है; यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। ये प्रोग्राम दशकों के एक्सपीरियंस, एडवांस्ड टीचिंग मेथड्स और पर्सनलाइज्ड, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन एजुकेशन को टॉप-लेवल फैकल्टी के साथ जोड़ता है। पिछले कुछ वर्षों में, हमारे शिक्षकों ने लाखों छात्रों को शीर्ष आईआईटी में प्रवेश दिलाने में सफलता प्राप्त की है। अध्ययन सामग्री को पूरी तरह से नए तरीके से तैयार किया गया है, जिसमें संपूर्ण पाठ्यक्रम शामिल है।



# मथुरा में कृष्ण लोक पार्क और अयोध्या में बनेगा लव-कुश पार्क

## पार्कों में बच्चों के ज्ञानवर्धक मनोरंजन के लिए इंटरटेनमेंट जोन, इंटरैक्टिव झांकियां और सेल्फी प्वाइंट भी बनेंगे

टीम एक्शन इंडिया
**लखनऊ: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में मथुरा और अयोध्या में भगवान श्रीकृष्ण और प्रभु श्रीराम के जीवन की लीलाओं पर आधारित थीम पार्क और एक्सपीरियंस सेंटर बनने की कार्ययोजना नगर विकास विभाग ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की। कचरे से कंचन की तर्ज पर मथुरा में कृष्ण लोक पार्क और अयोध्या में लवकुश पार्क व श्रीपुरुषोत्तम दर्शन अनुभव केंद्र बनाया जाएगा। प्रयागराज में इसी तर्ज पर बनाये गये शिवालय पार्क की तर्ज पर नगर वेस्ट और धातु स्क्रैप से मथुरा और अयोध्या में भी थीम पार्क बनेंगे, जो धार्मिक नगरियों में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में लखनऊ के यूपी दर्शन पार्क और प्रयागराज में बने शिवालय पार्क की तर्ज पर मथुरा और अयोध्या में भी थीम पार्क और एक्सपीरियंस सेंटर बनाये जाएंगे। इसकी विस्तृत कार्ययोजना नगर विकास विभाग ने मुख्यमंत्री के सामने विभाग की समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की। मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की जीवन लीलाओं पर आधारित कृष्ण लोकपार्क बनाया जाएगा, जबकि अयोध्या नगरी में प्रभु श्रीराम और लवकुश के जीवन प्रसंगों का चित्रण लवकुश पार्क और श्रीपुरुषोत्तम एक्सपीरियंस सेंटर का निर्माण किया जाएगा। यूपी नगर विकास विभाग अपनी कचरे से कंचन की नीति के तहत शहर के वेस्ट मटेरियल और धातु स्क्रैप से इन पार्कों का निर्माण होगा, जो पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र के साथ नगरीय निकाय के लिए रेवन्यू भी जनरेट करेगा। मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में बनने वाले कृष्ण लोक पार्क में 3डी इमेजिंग, इंटैक्टिव मॉडल और लाइट एंड साउंड के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को दिखाया जाएगा,जिनमें भगवान श्री कृष्ण के जन्म की घटना से लेकर पूतना, बकासुर और कंस वध के साथ उनके युवाकाल, द्रौपदी चीर हरण से लेकर महाभारत में गीता का उपदेश देते हुए उनके विराट स्वरूप को भी दर्शाया जाएगा।

इसके साथ ही पार्क में आने वाले बच्चों के मनोरंजन के लिए बांसुरी और मयुर आकृति के झूले के साथ द्वापर युगीन मथुरा-वृंदावन का परिदृश्य बनाया जाएगा। श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु प्रसंगों पर आधारित लवकुश पार्क का निर्माण किया जाएगा। साथ ही एलईडी डिस्प्ले, इंटरैक्टिव एलईडी वॉल, वाल म्युरल्स, प्रोजेक्शन और टच कियोस्क जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर श्रीपुरुषोत्तम दर्शन अनुभव सेंटर भी बनाया जा रहा है।

**सेल्फी प्वाइंट**

**शिवालय पार्क की तर्ज पर मथुरा और अयोध्या में भी थीम पार्क और एक्सपीरियंस सेंटर बनाये जाएंगे**

# सड़क सुरक्षा अभ्यास की समीक्षाः पैरासेफ की रिपोर्ट

टीम एक्शन इंडिया
**नोएडा।** पैराकोट की सहायक कंपनी पैरासेफ, यात्रा के सभी साधनों में सुरक्षा को प्राथमिकता देकर मोबिलिटी को पुनः परिभाषित करने के लिए समर्पित है। सड़क सुरक्षा टूल्स में क्रांतिकारी बदलाव लाने और सड़क जागरूकता को एक स्टैंडर्ड प्रैक्टिस के रूप में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध, पैरासेफ ने जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षा में सुधार के लिए कार्रवाई योग्य जानकारी प्रदान करने के लिए व्यापक शोध किया है और श्वेत पत्र प्रकाशित किए हैं। 2022 में, सड़क दुर्घटनाओं ने दुखद रूप से 1.68 लाख लोगों की जान ले ली। वाहन टेक्नोलॉजी और बुनियादी ढाँचे में महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद, मूल कारण अभी भी बने हुए हैं जो हैं- अज्ञानता (65 प्रतिशत) और कानूनों का कमजोर अमल (52 प्रतिशत)। पैरासेफ की रिपोर्ट इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डालती है, जिसमें टियर 2 और टियर 3 शहरों में सड़क सुरक्षा जागरूकता और अभ्यास की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया है। पैरासेफ के सीईओ राजेश पोद्दार ने रिपोर्ट के निष्कर्षों पर कहा, उद्योग जगत के अग्रणी के रूप में, सभी स्टेकहोल्डरों- सरकार, उद्योग और नागरिकों के बीच जवाबदेही को बढ़ावा देना हमारी जिम्मेदारी है। निष्कर्षों से पता चलता है कि सड़क सुरक्षा तैयारियों में अंतराल को पाटने की तत्काल आवश्यकता है। पैरासेफ में, हम मानते हैं कि प्राथमिक चिकित्सा किट और हार्नेस जैसे आवश्यक सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता और पहुँच दुर्घटनाओं को काफी हद तक कम कर सकती है। अब समय आ गया है कि हम भारत की सड़कों पर हर यात्रा को सुरक्षित और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए एकजुट हों।

**फास्ट न्यूज**

## तरनतारन में मुठभेड़ के बाद आतंकी लांडा के दो गुर्गे गिरफ्तार

**चंडीगढ़:** पंजाब पुलिस के एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और तरनतारन पुलिस की टीम ने शुक्रवार की अल सुबह मुठभेड़ के बाद आतंकी लांडा हरिके के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से दो पिस्तौल बरामद की हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स पंजाब व तरनतारन पुलिस के एक संयुक्त ऑपरेशन में आतंकवादी लांडा हरिके और गैंगस्टर सत्ता नौशेरा के दो प्रमुख सहयोगियों को युवराज उर्फ जग्गू और महकप्रीत उर्फ महक को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी जवंदा गांव, तरन तारन के पास से एक मुठभेड़ के बाद की गई है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में दोनों गुर्गों को गोली लगी है, जिन्हें पुलिस सुरक्षा में इलाज के लिए सिविल अस्पताल तरनतारन में भर्ती कराया गया है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उन्हें तुरंत अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और उनसे पूछताछ की जाएगी कि इनका लांडा से किस तरह से संबंध था और उन्हें हथियार किसने मुहैया कराए। पुलिस ने पिस्तौल व कारतूस बरामद किए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि दोनों बदमाश पंजाब का माहौल खराब करने के लिए टारगेट किलिंग करने की फिराक में थे।

## मालदा में राहत शिविर में पहुंचीं महिला आयोग की अध्यक्ष

**कोलकाता।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा ज़िले के बैष्णबनगर इलाके में स्थित एक राहत शिविर का दौरा किया और हाल ही में मुर्शिदाबाद में हुए साम्प्रदायिक दंगों के बाद विस्थापित हुई महिलाओं से मुलाकात की। शिविर में महिलाओं की स्थिति देखकर रहाटकर स्तब्ध रह गईं और उन्होंने राज्य सरकार पर कड़े सवाल खड़े किए। पारालालपुर हाई स्कूल में बने राहत शिविर के दौरे के बाद मीडिया से बात करते हुए रहाटकर ने कहा, ह्लमैंने यहां महिलाओं और बच्चों से बातचीत की है। उन्होंने जो हालात झेले हैं, वह कल्पना से परे है। उन्हें जबरन घरों से निकाला गया, बच्चों के साथ भी अत्याचार हुआ। प्रशासन पूरी तरह विफल नजर आ रहा है। एनसीडब्ल्यू सदस्य अर्चना मजूमदार ने आरोप लगाया कि कई महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की गई और उन्हें जबरन उनके घरों से बाहर निकाल दिया गया। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा, राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वो अपने नागरिकों को सुरक्षा दे। लेकिन यहां तो स्थिति भयावह है। क्या तृणमूल कांग्रेस की सरकार बंगाल को दूसरा बांग्लादेश बनाना चाहती है?

# चिकित्सक की सबसे बड़ी पहचान उसकी संवेदना: मुख्यमंत्री

**एम्स गोरखपुर में 500 बेड की क्षमता वाले विश्राम सदन का शिलान्यास किया, चिकित्सक की संवेदना से दूर हो जाती है मरीज की आधी बीमारी**

**शिलान्यास**

▸▸ डॉक्टरों को यह नसीहत भी दी की वे बेवजह मरीजों को हायर सेंटर रेफर करने की प्रवृत्ति से बचें



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक चिकित्सक की सबसे बड़ी पहचान उसकी संवेदना होती है। यदि किसी डॉक्टर के मन में संवेदना नहीं है तो वह डॉक्टर कहलाने का अधिकारी है या नहीं, इस पर विचार होना चाहिए। उसकी पहचान ही संवेदना से है। चिकित्सक की संवेदना गंभीर से गंभीर मरीज की आधी बीमारी को दूर कर सकती है। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा संस्थानों के डॉक्टरों को यह नसीहत भी दी की वे बेवजह मरीजों को हायर सेंटर रेफर करने की प्रवृत्ति से बचें और मरीज को क्रिटिकल केयर उपलब्ध कराने में रिस्क लेने की आदत डालें। सीएम योगी शुक्रवार दोपहर बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के परिसर में 500 लोगों की क्षमता वाले विश्राम सदन (रैन बसेरे) का भूमि पूजन-शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। 44.34 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह विश्राम सदन पूर्वी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा विश्राम सदन होगा। इसका निर्माण पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर निधि से कराया जा रहा। शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी चिकित्सा संस्थान डॉक्टर के व्यवहार के माध्यम से संवेदना का केंद्र भी होता है। संवेदना के इस केंद्र में अगर एक मरीज भर्ती होने आता है तो उसके साथ कम से कम 3 या 4 अटेंडेंट होते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में तो कई बार अटेंडेंट की संख्या 10 तक हो जाती है। ऐसे में मरीज के साथ आने वाले अटेंडेंट को आश्रय की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए।

**'संस्थानों में अटेंडेंट के लिए व्यवस्था होनी ही चाहिए'**

**मुख्यमंत्री** ने करीब डेढ़ वर्ष पहले लखनऊ में एसजीपीजीआई के अपने दौरे के दौरान सड़कों पर बड़ी संख्या में लोगों को देख उनकी व्यवस्था के लिए अटेंडेंट शेल्टर होम बनाने के निर्देश दिए थे। मन में आया कि एसजीपीजीआई, केजीएमयू, बीएचयू में और एम्स गोरखपुर में पेशेंट अटेंडेंट के लिए कोई केंद्र बनने चाहिए। इसकी जिम्मेदारी अवनीश अवस्थी को दी गई। उन्होंने प्रयास शुरू किए तो पेट्रोलियम मिनिस्ट्री ने एसजीपीजीआई, केजीएमयू और आरएमएल के लिए तीन रैन बसेरे दिए। पावर मिनिस्ट्री के सहयोग से एम्स गोरखपुर के लिए रैन बसेरा स्वीकृत हुआ।

**याद दिलाया तीमारदारों के भोजन के लिए रियायती मॉडल**

अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 20 साल पहले इंसेफेलाइटिस के पीक समय में शुरू किए गए तीमारदारों के भोजन के लिए रियायती मॉडल का भी उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि 500 बेड के विश्राम सदन के शिलान्यास के साथ ही गोरखपुर एम्स को एक नई उपलब्धि प्राप्त हुई है।

**वटवृक्ष वन चुका है 2016 में एम्स के रूप में रोपा गया बीज**

मुख्यमंत्री ने कहा कि एम्स गोरखपुर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई 2016 में किया था। 2019 में एम्स गोरखपुर का पहला मैच एडमिशन लिया था और 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस एम्स का लोकार्पण किया था। 2016 में जो बीज एम्स के रूप में गोरखपुर में रोपा गया था, आज वह एक वटवृक्ष बनकर हजारों पीड़ितों को आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, एक नया जीवनदान देने का केंद्र बन गया है।

## गरीब मुस्लिम वर्ग के कल्याण में होगा वक्फ संपत्तियों का उपयोग: धामी



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भाजपा "गरीबों का हक सिर्फ गरीबों को मिलेगा" संदेश के साथ वक्फ जनजागरण अभियान चलाने जा रही है। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की प्रदेश कार्यशाला में शामिल हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वक्फ संशोधन से सरकार सुनिश्चित कराएगी कि वक्फ का उपयोग गरीब, पसमांदा भाइयों और मुस्लिम बहनों के कल्याण में हो। वहीं इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम कहा कि वक्फ की जो भी जमीनें अवैध कब्जों से मुक्त होंगी, उन पर गरीब और मुस्लिम महिलाओं के लिए पीएम आवास बनाए जाएंगे। 20 अप्रैल से 5 मई तक चलने वाले इस अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। दो सत्रों में हुई इस कार्यशाला में मुख्यमंत्री धामी ने उद्घाटन सत्र में इस कानून में सरकारों की भूमिका और दूसरे सत्र में प्रदेश प्रभारी गौतम ने इसके सभी कानूनी, सामाजिक और राजनैतिक बिंदुओं पर चर्चा की। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ऐतिहासिक और युग परिवर्तनकारी निर्णय ले रहा है, जिसकी एक बानगी वक्फ संशोधन कानून है। जो सर्वधर्म, सद्भाव, समरसता, समानता, न्याय की भावना और सबका साथ, सबका विकास और सबके प्रयास के सिद्धांत पर आधारित है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि किसी की भी धार्मिक स्वतंत्रता पर आंच नहीं आएगी और एक-एक इंच जमीन की देखभाल की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कानून का सर्वाधिक लाभ मुस्लिम समाज में गरीबों, तलाकशुदा और विधवा महिलाओं, अनाथ बच्चों और जरूरतमंद लोगों को मिलने वाला है। उन्होंने विरोध करने वाले विपक्ष की मंशा पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि लाखों करोड़ की प्रॉपर्टी के बावजूद क्यों इसके माध्यम से गरीबों की मदद नहीं की गई। हम सब पार्टी कार्यकर्ताओं को इस कानूनी सुधार की विस्तृत जानकारी आम जनता तक पहुंचानी है ताकि विपक्ष की भ्रमित और भय पैदा करने की राजनीति पर पूरी तरह लगाम लगे। उन्होंने प्रदेश की वक्फ संपत्तियों का जिक्र करते हुए कहा कि लगभग 5700 संपत्तियां वक्फ में दर्ज हैं जिनका पूरे सत्यापन से रिकॉर्ड बनाकर गहन जांच पड़ताल की जाएगी।

**जनजागरण**

▸▸ भाजपा "गरीबों का हक सिर्फ गरीबों को मिलेगा" संदेश के साथ वक्फ जनजागरण अभियान चलाने जा रही

## बिल्डिंग से गिरी ईट, बच्ची की मौत

**कानपुर।** बेकनगंज थाना अंतर्गत निर्माणाधीन पांच मंजिला ईमारत से ईंट गिरने की वजह से तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इमारत के ठेकेदार व मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हीरामन पुरवा निवासी गुलाम अली मजदूरी करते हैं। घर में पत्नी शकीला और तीन बच्चों के साथ रहते हैं। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को जब उनकी तीन साल की बेटी लामिया अपने भाई बहनों के साथ घर के बाहर खेल रही थी। घर के पास ही हाजी नवाब की पांच मंजिला भवन का निर्माण हो रहा है।

## अमेरिका में गिरफ्तार हैप्पी को भारत लाने की कार्रवाई शुरू




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पंजाब के मोस्टवांटेड आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया को भारत लाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। बहुत जल्द ही हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियां को भारत लाया जाएगा। पासिया को अमेरिका में जांच एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया है। पासिया के आने के बाद पंजाब में कई ग्रेनेड हमलों की गुत्थी सुलझ सकती है। एफबीआई की ओर से हैप्पी पासिया की गिरफ्तारी का अधिकारिक ऐलान किए जाने के बाद शुक्रवार को पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने चंडीगढ़ में पत्रकारों से वार्ता की। डीजीवी यादव ने कहा कि हैप्पी पासियां के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट पर आधारित पूरा डोजियर पंजाब पुलिस ने ही एनआईए तथा अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों को सौंपा था। केंद्रीय जांच एजेंसियों ने अपनी सूचना के आधार पर इसे यूएस की एजेंसियों को दिया था। उसके बाद हैप्पी पासिया की गिरफ्तारी हो सकी थी। डीजीपी ने बताया कि पासिया की गिरफ्तारी के बाद पंजाब पुलिस ने केन्द्रीय एजेंसियों से बात की है और आरोपित पासिया को जल्द से जल्द डिपोर्ट करवाकर भारत लाने के लिए विमर्श किया। पंजाब पुलिस को कई केसों में आरोपित पासिया से पूछताछ करेगी। डीजीपी ने बताया कि हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया पंजाब के अमृतसर का रहने वाला है और उसने अपराध की दुनिया में गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया के साथ मिलकर कदम रखा था।

**काबू किया**

▸▸ हैप्पी पासिया के अरेस्ट होने से पंजाब में ग्रेनेड हमलों समेत कई घटनाओं की गुत्थी सुलझने की उम्मीद




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर, श्रीनगर में आयोजित छात्रसंघ उद्घाटन समारोह 2024-25 में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स अवसर पर मुख्यमंत्री

## आर्थिक विकास के लिए योगी सरकार बनी टर्निंग पॉइंट



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** आर्थिक विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल हुई हैं। उत्तर प्रदेश, जो कभी विकास की दौड़ में पिछड़ गया था, आज पूरी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 1950 से लेकर 2017 तक प्रदेश की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) केवल 12.75 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच पाई थी। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी नीतियों और निर्णायक नेतृत्व की बदौलत यह आंकड़ा 2024-25 में दोगुना से अधिक होकर 27.51 लाख करोड़ रुपए के करीब पहुंचा है। यही नहीं, आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश ने 30.77 लाख करोड़ रुपए के जीएसडीपी लक्ष्य को भी निर्धारित किया है।

**योगी का आर्थिक मॉडल तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर**

2023-24 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत रही, वहीं उत्तर प्रदेश ने 11.6 प्रतिशत की दर से ग्रोथ दर्ज कर देश के अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया। यह स्पष्ट संकेत है कि मुख्यमंत्री योगी का आर्थिक मॉडल तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर है। प्रदेश की यह प्रगति दशार्ती है कि पहले की सरकारों की उपेक्षा के कारण उत्तर प्रदेश वर्षों तक विकास की दौड़ में पिछड़ता रहा। लेकिन अब वही

## यूपीसीडा की 48वीं बोर्ड बैठक में 2025-26 का 6190 करोड़ का बजट पारित

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से यूपीसीडा (उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण) की 48वीं बोर्ड बैठक शुक्रवार को लोक भवन, लखनऊ में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए 6190 करोड़ के बजट को मंजूरी दी गई, औद्योगिक क्षेत्रों को उनकी विकास गति के आधार पर पुनर्गठित किया गया, एक्स-लीडा के मास्टर प्लान 2041 को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया।

**व्यवस्था** यह दल धाम में विभिन्न तैयारियों को अंतिम रूप देगा और यात्रियों के लिए सुविधाओं का विस्तार करेगा।

## बीकेटीसी का 18 सदस्यीय अग्रिम दल केदारनाथ धाम के लिए रवाना



**टीम एक्शन इंडिया**
**रुद्रप्रयाग/उखीमठ।** केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पूर्व व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के लिए बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) का एक दल शुक्रवार को केदारनाथ पहुंचा। इस 18 सदस्यीय दल का नेतृत्व मंदिर समिति के सहायक अभियंता एवं प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली ने किया। यह दल धाम में विभिन्न तैयारियों को अंतिम रूप देगा और यात्रियों के लिए सुविधाओं का विस्तार करेगा। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने शुक्रवार को बताया कि पंचकेदार गद्दस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से 18 सदस्यीय एक दल आज केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान हुआ है। शाम तक अग्रिम दल केदारनाथ धाम पहुंचा। यह दल केदारनाथ धाम में मंदिर के बाहरी परिसर में आवश्यक मरम्मत कार्य, विद्युत, जलापूर्ति, रंग-रोगंन सोंदर्यीकरण, तथा दर्शन पंक्ति में सुधारीकरण, रैन शैल्टर आदि कार्य सुनिश्चित करेगा। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि केदारनाथ धाम को रवाना हुए अग्रिम दल में अभियंता, वर्क सुपरवाइजर, भंडार प्रभारी, विद्युत कर्मी, प्लंबर, स्वयं सेवक, स्वच्छक, बेलदार एवं मजदूर शामिल हैं। इस अग्रिम दल में सहायक अभियंता/प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली के अलावा वैद्य लोकेन्द्र रूवाड़ी, भंडार प्रभारी उमेश शुक्ला, अवर अभियंता विपिन कुमार, विद्युतकर्मी जगमोहन पंवार, नवीन बर्त्वाल, सुपरवाइजर किशोर कन्हैया, स्वयंसेवक भोला कुंवर, आलोक बजवाल, दीपक सिंह राणा, सौरभ सिंह, अनिल पंवार, विनोद कोटवाल, देवेश सिंह, अनूप सिंह, बेलदार ठयाडे साही, स्वच्छक श्रीकान्त और मल्लू आदि शामिल हैं।

www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें




H.O: Action Balaji House, Majlis Park, Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road, Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925